


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

भोपाल, गुरुवार 18 सितंबर 2025



11 गरजा स्मृति का बल्ला, 77 गेंद में ...





व्यापार पेज

05 देश के प्रतिभावान विद्यार्थियों...


**पीएम ने किया शिलान्यास:** धार में देश के पहले पीएम मित्र पार्क से अर्थव्यवस्था को मिलेगा नया आधार, तीन लाख युवाओं को रोजगार

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा-आप जो भी बेचें, वह देश में ही बना होना चाहिए, हर दुकान पर बोर्ड हो, गर्व से कहो- यह स्वदेशी है

# धार से 'स्वदेशी का शंखनाद'

## कारीगरों का हुनर अब पहुंचेगा वैश्विक बाजार स्वदेशी ही बनेगा विकसित भारत का आधार

**मोदी ने 'एक बगिया मां के नाम' अभियान के तहत स्व-सहायता समूह की दीदी श्रीमती लक्ष्मी डोडियार को अमरूद का पौधा भेंट किया**

**सुश्री आराधना कलमी को एक करोड़वां सिकल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग कार्ड प्रदान किया**



रोड शो में जनता का अभिवादन करते पीएम मोदी

प्रधानमंत्री मोदी ने मप्र के धार जिले से ट्रंप टैरिफ का जवाब स्वदेशी सामान खरीदने की अपील करके दिया। उन्होंने कहा कि आप जो भी खरीदें, वह देश में ही बना होना चाहिए। उसमें देशवासी के पसीने की खुशबू और देश की माटी की महक होनी चाहिए



मोदी ने मंच के पीछे बने स्वास्थ्य जांच शिविर में नन्ही बिटिया जाश्वी वर्मा को गोद में लेकर खूब दुलार किया



प्रधानमंत्री मोदी का राज्यपाल मंगुभाई पटेल, सीएम डॉ. यादव व पार्टी प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल अभिवादन करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶धार/भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मप्र के धार जिले से ट्रंप टैरिफ का जवाब स्वदेशी सामान खरीदने की अपील करके दिया। उन्होंने कहा कि आप जो भी खरीदें, वह देश में ही बना होना चाहिए। उसमें देशवासी के पसीने की खुशबू और देश की माटी की महक होनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि आप जो भी बेचें, वह देश में ही बना होना चाहिए।

हर दुकान पर बोर्ड हो, गर्व से कहो- यह स्वदेशी है। उन्होंने लोगों से नारा भी लगवाया कि गर्व से कहो, यह स्वदेशी है। प्रधानमंत्री मोदी देश के पहले पीएम मित्र पार्क (पीएम मेगा इंटीग्रेटेड टैक्सटाइल रीजन एंड अपैरल) की सौगात देने बुधवार को धार जिले के भैंसोला गांव ▶▶शेष पेज 4 पर

### तीन बड़े अभियानों को भी किया लांच

प्रधानमंत्री मोदी ने यहां पीएम मित्र पार्क का शिलान्यास किया साथ ही राष्ट्रीय 'स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार' महाअभियान, आठवें 'राष्ट्रीय पोषण माह', 'आदि सेवा पर्व' का शुभारंभ कर 'सुमन सखी चैटबॉट' को लांच किया। प्रधानमंत्री ने 'प्रधानमंत्री मातृ वंदना' योजना के तहत देशभर की 15 लाख से अधिक महिला हितग्राहियों को 450 करोड़ रुपए से अधिक की प्रसूति सहायता राशि सिंगल क्लिक के जरिए उनके खाते में अंतरित की। मोदी ने 'एक बगिया मां के नाम' अभियान के तहत स्व-सहायता समूह की दीदी श्रीमती ▶▶शेष पेज 4 पर

## पीएम मित्र पार्क देश के विकास का नया ताना-बाना बुनेगा

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पार्क पूरे मप्र के विकास को नई गति देगा। यहां होने वाले निवेश से प्रदेश की अर्थव्यवस्था एक नए दौर में प्रवेश करेगी। मप्र विकास की नई इबारत भी लिखेगा। उन्होंने कहा कि कपड़ा उद्योग से ही देश के विकास को नई मजबूती मिलेगी। पीएम मित्र पार्क देश की टैक्सटाइल इंडस्ट्री में नए ट्रांसफॉर्मेशन की राह खोलेगा। उन्होंने यह भी बताया कि देश में 7 पीएम मित्र पार्क स्थापित करने जा रहे हैं और इनके जरिए हम भारत को विश्व का टैक्सटाइल-हब बनाएंगे। इन पीएम मित्र पार्कों में बुना जाने वाला धागा, सिर्फ किसानों का ही नहीं, बल्कि पूरे देश के विकास का नया ताना-बाना बुनेगा। महेश्वरी साड़ी मप्र की पहचान रही है। धार में पीएम मित्र पार्क के माध्यम से हम देवी अहिल्याबाई नारी सशक्तिकरण मिशन को आगे बढ़ा रहे हैं। मप्र में उच्च कोटि का कपास उपलब्ध है। पीएम मित्र पार्क की 80 प्रतिशत जमीन निवेशक कंपनियों को आवंटित की जा चुकी है। फाइव-एफ विजन - 'फार्म टू फाइबर, फाइबर टू फैक्ट्री, फैक्ट्री टू फैशन और फैशन से फॉरेन' पर काम जारी है।



### 2 अक्टूबर तक देशभर में 1 लाख स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन

प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन के तहत सुश्री आराधना कलमी को एक करोड़वां सिकल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग कार्ड प्रदान किया। स्वस्थ नारी सशक्त परिवार महाअभियान के तहत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक देशभर में 1 लाख से अधिक स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

### सीएम डॉ. यादव ने कहा...पीएम मोदी ने गरीबों के जीवन में सुख-सुविधा और सम्मान दिया

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि बीते 11 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने वह ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं, जो कभी कल्पना मात्र लगती थीं। जिस भारत की प्रगति को दुनिया असंभव मानती थी, वह प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व ने 'मोदी है तो मुमकिन है' की प्रतिबद्धता ने कर दिखाई। देश की बुनियादी सुविधाओं से लेकर बड़ी से बड़ी दुविधाओं का हल उन्होंने निकाला है। भारत की काया पलट दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर याद आ रहा है कि जिस तरह भगवान विश्वकर्मा ने सृष्टि को गढ़ा, उसी तरह प्रधानमंत्री मोदी आत्मनिर्भर, सक्षम और विकसित भारत की नींव रखकर नए भारत का निर्माण कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज भारत की ताकत दुनिया देख रही है। यह प्रधानमंत्री मोदी की सशक्त विदेश नीति और सक्रिय कूटनीतिक प्रयासों से संभव हुआ है। उनके नेतृत्व में भारत ने रक्षा और सुरक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। सर्जिकल स्ट्राइक और आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस ने विश्व का परिचय नए भारत से कराया है। भारत अगर बहनों के स्वाभिमान के लिए 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसी सख्त कार्रवाई करता है, तो यह प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और भारतीय सेना के सामर्थ्य से ही संभव हो सका है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में श्रीरामलला भव्य मंदिर में विराजित हुए हैं। जम्मू-कश्मीर में देश का सबसे ऊंचा ब्रिज बना है। आजादी के 78 साल बाद मिजोरम में ट्रेन पहुंची है। यूपीआई पूरी दुनिया को हैरान करता है। गरीबों के जीवन में सुख, सुविधा और सम्मान लौटा है। ▶▶पढ़ें पेज 02 भी

## मुकेश अंबानी... 2047 तक देश का नेतृत्व करें मोदी, वे अवतार पुरुष



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन पर उद्योगपति मुकेश अंबानी ने बधाई दी है। उन्होंने कामना की, कि पीएम मोदी 2047 तक यूं ही देश का नेतृत्व करते रहें। अंबानी ने पीएम को अवतार पुरुष बताते हुए कहा कि यह संयोग नहीं है कि पीएम मोदी का अमृत महोत्सव भी तब आया है, जब देश की आजादी का अमृत काल चल रहा है। ईश्वर ने खुद पीएम नरेंद्र मोदी को अवतार पुरुष के तौर पर भेजा है ताकि वे ▶▶शेष पेज 4 पर

## व्लादिमीर पुतिन ...भारत और रूस संबंधों को मजबूत करने में दिया योगदान



**मॉस्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बुधवार को प्रधानमंत्री मोदी को उनके 75वें जन्मदिन पर बधाई दी। पुतिन ने मॉस्को तथा नई दिल्ली के बीच साझेदारी को मजबूत करने में उनके अत्यंत व्यक्तिगत योगदान की सराहना की। पुतिन ने कहा कि आप हमारे देशों के बीच विशेष रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने तथा विभिन्न क्षेत्रों में पारस्परिक रूप से लाभकारी रूसी-भारतीय सहयोग विकसित करने ▶▶शेष पेज 4 पर

## जॉर्जिया मेलोनी...उनकी शक्ति उनका दृढ़ संकल्प प्रेरणा का स्रोत



**रोम।** इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने भी पीएम मोदी को जन्मदिन की बधाई दी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पीएम मोदी के लिए एक खास संदेश लिखा और उनके लंबे और स्वस्थ जीवन की कामना की। मेलोनी ने लिखा कि उनकी शक्ति, उनका दृढ़ संकल्प और लाखों लोगों का नेतृत्व करने की उनकी क्षमता प्रेरणा का स्रोत है। मित्रता और सम्मान के साथ, मैं उनके ▶▶शेष पेज 4 पर

## रीवा सांसद जर्नादन मिश्रा...सांसद ने बच्चों को रगड़-रगड़कर नहलाया



**रीवा।** मोदी के 75वें जन्म दिवस के अवसर को भाजपा राष्ट्रव्यापी सेवा पखवाड़ा अभियान के रूप में मना रही है। रीवा जिले में इसकी शुरुआत रीवा संसदीय सीट से भाजपा सांसद जानर्दन मिश्रा ने अपने अलग अंदाज से की है। सांसद त्योंथर विधानसभा क्षेत्र के बड़ागांव पंचायत पहुंचे और गांव में रहने वाले मुसहर समाज के बच्चों को बुलवाया, जो शिक्षा से पूर्णतः अनभिज्ञ थे। सांसद ने बाकायदा अपने ▶▶शेष पेज 4 पर


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## वरुण बने दुनिया के नंबर एक टी20 गेंदबाज



**दुबई।** आईसीसी की ताजा टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजों की रैंकिंग में पहली बार नंबर एक स्थान हासिल कर लिया है। यह उपलब्धि हासिल करने वाले वह तीसरे भारतीय गेंदबाज बन गए हैं। आईसीसी ने एक बयान में कहा कि भारत के स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को 2025 में लगातार शानदार प्रदर्शन का इनाम मिला। वे आईसीसी पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय प्लेयर रैंकिंग में नंबर एक गेंदबाज बन गए हैं।

**नया ऑफिस** अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा

## नवरात्रि में शिफ्ट हो सकता है प्रधानमंत्री मोदी का दफ्तर

**यह साउथ ब्लॉक के पास ही प्लॉट नंबर 36/38 पर स्थित**



एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

प्रधानमंत्री कार्यालय नवरात्रि के दौरान साउथ ब्लॉक से शिफ्ट हो सकता है। 22 सितंबर से नवरात्रि शुरू हो रही है और इसी दौरान प्रधानमंत्री कार्यालय, कैबिनेट सचिवालय और राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय नए पते पर शिफ्ट हो सकता है।

वर्तमान में पीएमओ का पता रायसीना हिल्स पर स्थित राष्ट्रपति भवन के साउथ ब्लॉक में है। एग्ज़ीक्यूटिव एन्क्लेव परियोजना के तहत प्रधानमंत्री, कैबिनेट सचिवालय और राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय के नए कार्यालय तीन इमारतों में होंगे। इस प्रोजेक्ट पर काम लंबे समय से चल रहा था। पुरानी इमारत नई सुविधाओं से लैस नहीं थी, जगह की कमी भी एक समस्या बन रही थी, इसी वजह से अब इसे शिफ्ट किया जा रहा है। कुछ दिन पहले पीएम नरेंद्र मोदी ने कर्तव्य भवन ▶▶शेष पेज 4 पर

**बिहार चुनाव** से होगी इसकी शुरुआत

## अब ईवीएम में दिखेगी प्रत्याशी की रंगीन फोटो

**चुनाव आयोग ने नियमों में किया संशोधन**

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली




चुनाव आयोग (ईसीआई) ने ईवीएम बैलेट पेपर को अधिक स्पष्ट व आसानी से पढ़ने योग्य बनाने के लिए नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। अब ईवीएम पर उम्मीदवारों के नाम और चुनाव चिन्ह के साथ उनकी रंगीन फोटो भी प्रदर्शित की जाएगी। आयोग ने बिहार चुनाव से यह व्यवस्था लागू करने की तैयारी की है। चुनाव आयोग ने ईवीएम मतपत्र को स्पष्ट और पठनीय बनाने के लिए उसकी डिजाइन और मुद्रण शैली में बदलाव किया है। आयोग ने चुनाव संचालन नियम ▶▶शेष पेज 4 पर

### एक ही फोंट होगा

इसके अलावा सभी उम्मीदवारों और नोटा के नाम एक ही फॉन्ट प्रकार और फॉन्ट साइज में होंगे। ताकि यह आसानी से पढ़ने में आए। इसके अलावा ईवीएम मतपत्र 70 जीएसएम कागज पर मुद्रित किए जाएंगे। विधानसभा चुनाव के लिए तय आरजीबी गुलाबी रंग के कागज का इस्तेमाल किया जाएगा। इस कागज की गुणवत्ता भी बेहतर होगी।




### शीर्ष कोर्ट ने पूछा- विवाह समारोह में अश्लील गाने बजाए जाएं तो क्या यह मंदिर परिसर का सही उपयोग होगा

मैरिज हॉल बनाने के लिए मंदिरों को पैसा नहीं देते श्रद्धालु

## श्रद्धालुओं से मिले पैसे का इस्तेमाल विवाह मंडप बनाने के लिए नहीं कर सकते हैं मंदिर

**मंदिरों को मिले धन को सार्वजनिक या सरकारी धन नहीं मानने का हाई कोर्ट का आदेश बरकरार रखा** | **मंडप बनाने का सरकार का निर्णय धार्मिक उद्देश्यों की परिभाषा के अंतर्गत नहीं आता**

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंदिरों को मिले धन को सार्वजनिक या सरकारी धन नहीं मानने का मद्रास हाई कोर्ट का आदेश बरकरार रखते हुए मंगलवार को कहा कि श्रद्धालुओं से मिले पैसे का इस्तेमाल विवाह मंडप बनाने के लिए नहीं किया जा सकता।

मद्रास हाई कोर्ट की मदुरै पीठ ने उक्त आदेश के तहत तमिलनाडु में विभिन्न स्थानों पर स्थित पांच मंदिरों के पैसों से विवाह मंडप बनाने के सरकारी



आदेशों को रद कर दिया था। हाई कोर्ट ने 19 अगस्त को अपने आदेश में कहा था कि किराया हासिल करने के लिए विवाह मंडप बनाने का सरकार का निर्णय धार्मिक उद्देश्यों की परिभाषा के अंतर्गत नहीं आता। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस मेहता की पीठ ने हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई की। पीठ ने कहा- श्रद्धालु विवाह मंडप बनाने के लिए मंदिर को धन नहीं देते। यह धन मंदिर के सुधार के लिए उपयोग किया जा सकता है।

### धन का उपयोग शिक्षा और चिकित्सा संस्थानों जैसे धर्मार्थ कार्यों में करें

पीठ ने यह भी सवाल उठाया कि यदि मंदिर परिसर में विवाह समारोह के दौरान अश्लील गाने बजाए जाएं तो क्या यह मंदिर की भूमि का सही उपयोग होगा। सुप्रीम कोर्ट ने सुझाव दिया कि इस धन का उपयोग शिक्षा और चिकित्सा संस्थानों जैसे धर्मार्थ कार्यों के लिए किया जाना चाहिए। वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने याचिकाकर्ताओं का प्रतिनिधित्व किया। पीठ ने कहा कि यह देखना है कि सरकार का निर्णय सही था या गलत। हालांकि, कोर्ट ने इस मामले पर सुनवाई के लिए सहमति ▶▶शेष पेज 4 पर

# प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस पर शहरभर ने लिया सेवा-स्वच्छता का संकल्प

महिलाओं के स्वास्थ्य परामर्श, जांच, उपचार की रही विशेष व्यवस्था

## 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' अभियानः 140 स्वास्थ्य संस्थाओं में 20 हजार लोगों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' अभियान का शुभारंभ जेपी अस्पताल में सांसद आलोक शर्मा और विधायक भगवानदास सबनानी द्वारा किया। जिले की 140 स्वास्थ्य संस्थाओं में लगे शिविरों में 20 हजार से अधिक नागरिकों ने सेवाएं लीं। इसमें महिलाओं के लिए विशेष स्वास्थ्य परामर्श, जांच और उपचार की व्यवस्था की गई। 38 स्थानों पर रक्तदान शिविर भी लगे, जिनमें 800 से अधिक लोगों ने रक्तदान किया।



### एम्स भोपाल में विशेष नोडल टीम

*एम्स भोपाल में इस अभियान के तहत शिविर और जनजागरूकता कार्यक्रम होंगे। अध्यक्ष प्रो. अशोक कुमार महापात्रा और कार्यपालक निदेशक प्रो. माधवानंद कर की मौजूदगी में कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर उपनिदेशक संदेश कुमार जैन और डीन (अकादमिक) प्रो. डा. रजनीश जोशी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। अभियान के नोडल अधिकारी प्रो. डा. विकास गुप्ता (चिकित्साअधीक्षक) होंगे, जबकि कार्यक्रम संयोजक प्रो. डा. अरुण एम. कोकणे, प्रो. डा. अलकेशखुराना, प्रो. डा. रेखा लालवानी और डा. अनिंदो मजूमदार होंगे। अभियान के दौरान महिलाओं की स्वास्थ्य जांच, पोषण परामर्श, रक्तदान, मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता, असंचारी रोगों की स्क्रीनिंग और आयुष उपचार जैसी गतिविधियां होंगी।*

सीनियर डीसीएम ने किया स्वच्छता श्रमदान आयोजित

## मंडल रेल प्रबंधक ने कर्मचारियों को दिलाई स्वच्छता की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल में 'स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा 2025' का शुभारंभ मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय भोपाल में किया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी के नेतृत्व में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने स्वच्छता शपथ ली और रेलवे परिसरों को स्वच्छ बनाए रखने का संकल्प लिया। यह पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयोजित किया जा रहा है। इस अवधि में भोपाल मंडल के सभी रेलवे स्टेशनों, रेल यार्डों, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, रेलवे कॉलोनियों, रेल चिकित्सालयों तथा यात्री गाड़ियों में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा।



### भोपाल स्टेशन पर चलाया अभियान

*डीआरएम द्वारा रेलवे स्टेडियम व रेलवे कॉलोनी में स्वच्छता श्रमदान एवं मंडल कार्यालय में स्वच्छता शपथ तथा सीनियर डीसीएम द्वारा भोपाल रेलवे स्टेशन पर स्वच्छता श्रमदान किया गया। आज मंडल प्रमुख स्टेशनों व चिकित्सालयों में सफाई मित्रों के लिए सुरक्षा शिविर, स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा।*

स्वच्छता अभियान, पौधरोपण कार्यक्रम किया आयोजित


## दस नंबर मार्केट व्यापारियों ने रोपे 75 पौधे, साफ-सफाई की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को सेवा पखवाड़ा रुप में मनाते हुए दस नंबर मार्केट व्यापारी संघ के पदाधिकारियों ने पूर्व नगर निगम अध्यक्ष एवं स्वच्छ भारत अभियान के प्रदेश संयोजक सुरजीत सिंह चौहान के साथ मार्केट में स्वच्छता अभियान, पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर 75 पौधे रोपे एवं साफ सफाई की गई। साथ ही पर्यावरण की रक्षा के लिए संकल्प लिया गया। इस अवसर पर मार्केट के अध्यक्ष रामचंद्र पाटीदार, महासचिव हरीश चोथानी, आदि भी मौजूद रहे।

### स्वच्छता ही सेवा संकल्प




न्यू मार्केट व्यापार संरक्षण समिति(रजि.) द्वारा सेवा पखवाड़े के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा संकल्प के साथ रात्रिकालीन न्यू मार्केट स्मार्ट स्ट्रीट स्वच्छता के साथ निरंतर स्वच्छता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। साथ ही व्यापारी एवं ग्राहक मित्रों के लिए हेल्थ कैम्प का भी आयोजन किया जाएगा। नो टू पॉलीथिन एवं पौधरोपण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया जाएगा, केवल स्वदेशी उत्पाद ही क्रय विक्रय हो उस हेतु जागरुकता शिविरों का आयोजन भी न्यू मार्केट में किया जाएगा। सरकार द्वारा एमएसएमई ग्रोथ की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी व्यापारियों को शिविर एवम सोशल मीडिया द्वारा प्रदान की जाएगी

**अजय देवनानी उपाध्यक्ष**, न्यू मार्केट व्यापार संरक्षण समिति

### कॉर्पोरेट सेफ्टी राइडिंग एवं ट्रैफिक अवेयरनेस एक्टिविटी आयोजित

सेवा पखवाड़े में हमारी निजी संस्था ओम ऑटो होंडा और फाडा मिलकर 19 सितंबर को ओम ऑटो होंडा के शोरूम में एक कॉर्पोरेट सेफ्टी राइडिंग एवं ट्रैफिक अवेयरनेस एक्टिविटी आयोजित कर रहा हैं। इसमें कॉर्पोरेट जगत के 28 कर्मचारियों द्वारा रोड सेफ्टी के बारे में जनमानस को बताया जाएगा। इस दरमियान यह भी बताया जाएगा की सीरियस एक्सीडेंट से प्रभावित व्यक्ति को रोड पर सहायता कैसे दी जाए।

**आशीष पांडेय**, अध्यक्ष, भोपाल ऑटोमोबाइल एसोसिएशन



कॉलेज के गोद लिए गए ग्राम छावनी पठार में सेवा पखवाड़े की शुरुआत

## स्वच्छता से स्वस्थ समाज का निर्माण होता है, युवा इसमें निभा रहे महत्वपूर्ण भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल द्वारा गोद लिए गए ग्राम छावनी पठार में सेवा पखवाड़े का शुभारंभ किया गया। प्राचार्य डा संजय जैन ने छात्र छात्राओं एवं स्थानीय नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता से स्वस्थ समाज का निर्माण होता है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए स्वच्छ भारत अभियान के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाना ही इस पखवाड़े का मुख्य उद्देश्य है। युवा पीढ़ी इसमे महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

युवा ही देश का भविष्य है, और यदि वे स्वच्छता को जीवन का हिस्सा बना लें तो पूरा समाज स्वस्थ, सुंदर और जागरूक बन सकता है। उन्होंने ग्रामवासियों से भी आह्वान किया कि स्वच्छता को केवल एक दिवस का कार्य न मानकर इसे सतत रूप से अपनाएं।

स्वच्छ वातावरण में ही अच्छे संस्कार, उत्तम स्वास्थ्य और सकारात्मक सोच का विकास संभव है। इस अवसर पर ग्राम छावनी पठार में स्वच्छता रैली में छात्र-छात्राओं ने नारों और तख्तियों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया और पूरे ग्राम में स्वच्छता का संदेश फैलाया।



### यह रहे उपस्थित

महाविद्यालय के डॉ.कमलेश सिंह नेगी, एनएसएस महिला इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ.गीता चौहान, एनसीसी अधिकारी डॉ. वर्षा चौहान सहित महाविद्यालय के छात्र, छात्राएं एवं शासकीय हाईस्कूल नवीन छावनी पठार की प्राचार्य सुषमा मिश्रा के साथ विद्यालय का स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने सहभागिता की। यह आयोजन 2 अक्टूबर तक सतत रूप से जारी रहेगा।

## हमीदिया अस्पताल में ब्लड डोनेशन कैंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हमीदिया अस्पताल में बुधवार को 'स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार' अभियान के शुभारंभ अवसर पर ब्लड डोनेशन कैंप लगाया गया। इसकी शुरूआत अधीक्षक डॉ. सुनीत टंडन ने खुद रक्तदान करके की। हमीदिया की ब्लड बैंक ने अस्पताल सहित तीन अन्य जगहों पर भी कैंप लगाए, जहां करीब 150 यूनिट रक्त एकत्र हुआ। वहीं स्त्री रोग विभाग ने सर्वाइकल कैंसर की जांच की। इसमें 315 महिलाओं की जांच की गई और संदिग्ध मरीजों को आगे के टेस्ट के लिए नई तारीख दी गई।





75वें जन्मदिन पर रोपे 75 पौधे

## कर्मचारी मंच ने पौधरोपण कर मनाया प्रधानमंत्री का जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच पदाधिकारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन पौधरोपण कर मनाया। कर्मचारियों ने कोलार के कान्हा कुंज पार्क में प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर पौधे लगाए। मंच के प्रदेश अध्यक्ष अशोक पांडे ने कहा कि देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के अवसर पर कर्मचारी मंच ने कन्हा कुंज पार्क भोपाल में फलदार एव छायादार 75 पौधों का रोपण किया है तथा देश एवं प्रदेश के नागरिकों को संदेश दिया है कि देश के प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद व विधायकों के जन्मदिन के अवसर पर पौधा रोपण करके उनके जन्मदिन को यादगार बनाएं।

## आयुर्वेद शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण

10वें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस सप्ताह और आरकेडीएफ ग्रुप के प्रेरणास्त्रोत स्वर्गीय डॉ. आरएन कपूर के जन्मदिवस पुण्य स्मृति व आरकेडीएफ विश्वविद्यालय की कुलाधिपति डॉ. साधना कपूर के जन्मदिवस के अवसर पर सर्वपल्ली राधाकृष्णन कॉलेज ऑफ आयुर्वेद हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर द्वारा बागसेवनिया में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण व चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। संस्था के प्राचार्य डॉ. राकेश पाण्डेय ने कहा कि अब आयुर्वेद जन-जन तक पहुंच रहा है और जनमानस स्वयं ही विश्वसनीयता के साथ आयुर्वेद की तरफ मुड़कर चिकित्सा लाभ ले रहा है।

*उद्गम लीडरशिप काउंसिल के महत्व को बताया छात्रों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया*

## आईईएचई: इंक्यूबेशन फाउंडेशन ने किया बैज सेरेमनी का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित आईईएचई में उद्यमिता को बढ़ावा देने और युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आईईएचई इंक्यूबेशन फाउंडेशन ने बुधवार को अपने ई-सेल (एंटरप्रेन्योरशिप सेल) के छात्रों के लिए एक बैज समारोह का आयोजन किया।

कार्यक्रम संस्थान के संचालक डॉ. प्रज्ञेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस विशेष अवसर पर यूएलसी (उद्गम लीडरशिप काउंसिल) के महत्व को बताया गया एवं ई-सेल द्वारा पिछले वर्ष की सभी गतिविधियों को दर्शाती अपनी वार्षिक न्यूज़लेटर का भी विमोचन किया।कार्यक्रम में इनक्यूबेशन सेंटर की नोडल अधिकारी, डॉ. निधि चौहान, ई-सेल के सदस्य, डॉ. मयंक वागडे सहित अन्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।

बीएमएचआरसी में 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' आयोजित

पोषण आहार का किया वितरण

## गुंडे-बदमाशों से लड़ने महिलाओं को दिया जाएगा प्रशिक्षणः सारंग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बीएमएचआरसी में 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' अभियान की शुरुआत हुई। सरकार में खेल, युवा एवं सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। उन्होंने टीबी के मरीजों को निक्षय मित्र योजना के तहत पोषण आहार वितरित किया। सिकल सेल से पीड़ित बच्चियों को स्टेशनरी किट और वंचित वर्ग की महिलाओं को औषधि किट वितरित किए। साथ ही सारंग से स्वास्थ्य केंद्र क्रमांक सात में लगाए गए स्वास्थ्य कैंप का भी अवलोकन और फिजियोथैरेपी की नवनिर्मित इकाई का लोकार्पण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सारंग ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए खतरा बने असामाजिक तत्वों को सबक सिखाने के लिए हर उम्र की महिलाओं को प्रशिक्षित करने का कार्यक्रम शुरू किया है। बीएमएचआरसी में महिला कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिलवाया जाएगा।

### मरीजों के लिए शुरू होगी ई-बस सुविधा

*बीएमएचआरसी की प्रभारी निदेशक डॉ मनीषा श्रीवास्तव ने कहा कि बीएमएचआरसी के स्वास्थ्य केंद्रों पर जल्द ही फिजियोथैरेपी की सुविधा शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान महिलाओं के हित में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है। बीएमएचआरसी ने बीते दो वर्षों से महिला स्वास्थ्य केंद्रित कई कार्यक्रम किए हैं। डॉ श्रीवास्तव ने कहा कि मरीजों को स्वास्थ्य केंद्रों से मुख्य अस्पताल तक लाने के लिए ई-बस सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी।*

***सांसद शर्मा आज करेंगे पोषण आहार वितरणः*** *18 सितंबर को सांसद आलोक शर्मा टीबी के मरीजों को पोषण आहार वितरित करने के लिए तैयार किए पोषण आहार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।*

17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक होगा संचालित

## महिलाओं को स्वस्थ रखने 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान'



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान' का उद्देश्य महिलाओं को स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित कराना है। यह अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक संचालित किया जाएगा। बुधवार को जिला आयुष अधिकारी के निर्देशानुसार जेपी अस्पताल में शासकीय होम्योपैथी आयुष विंग शासकीय जिला चिकित्सालय और शासकीय आयुर्वेद चिकित्सालय शिवाजी नगर द्वारा शिविर लगाया गया।




### शासकीय आयुर्वेद चिकित्सालय में हुआ आयोजन

यह अभियान महिलाओं के गैर-संचारी रोगों, एनीमिया, तपेदिक और सिकल सेल रोग की जंच, शीघ्र पहचान और उपचार संबंधों को मजबूत करेगा, साथ ही प्रसवपूर्व देखभाल, टीकाकरण, पोषण, मासिक धर्म स्वच्छता, जीवनशैली और मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता गतिविधियों के माध्यम से मातृ, शिशु और किशोर स्वास्थ्य को बढ़ावा देगा। साथ ही यह अभियान मोटापे की रोकथाम, बेहतर पोषण और स्वैच्छिक रक्तदान पर विशेष जोर दिया जाएगा। जिला आयुष अधिकारी भोपाल डॉ. अंतिम नालवय के निर्देश पर प्रभारी होम्योपेथी आयुष विंग डॉ. प्रीति तेलंग ने जेपी अस्पताल में शासकीय होम्योपेथी आयुष विंग शासकीय जिला चिकित्सालय और शासकीय आयुर्वेद चिकित्सालय शिवाजी नगर ने शिविर लगाया।

स्कूल में बच्चे खेल-खेल में करते हैं पढ़ाई, ड्रेस कोड में भी लागू

## शिक्षक दिलीप सिंह कटरे ने तैयार कराई कबाड़ के जुगाड़ से शैक्षणिक सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सिवनी जिले के शासकीय उन्नयन माध्यमिक शाला (ईपीईएस) भाटीवाड़ा में पदस्थ प्राथमिक शिक्षक दिलीप सिंह कटरे विद्यार्थियों को खेल-खेल में पढ़ाई कराते हैं। स्कूल में कबाड़ के जुगाड़ से शैक्षणिक सामग्री तैयार की गई हैं। इसके अलावा इस स्कूल में बकायदा ड्रेस कोड में भी लागू कराया गया। प्राथमिक शिक्षक दिलीप सिंह कटरे के अनुसार, वह स्कूल शिक्षा विभाग में 12 वर्षों से सेवाएं दे रहे हैं। शासकीय उन्नयन माध्यमिक शाला (ईपीईएस) भाटीवाड़ा में जब पदस्थापना हुई तो प्राथमिक शाला में बच्चों की संख्या मात्र 18 थी। आसपास के गांव में अभिभावकों को जागरूक किया।



### टीवी और टैबलेट के माध्यम से भी पढ़ाई

*शिक्षक दिलीप सिंह कटरे बताते हैं स्कूल में बच्चों को आसानी से विषयों का समझाया जा सके इसके लिए कबाड़ से शैक्षणिक सामग्री तैयार की है। जिससे बच्चे खेल-खेल में आसानी सीखते हैं। प्रत्येक शनिवार को स्कूल में शारीरिक व बौधिक विकास से जुड़ी गतिविधियां कराई जाती हैं। स्कूल में टीवी और टैबलेट के माध्यम से भी पढ़ाया जाता है। स्कूल भवन को जनसहयोग के माध्यम से बेहतर कराया गया है।*

35 वर्षों से ग्रामीण क्षेत्र में दे रहे हैं अपनी सेवाएं

100 फीसदी रहता है शिक्षक वाणी का परीक्षा परिणाम

## शिक्षक धनराज वाणी रस्सी, पेड़-पौधे, लकड़ी, पत्थर, आकृति से पढ़ाते हैं गणित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पुरस्कृत शिक्षक-

अलीराजपुर जिले के शासकीय माध्यमिक शाला उबलड़ में पदस्थ उच्च श्रेणी शिक्षक धनराज वाणी अपने नवाचार के लिए जाने जाते हैं। शिक्षक धनराज वाणी गणित विषय में विशेष रुचि रखते हैं। वह बच्चों को आसपास मौजूद संसाधनों जैंसे रस्सी, पेड़-पौधे, लकड़ी, पत्थर, विभिन्न आकृतियों के माध्यम से आसानी से गणित पढ़ाते हैं। इनके स्कूल का परीक्षा परिणाम 100 फीसदी रहता है। शिक्षक धनराज वाणी बताते हैं कि वह 35 वर्षों से स्कूल शिक्षा विभाग में सेवाएं दे रहे हैं।



### बच्चों में रुचि जागृत हुई और नामांकन में बढ़ोतरी हुई

*शिक्षक धनराज वाणी बताते हैं कि स्कूल में हमारे पास विशेष संसाधन नहीं होते हैं। ऐसे गणित को समझाना कठिन होता है। इसलिए मन में नवाचार के माध्यम से गणित पढ़ाने का विचार आया। आसपास मौजूद संसाधनों से पढ़ाना शुरू किया। जिसके परिणाम बेहतर आए। बच्चों में रूचि जागृत हुई और नामांकन में बढ़ोत्तरी हुई। शिक्षक धनराज वाणी कहना है कि उनका प्रयास यह रहता है कि कक्षा में बच्चे को विषय पूरी तरह समझ आना चाहिए। इसलिए सबसे पहला प्रयास बच्चों के लिए सहज होना*

भोपाल
गुरुवार, 18 सितंबर 2025
आश्विन मास कृष्ण पक्ष-12
वर्ष : 12, अंक : 169
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 29
न्यून. 23

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



84.85 मीटर की दूरी पर भाला फेंका

## वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचे नीरज चोपड़ा

पहले ही थ्रो में किया क्वालिफाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के स्टार जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने 84.85 मीटर की दूरी का भाला फेंककर टोक्यो में चल रही वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बना ली है। बुधवार को क्वालिफाइंग राउंड में नीरज चोपड़ा ने अपने पहले ही थ्रो में ये कमाल किया। दरअसल, 84.50 मीटर क्वालीफिकेशन मार्क था। लेकिन नीरज चोपड़ा ने 84.85 मीटर की दूरी का भाला फेंका। गुरुवार को फाइनल खेला जाएगा। जहां नीरज चोपड़ा और पाकिस्तान के अरशद नदीम का आमना-सामना हो सकता है। दिलचस्प बात यह रही कि नीरज चोपड़ा के अलावा किसी भी एथलीट ने पहले राउंड में सीधे क्वालीफिकेशन हासिल नहीं किया। बता दें कि नीरज चोपड़ा के ग्रुप में कुल 6 एथलीट हैं।

आर्थिक स्थिति से ज्यादा बच्चे का कल्याण और उसकी बेहतरी प्राथमिकता

कोर्ट ने खारिज किया पिता द्वारा आर्थिक सुविधा देने का तर्क

## पिता अमीर हो तो भी मां से नहीं छीने जाएंगे बच्चे

एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि किसी मां को केवल इसलिए बच्चे की कस्टडी से वंचित नहीं किया जा सकता क्योंकि वह आर्थिक रूप से पिता जितनी सक्षम नहीं है। कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि बच्चे की कस्टडी तय करते समय माता-पिता की आर्थिक स्थिति से ज्यादा बच्चे का कल्याण और उसकी बेहतरी प्राथमिकता होनी चाहिए।

### मां की भावनात्मक देखभाल कहीं अधिक



कोर्ट ने कहा कि मां की आर्थिक स्थिति कमजोर होने का मतलब यह नहीं है कि वह बच्चे की देखभाल करने में असमर्थ है। न्यायमूर्ति जावेद इकबाल वानी ने कहा कि बच्चों के लिए मां की भावनात्मक देखभाल और निरंतर संगति, पिता की आर्थिक संपन्नता से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। यह आदेश उस अपील पर आया जिसमें एक मां ने श्रीनगर की निचली अदालत के फैसले को चुनौती दी थी। ट्रायल कोर्ट ने मां द्वारा पूर्व में दिए गए एक आश्वासन का हवाला ▶▶ शेष पेज 4 पर

## माता-पिता के जीवित रहते दादा-दादी की संपत्ति में नहीं मांग सकते हिस्सा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने एक फैसले में कहा है कि माता-पिता के जीवित रहते दादा-दादी की संपत्ति में हिस्से का दावा नहीं किया जा सकता। हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 की धारा 8 के आधार पर यह फैसला दिया गया। न्यायमूर्ति पुरुषेंद्र कुमार कौरव की पीठ ने स्पष्ट किया कि यदि कोई पुरुष हिंदू बिना वसीयत के मृत्यु को प्राप्त होता है और उसके पीछे अनुसूची के प्रथम वर्ग में उल्लिखित वारिस छोड़ जाता है, तो उसकी संपत्ति केवल उन वारिसों को हस्तांतरित होगी।

### मुकदमा खारिज किया



कोर्ट ने कहा कि पोते-पोतियां, जो किसी मृत संतान के बच्चे नहीं हैं, प्रथम वर्ग के वारिसों की सूची में शामिल नहीं हैं। इस आधार पर, एक हिंदू महिला द्वारा अपने पिता और पितृ पक्ष की चाची के खिलाफ दायर मुकदमे को खारिज कर दिया गया, जिसमें उसने अपने मृत दादा की संपत्ति में हिस्से की मांग की थी। महिला ने तर्क दिया था कि संपत्ति ▶▶ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### नीट यूजी काउंसलिंग: राउंड 2 सीट आवंटन रिजल्ट जारी



**नई दिल्ली।** मेडिकल काउंसलिंग कमेटी (एमसीसी) ने नीट यूजी काउंसलिंग 2025 के लिए राउंड 2 सीट आवंटन परिणाम जारी कर दिया है। जिन उम्मीदवारों ने दूसरे राउंड के लिए पंजीकरण कराया है, वे एमसीसी के पोर्टल mcc.nic.in के माध्यम से अपना आवंटन रिजल्ट देख सकते हैं। इस राउंड में सीटें आवंटित किए गए उम्मीदवारों को 18 से 25 सितंबर, 2025 के बीच अपने संबंधित कॉलेजों में रिपोर्ट करना होगा।

### मुंह में कपड़ा ठूंसा, गला दबाया, मां-बच्चे की हत्या



**पन्ना।** अजयगढ़ थाना के माधोगंज इलाके मे मां और उसके मासूम बच्चे की निर्मम हत्या से इलाके मे हड़कंप मच गया माधोगंज के रहूनिया मे रहने वाली 25 वर्षीय सोनू कुशवाहा पति रामनारायण कुशवाहा व उसके 5 साल के मासूम बेटे की उसके घर पर अज्ञात हत्यारों ने घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। गुस्साए ग्रामीणों ने माधौगंज चौराहे पर चक्काजाम कर दिया। वे आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे।

### ट्रक ड्राइवर-हेल्पर 5 दिन की पुलिस रिमांड पर



**इंदौर।** 15 लोगों को कुचलने वाले ट्रक ड्राइवर गुलशेर खान और हेल्पर शंकर को बुधवार को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। दोनों का पांच दिन का रिमांड मांगा। इसे मंजूर करते हुए अदालत ने दोनों आरोपियों को 21 सितंबर तक पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। अब पुलिस दोनों से विस्तृत पूछताछ करेगी। एडिशनल डीसीपी आलोक शर्मा ने बताया कि गुलशेर और शंकर को सुबह 11 बजे कोर्ट में पेश किया गया।

आम उपभोक्ता पर डील का कोई असर नहीं होगा, सरकार ने रेड लाइन (कृषि और डेयरी) तय की हैं और अभी तक मेंटेन की है और आगे भी रखेगी

# भारत-यूएस ट्रेड डील: टैरिफ 50% से घटकर हो सकता है 10 से 15 प्रतिशत

*यूएस इंडस्ट्रियल पावर नहीं है। अमेरिका एग्रीकल्चर पावर है या इंडस्ट्री में बहुत हाई-टेक चीजें बनाता है- जैसे बोइंग। लेकिन सामान्य प्रोडक्ट्स जैसे टैक्सटाइल्स, लेदर, केमिकल्स में यूएस कहीं नहीं है*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के ट्रेड रिप्रेज़ेंटेटिव ऑफिस के अधिकारियों की एक टीम सोमवार रात नई दिल्ली पहुंची। 16 सितंबर को नई दिल्ली में अमेरिका के मुख्य वार्ताकार ब्रेंडन लिंच के नेतृत्व में हुई दिनभर की बातचीत के बाद भारत के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने कहा कि चर्चाएं सकारात्मक रहीं और दोनों पक्षों ने 'पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार समझौते के शीघ्र निष्कर्ष के लिए प्रयास तेज करने' का फैसला लिया है।

यह बातचीत उस दौर के बाद आगे बढ़ने के संकेत मानी जा रही है जब अमेरिका ने भारत पर 27 अगस्त से 25% अतिरिक्त टैरिफ लगा दिए थे। यह कदम भारत द्वारा रूसी तेल खरीदने के कारण उठाया गया था, जिसके चलते अमेरिका ने व्यापार वार्ता रोक दी थी। फिलहाल भारत पर ट्रंप ने कुल 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। ट्रेड डील पर दोनों देशों के बीच बातचीत जारी है, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के ▶▶ शेष पेज 4 पर

डील से 'मेक इन इंडिया' और 'वोकल फॉर लोकल' पर कोई असर नहीं पड़ेगा



*50 प्रतिशत टैरिफ लागू होने के बाद से भारत के एक्सपोर्ट पर असर पड़ा*

*कुल 20 प्रतिशत एक्सपोर्ट यूएस जाता है*

### अमेरिका की उम्मीद भारत 'फ्री फ्लो ऑफ डेटा' रखे

दुनिया के सबसे बड़े डेटा जेनरेटर देश चीन और भारत हैं। भारत अमेरिका के लिए सबसे बड़ा डेटा सप्लायर है, उनका जितना भी डिवेलपमेंट है जैसे कि सॉफ्टवेयर और आर्टिफिशियल, वो सब इंडिया से है और काफी महत्वपूर्ण है। इसलिए वो चाहते हैं कि भारत डेटा फ्लो पर कभी भी कोई प्रतिबंध, टैक्स ना लगाए। उनकी सबसे बड़ी उम्मीद है कि भारत 'फ्री फ्लो ऑफ डेटा' रखे। आरबीआई का नियम है कि फाइनेंस डेटा देश के सर्वर में ही रखा जाए, लेकिन अमेरिका ऐसा नहीं चाहता। इसलिए भारत को अपने हित में देखना चाहिए और दोनों पक्षों की सहमति से इसका एक हल देखना पड़ेगा। 'फ्री फ्लो ऑफ डेटा' से भारत का डिवेलपमेंट नहीं हो सकेगा।

### तो हमारे प्रोडक्ट्स यूएस में ज्यादा प्रतिस्पर्धी हो जाएंगे

ट्रंप ने सभी देशों के ऊपर टैरिफ लगाया है। लेकिन भारत और ब्राजील पर सबसे ज्यादा 50 प्रतिशत का टैरिफ लगाया है। चीन पर 30 प्रतिशत टैरिफ ही है। और मान लीजिए कि अगर ट्रेड डील होने के बाद भारत पर 15 प्रतिशत टैरिफ लगता है तो चीन समेत कई देशों पर लगा टैरिफ हमसे ▶▶ शेष पेज 4 पर

निर्मला सीतारमण ने कही बड़ी बात

### जीएसटी कटौती से लोगों के हाथ में आएंगे 2 लाख करोड़



जीएसटी में बदलाव के ऐलान के बाद से माना जा रहा है कि देश की अर्थव्यवस्था में पंख लग जाएंगे। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि जीएसटी में बदलाव से आम लोगों के पास 2 लाख करोड़ रुपए आएंगे। इससे लोग अपनी मर्जी से ज्यादा खर्च कर पाएंगे। विशाखापत्तनम में 'नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफॉर्म्स' पर एक कार्यक्रम में वित्त मंत्री ने यह बात कही।

स्टेट बैंक में हथियारबंद बदमाश घुसे

## कर्मचारियों को बनाया बंधक, 21 करोड़ का सोना व 1 करोड़ रु. लूटे

*बदमाश चालू खाता खोलने के बहाने बैंक में आए थे*



एजेंसी ▶▶ विजयपुरा (कर्नाटक)

तीन नकाबपोश बदमाश चालू खाता खोलने के बहाने बैंक में आए और मैनेजर, कैशियर और अन्य कर्मचारियों को पिस्तौल और चाकुओं से धमकाया।

गिरोह ने कर्मचारियों के हाथ-पैर बांध दिए। कर्नाटक में देसी पिस्तौल और चाकुओं से लैस तीन नकाबपोश बदमाशों ने विजयपुरा में भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में कथित तौर पर लूटपाट की। उन्होंने कर्मचारियों को बांधकर 21 करोड़ रुपए से ज्यादा के सोने के गहने लूटकर फरार हो गए। पुलिस ने बताया कि यह वारदात मंगलवार शाम लगभग 6.30 बजे विजयपुरा जिले के चाडचन कस्बे में स्थित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा में हुई। एफआईआर में कहा गया है कि वे एक करोड़ से ज्यादा की नकदी और लगभग 21 करोड़ रुपए मूल्य के लगभग 20 किलो सोने के आभूषण लेकर फरार हो गए। पुलिस ने बताया कि बैंक मैनेजर की शिकायत के आधार पर इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है और संदिग्धों को पकड़ने के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं। विजयपुरा के पुलिस ▶▶ शेष पेज 4 पर

केरल में दिमाग खाने वाले अमीबा का खतरा

## अब तक 19 लोगों की हुई मौत सीधे दिमाग पर करता है अटैक

*केरल में गंभीर बीमारी से दहशत*



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केरल से परेशान करने वाली खबर सामने आई है, यहां प्राथमिक अमीबिक मेनिंगोएन्सेफलाइटिस (पीएएम) के बढ़ते मामलों ने स्वास्थ्य अधिकारियों की चिंता बढ़ा दिया है। यह एक मस्तिष्क संक्रमण है जिसकी मृत्यु दर बहुत अधिक है। यह संक्रमण नेगलेरिया फाउलेरी के कारण होता है, जिसे आमतौर पर 'दिमाग खाने वाले अमीबा' के रूप में जाना जाता है। इस साल, केरल में पीएएम के 61 मामले सामने आए हैं और 19 मौतें दर्ज की गई ▶▶ शेष पेज 4 पर

### क्या है पीएएम?

पीएएम केंद्रीय तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करता है। इसमें कहा गया है, यह संक्रमण दिमाग के ऊतकों को नष्ट कर देता है, जिससे ज्यादातर मामलों में गंभीर मस्तिष्क सूजन और मृत्यु हो जाती है। पीएएम दुर्लभ है और आमतौर पर स्वस्थ बच्चों, किशोरों और युवा वयस्कों में होता है। दस्तावेज में गर्म, विशेष रूप से स्थिर, ताजा पानी को मस्तिष्क-भक्षी अमीबा के वाहक के रूप में चिह्नित किया गया है। इसमें कहा गया है, अमीबा का प्रवेश ▶▶ शेष पेज 4 पर

युवक की तलाश में जवान

## बालाघाट में नक्सलियों ने किया युवक का अपहरण

**बालाघाट।** जिले में नक्सलियों ने एक युवक का अपहरण कर लिया। नक्सली युवक का मोबाइल और बाइक छोड़कर चले गए। साथ ही वहां लाल स्याही से लिखा खत भी छोड़ा है। इसमें उन्होंने युवक पर पुलिस की मुखबिरी करने का आरोप लगाया है और उसे मौत की सजा देने की बात कही है। युवक की पहचान देवेंद्र यादव (22) के रूप में हुई है, जो लांजी थाना क्षेत्र के पोसेरा गांव का रहने वाला है। देवेंद्र के साथ अवधेश यादव ▶▶ शेष पेज 4 पर



■ युवक की हत्या की आशंका जताई जा रही

यूपी के आगरा में बड़ी घटना

## चार्जिंग में ई स्कूटी में धमाका बुजुर्ग पति-पत्नी जिंदा जले

**आगरा।** यहां एक घर में चार्जिंग के समय स्कूटी में आग लग गई। इसके बाद आग घर में फैल गई, जिसकी चपेट में आने से बुजुर्ग पति-पत्नी की मौत हो गई। यह घटना जगदीशपुरा के लक्ष्मीनगर इलाके की है। यहां चार्जिंग पर लगी इलेक्ट्रिक स्कूटी की बैटरी फट गई, जिसकी वजह से घर में आग भड़क उठी। आग की चपेट में आने से घर के निचले फ्लोर पर सो रहे 90 वर्षीय भगवती प्रसाद और उनकी 85 वर्षीय पत्नी उर्मिला देवी जिंदा ▶▶ शेष पेज 4 पर



■ आग ने घर को अपनी चपेट में लिया

ग्राम सगडा झपनी में अनूठी पहल

## मां नर्मदा के किनारे मियावाकी पद्धति से बन रहा नमो उपवन

पहाड़ी में पार्क को दिया 'मां' शब्द का आकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर मंगलवार से प्रारंभ हुए सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत जबलपुर जिले ने मियावाकी पद्धति से नमो उपवन के विकास की शुरूआत हुई है। मां नर्मदा के किनारे बसे जनपद पंचायत जबलपुर के ग्राम पंचायत ▶▶ शेष पेज 4 पर



### ये है मियावाकी पद्धति

मियावाकी पद्धति एक वैज्ञानिक पौधरोपण तकनीक है, जिसे जापान के प्रसिद्ध वनस्पति वैज्ञानिक डॉ. अकीरा मियावाकी ने विकसित किया। इस पद्धति का उद्देश्य प्राकृतिक वनों की तरह घने, आत्मनिर्भर और जैव विविधता से परिपूर्ण जंगल तैयार करना है। इस पद्धति में भूमि की गहरी खुदाई ▶▶ शेष पेज 4 पर

सुरक्षा कारणों से लिया गया फैसला

## 22 दिन बाद शुरू हुई मां वैष्णो देवी की यात्रा बारिश के चलते फिर 'स्थगित'

*मौसम सुधरने पर यात्रा दोबारा शुरू करने का मिला आश्वासन*

एजेंसी ▶▶ जम्मू

भूस्खलन की घटना के बाद 22 दिनों से बंद वैष्णो देवी की यात्रा बुधवार को शुरू होते ही श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। सुबह से ही श्रद्धालु पंजीकरण कराकर भवन की ओर प्रस्थान करने लगे और धर्मनगरी में रौनक लौट आई। लेकिन दोपहर



बाद मौसम ने अचानक करवट ली और भवन क्षेत्र में बारिश होने लगी। बारिश के कारण पारम्परिक मार्ग पर जगह-जगह फिसलन और भूस्खलन का खतरा बढ़ गया। प्रशासन ने स्थिति को देखते हुए सुरक्षा कारणों से एक बार फिर यात्रा को अगले ▶▶ शेष पेज 4 पर

### सभी की निगाहें अब मौसम पर

श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और प्रशासनिक निर्देशों का पालन करें। धर्मनगरी कटड़ा में होटल व्यवसायियों और स्थानीय दुकानदारों ने भी निराशा जताई है। उनका कहना है कि यात्रा बंद होने से न सिर्फ श्रद्धालु परेशान हो रहे हैं, बल्कि स्थानीय कारोबार पर भी गहरा असर पड़ रहा है। फिलहाल सभी की निगाहें मौसम और श्राइन बोर्ड के अगले आदेश पर टिकी हुई हैं।

महाकाल सेना और अखिल भारतीय युवा ब्राह्मण समाज ने कहा

उज्जैन में रावण दहन के विरोध में लगे पोस्टर

## सरकार परंपरा पर रोक लगाए, इतिहास या रामायण में कहीं भी रावण दहन का उल्लेख नहीं किया गया

यह परंपरा अब मनोरंजन और राजनीति का साधन बन चुकी | जो वास्तव में राम की तरह हैं, वही रावण दहन करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

इस साल 2 अक्टूबर को दशहरा है। उससे पहले ही उज्जैन के कई इलाकों में रावण दहन के विरोध में पोस्टर लगाए गए हैं। महाकाल सेना और अखिल भारतीय युवा ब्राह्मण समाज ने रावण दहन का विरोध करते हुए इस पर प्रतिबंध लगाने की अपील की है। दरअसल, मंगलवार को परशुराम मंदिर में अखिल भारतीय युवा ब्राह्मण समाज की बैठक हुई, जिसमें देशभर में रावण दहन ▶▶ शेष पेज 4 पर




हाई कोर्ट ने 3 महीने में मांगा था जवाब, अभी तक नहीं दिया

### महाकाल मंदिर में किस आधार पर हुईं पंडे पुजारियों की नियुक्तियां?

*श्री महाकालेश्वर मंदिर में कर्मचारियों, पुजारी-पुरोहितों की नियुक्तियों पर सवाल उठाते हुए हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ में याचिका दायर की गई है। याचिका को न्यायालय ने भी संज्ञान में लिया था। इस बारे में हाई कोर्ट ने मंदिर समिति से 3 माह के अंदर जवाब मांगा था, जो पूरा हो गया है। याचिकाकर्ता सारिका गुरु का कहना है कि महाकाल मंदिर में कर्मचारियों, पुजारी-पुरोहितों की नियुक्तियों को लेकर कोई सूचना मंदिर समिति ने कभी सार्वजनिक रूप से जारी नहीं। सारिका गुरु ने 16 जून को हाई कोर्ट की इंदौर खंडपीठ में याचिका दायर की थी। याचिका में कहा था कि श्री महाकाल मंदिर मे 306 कर्मचारियों व श्री महाकाल मंदिर परिसर में ही 40 अलग-अलग मंदिर हैं, जिनके पुजारी पुरोहितों (प्रतिनिधियो) की नियुक्तियां अवैध रूप से की गईं। कभी कोई विज्ञप्ति इसके लिए जारी नहीं हुई।*

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, देवी अहिल्या बाई की परंपरा और विरासत को आगे बढ़ाएगा धार का पीएम मित्र पार्क

पीएम ने की मप्र सरकार की प्रगतिशीलता, अवसर का भरपूर लाभ उठाने की उदात्त मंशा की सराहना

# मध्यप्रदेश लिख रहा विकास की नई इबारत, धार का पीएम मित्र पार्क अन्य राज्यों के लिए बनेगा नजीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि विकसित भारत सिर्फ हमारा संकल्प नहीं है, बल्कि यह भारत के सुनहरे भविष्य के निर्माण का यज्ञ है। यह यज्ञ तभी पूर्ण होगा, जब इसमें सबकी आहुति और सबका योगदान शामिल होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि सबके साथ से हम सबके विकास के लिए संकल्पित हैं। पिछले 11 वर्ष जनकल्याण को समर्पित रहे। गरीब के चेहरे पर मुस्कान लाना ही मेरी इष्ट-पूजा और मेरा प्रण है।

पिछले 11 साल में देश के 25 करोड़ लोग गरीबी के जीवन से बाहर आए हैं, जिससे पूरे समाज को एक नया आत्मविश्वास मिला है, यही हमारा ईनाम भी है। प्रधानमंत्री मोदी बुधवार को पीएम मित्र पार्क का शुभारंभ करने धार जिले के बगरोदा के पास भैंसोला गांव पहुंचे थे। उन्होंने मप्र सरकार की प्रगतिशीलता और अवसर का भरपूर लाभ उठाने की उदात्त मंशा की सराहना करते हुए कहा कि धार का यह पीएम मित्र पार्क आने वाले समय में दूसरे राज्यों के लिए एक नज़ीर बनेगा। इस मौके पर कई योजनाओं का शुभारंभ भी किया। उन्होंने कहा कि मैन्युफैक्चरिंग और लॉजिस्टिक आसान होगी। इससे हमारे प्रोडक्ट सस्ते बनेंगे। किसानों और कारीगरों को अधिक लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री ने पीएम मित्र पार्क के लिए प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं।

पिछले 11 साल में 25 करोड़ लोग आए गरीबी से बाहर




## पीएम विश्वकर्मा योजना का लाभ देश के 30 करोड़ लोगों को

प्रधानमंत्री मोदी ने विभिन्न केन्द्रीय योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि पीएम विश्वकर्मा योजना का लाभ देश के 30 करोड़ से अधिक भाई-बहनों को मिल चुका है। हमने छोटे कामगारों के हुनर को आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि जो विकास में पिछड़ा है, उन्हें मुख्य धारा में लाना ही हमारी प्राथमिकता है। धार स्व. कुशाभाऊ ठाकरे की जन्म स्थली भी है। 'राष्ट्र प्रथम' की भावना को हमें जीवन में उतारना है। देशवासियों से प्रार्थना है कि जो भी खरीदें, वो स्वदेशी ही होना चाहिए। जो भी खरीदें, उसमें हिन्दुस्तान की मिट्टी की महक और देशवासी की ही मेहनत होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाना है। विकसित भारत का रास्ता आत्मनिर्भर भारत से होकर जाता है। इसलिए विकसित भारत के निर्माण में देश के व्यापारी भी हमारे साथ आएं।



## नया भारत किसी की परमाणु धमकी से डरने वाला नहीं: पीएम मोदी

*प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जिन्होंने मां-बहनों का सिंदूर उजाड़ा था, उन्हें ध्वस्त कर दिया गया है। नया भारत किसी की परमाणु धमकी से डरने वाला नहीं है। यह नया भारत है, जो दुश्मनों को घर में घुसकर मारता है।*

### हमारी नारी शक्ति राष्ट्र की प्रगति का मुख्य आधार

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारी नारी शक्ति राष्ट्र की प्रगति का मुख्य आधार है। घर में मां ठीक रहे, तो पूरा घर ठीक रहता है। मां बीमार हो जाए, तो पूरे परिवार की व्यवस्थाएं चरमरा जाती हैं। इसीलिए 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान माताओं बहनों के उज्ज्वल भविष्य को समर्पित है। हमारी कोशिश है कि एक भी महिला गंभीर बीमारी का शिकार न हो। कई बीमारियों की जांच नहीं होने पर जान का खतरा हो जाता है। इन्हें शुरुआती दौर में पहचानना जरूरी है। इस अभियान में स्वास्थ्य शिविर लगाकर बीपी, शुगर, कैंसर जैसी बीमारियों की जांच की जाएगी। माताओं-बहनों ने मुझे बहुत कुछ दिया है, मुझ पर अपना आशीर्वाद बनाए रखें।



### पीएम मित्र पार्क के मॉडल और स्वास्थ्य शिविर का अवलोकन

प्रधानमंत्री मोदी ने कार्यक्रम स्थल पर प्रदर्शित धार के पीएम मित्र पार्क का मॉडल देखा और उसकी खूबियों को जाना। साथ ही स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार एवं पोषण अभियान अंतर्गत आयोजित स्वास्थ्य शिविर का अवलोकन भी किया। प्रधानमंत्री ने शिविर में मौजूद चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों से चर्चा कर उपचार संबंधी जानकारी ली। प्रधानमंत्री को राज्यपाल पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. यादव, केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर ने स्वागत कर स्मृति-चिन्ह भेंट किए। प्रधानमंत्री को जनजातीय परम्परानुसार तीर-कमान भेंट किया और पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. यादव सुसज्जित वाहन से सभा-स्थल पहुंचे और उपस्थित अपार जन-समूह का अभिवादन किया।



### जनजातीय अंचल में प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिन मनाना मप्र का सौभाग्य: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि मोदी अपना जन्मदिवस मप्र के जनजातीय अंचल में मना रहे हैं, और कई सौगातें लेकर आए हैं। दुनिया के सबसे लोकप्रिय नायक मोदी ने गरीब अंचल के लिए समय निकाला, यह उनके प्रेम की अभिव्यक्ति है। राजा भोज के संस्कारों से समृद्ध ऐतिहासिक नगरी धार प्रधानमंत्री मोदी के आगमन से हर्षित हो उठी है। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों की ओर से प्रधानमंत्री मोदी को उनके जन्मदिवस की कोटि-कोटि शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि इस मंगल अवसर पर मोदी के सानिध्य से मप्र धन्य हुआ है। मोदी दीर्घायु हों, निरोग रहें, उनका यश और कीर्ति बढ़ती रहे, यही कामना है।*

### बिना किसी संकोच के स्वास्थ्य शिविरों में जांच जरूर कराएं, दवाइयां भी मुफ्त मिलेंगी

*प्रधानमंत्री मोदी ने माताओं-बहनों से अपील करते हुए कहा कि वे बिना किसी संकोच के इन स्वास्थ्य शिविरों में जांच जरूर कराएं। इन सभी शिविरों में महंगी से महंगी जांच मुफ्त होगी और दवाइयां भी मुफ्त मिलेंगी। उन्होंने कहा कि नारियों के उत्तम स्वास्थ्य के लिए सरकार के खजाने में कोई कमी नहीं है।*

# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में तेज गति से आगे बढ़ रहा है भारत: डॉ. यादव

## रक्तदान शिविर एवं पीएम मोदी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का शुभारंभ




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा पखवाड़े के तहत बुधवार को इंदौर-भोपाल में कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने इंदौर के एमवाय अस्पताल में स्वच्छता अभियान, खजराना गणेश मंदिर के दर्शन कर परिसर में आयोजित रक्तदान शिविर एवं मोदी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का उदघाटन करने के साथ भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रधानमंत्री के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर में कहा कि दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर मैं भगवान महाकाल से प्रार्थना करते हुए उनकी दीर्घायु की कामना करता हूं।

जन्मदिन मनाने के तरीका प्रधानमंत्री से सीखा जा सकता है। न केक न मोमबत्ती, उन्होंने अपने जन्मदिन पर देश की आधी आबादी यानी हमारी माता-बहनों के स्वास्थ्य की चिंता करते हुए एक अभियान की शुरुआत की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेज गति से आगे बढ़ रहा है। यह भारत के बढ़ते प्रभाव का ही परिणाम है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी हमारे प्रधानमंत्री को जन्मदिन की बधाई दे रहे हैं।

भैंसोला में पीएम मित्र पार्क के भूमिपूजन ने सोने में सुहागे का काम किया है। एक समय था जब उज्जैन, इंदौर, ग्वालियर में अनेक कॉटन मिलें थीं। इस पार्क के तैयार हो जाने पर हमारी कॉटन इंडस्ट्री की धाक फिर जम जाएगी।

मुख्यमंत्री, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश प्रभारी एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हुए शामिल



### प्रधानमंत्री के जीवन को प्रदर्शनी के जरिए लोगों तक पहुंचा रहे: भाजपा प्रदेशाध्यक्ष खंडेलवाल

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर पूरे प्रदेश में सेवा पखवाड़ा शुरू हो चुका है। प्रदेशभर में स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, प्रदर्शनी के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन परिचय सहित विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से सेवा कार्य किया गया। उन्होंने कहा कि हमें संकल्प लेना है कि हम अपनी हर खरीदारी में स्वदेशी उत्पाद को प्राथमिकता देंगे। यह न केवल हमारे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा, बल्कि देश के करोड़ों कारीगरों, मजदूरों और किसानों के जीवन में खुशहाली भी लाएगा।

### किसानों को रोजगार मिलेगा और फसलों को उचित दाम मिलेगा: डॉ. मोहन



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भाजपा प्रदेश कार्यालय भोपाल में कहा कि कांग्रेस ने अपने शासनकाल में कपास उद्योग को मध्यप्रदेश में पूरी तरह से समाप्त क दिया था। कांग्रेस राज में कपास का रकबा बहुत घट गया था। प्रधानमंत्री ने कपास उद्योग को संजीवनी देने का कार्य किया है। पीएम मित्र पार्क से धार सहित मालवा-निमाड़ के करीब छह लाख किसानों को फायदा होगा। किसानों को पीएम मित्र पार्क में रोजगार भी मिलेगा और कपास के साथ अन्य फसलों का उचित दाम भी मिलेगा।




### कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित

भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रदेश शासन के मंत्री विश्वास सारंग, पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक शर्मा, पार्टी के प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी, विधायक रामेश्वर शर्मा, प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. राघवेन्द्र शर्मा, महापौर मालती राय, जिला अध्यक्ष रविन्द्र यति सहित पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इंदौर के खजराना गणेश मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश शासन के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, तुलसीराम सिलावट, सांसद शंकर लालवानी सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पीएम मित्र पार्क मालवा निमाड़ की दिशा और दशा बदलेगा : डॉ. सिंह




भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने जन्मदिन पर धार जिले के भैंसोला में जिस पीएम मित्र पार्क की आधारशिला रखकर मध्यप्रदेश को सौगात दी है, वह आने वाले दिनों में मध्यप्रदेश के मालवा और निमाड़ क्षेत्र की दशा और दिशा बदलने में महती भूमिका निभाएगा। पीएम मित्र पार्क से आदिवासियों को रोजगार के साथ कपास किसानों को फायदा होगा, साथ ही स्थानीय लोगों को रोजगार मिलने के साथ क्षेत्र में खुशहाली आएगी। प्रधानमंत्री ने गरीब कल्याण के लिए अपना सारा जीवन लगा दिया है। प्रधानमंत्री जनता को जनार्दन मानते हैं।

## सीएम ने स्वच्छता के लिए श्रमदान कर 'स्वच्छोत्सव' का किया शुभारंभ



- ई-वेस्ट कलेक्शन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना
- प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन को प्रदेश में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के रूप में मनाया जा रहा

**विशेष प्रतिनिधि. भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को इंदौर के एमवाय हॉस्पिटल परिसर में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ स्वच्छता के लिए श्रमदान किया। उन्होंने इस दौरान नगर निगम इंदौर के ई-वेस्ट कलेक्शन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना भी किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन को प्रदेश में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के रूप में मनाया जा रहा है। अस्पताल प्रबंधन और जिला प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश दिए कि हॉस्पिटल के अंदर और बाहर की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि एमवाय अस्पताल में विकास कार्यों के लिए प्रदेश सरकार हर तरह की मदद देगी। डॉ. यादव ने उपस्थिति नागरिकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई और स्वच्छता के प्रति सजग रहकर सप्ताह में 2 घंटे और वर्ष में 100 घंटे स्वच्छता के लिए श्रमदान करने की सभी से अपील की। उन्होंने 'स्वच्छता ही सेवा अभियान' के लांचिंग लोगो का विमोचन भी किया।

### ई-वेस्ट सबसे गंभीर प्रदूषण कारक अपशिष्ट

*इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि ई-वेस्ट आज के समय में सबसे गंभीर प्रदूषण कारक अपशिष्ट है, जिसका निपटान यदि वैज्ञानिक पद्धति से न किया जाए, तो यह पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक है। नगर निगम इन्दौर द्वारा शहर को स्वच्छ एवं प्रदूषण मुक्त बनाए रखने के उद्देश्य से 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक 'स्वच्छता ही सेवा अभियान' के तहत ई-वेस्ट संग्रहण अभियान प्रारंभ किया गया है। इस विशेष अभियान के प्रथम चरण में निगम मुख्यालय, नेहरु पार्क स्थित इंदौर स्मार्ट सिटी ऑफिस में ई-वेस्ट ड्रॉप बॉक्स स्थापित किए गए हैं। इन ड्रॉप बॉक्स में निगम के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी घर अथवा कार्यालय से निकलने वाले अनुपयोगी एवं खराब इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जमा करेंगे।*

## प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर 'मां हीरा बेन सम्मान' से विभूषित हुई ममता चौहान



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस अवसर पर विधायक भगवान दास सबनानी ने महिला मोर्चा तात्या टोपे मंडल द्वारा स्थापित प्रथम 'मां हीरा बेन सम्मान' से ममता चौहान को विभूषित किया। घर-घर सेवा कार्य कर अपनी बेटे को कंपनी सेक्रेटरी (सीएस) बनाने वाली ममता चौहान को 'मां हीरा बेन सम्मान 2025' से विभूषित किया गया।

शास्त्री नगर स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में सबनानी ने महिला मोर्चा तात्या टोपे मंडल की और से ममता चौहान को शॉल, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र और 2,100 रुपए की सम्मान निधि प्रदान की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सबनानी ने कहा कि जीवन में मां के मार्गदर्शन और देशना को आत्मसात कर आगे बढ़े तो सफलता आपके कदमों में होती है। अपने बच्चों को सही शिक्षा, संस्कार और स्वाभिमानी व्यक्तित्व प्रदान करने वाली माताओं की कोख से ही क्षत्रपति शिवाजी महाराज और नरेंद्र मोदी जैसी संतानें पैदा होती हैं। महिला मार्चा मंडल अध्यक्ष कविता जैन अनुरागी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस 17 सितंबर को प्रतिवर्ष समाज की एक ऐसी महिला को प्रदान किया जाएगा, जिन्होंने कर्मठता से अपनी संतान को उत्तम संस्कार और बेहतर भविष्य देने का कार्य किया हो।

## स्वदेशी मेला: मंत्री, सांसद, विधायक और कलेक्टर ने डिजिटल पेमेंट से की स्वदेशी खरीदारी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर विधायक रामेश्वर शर्मा द्वारा भोपाल हाट में आयोजित स्वदेशी मेले के दूसरे दिन बुधवार को मंत्री विश्वास सारंग, भोपाल सांसद आलोक शर्मा, विधायक भगवानदास सबनानी, कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने स्वदेशी उत्पादों को खरीदा एवं भोपाल वासियों को अधिक से अधिक इस मेले में पहुंचने की अपील करते हुए स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहित करने का आह्वान किया।

16 सितंबर को मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव द्वारा प्रारंभ हुए यह स्वदेशी मेला 19 सितंबर तक चलेगा। मेले में स्वदेशी उत्पादों के साथ आर्गेनिक सब्जी के स्टॉल भी लगाए गए है।

अस्पतालों और प्रमुख स्थानों पर चलाया स्वच्छता अभियान, लगाए रक्तदान शिविर

# गोरखपुर सांसद रवि किशन ने बाबा साहेब की प्रतिमा की सफाई कर माल्यार्पण किया



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस को सेवा पखवाड़े रूप में भोपाल जिले के सभी 31 मंडलों में आयोजित किया गया। जिसमें महापुरुषों की प्रतिमाओं एवं अस्पतालों में स्वच्छता अभियान चलाकर मरीजों को फल वितरण एवं श्रमिक बस्तियों में मिठाईयां बांटी गई।

भोपाल जिला अध्यक्ष रविन्द्र यति ने बताया कि उत्तरप्रदेश से गोरखपुर सांसद रवि किशन ने बोर्ड आफिस चौराहा स्थित बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा की सफाई कर माल्यार्पण कर किया। यति ने कहा कि सेवा पखवाडा के अंतर्गत चलाए जा रहे अभियान में प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत निर्माण के सपनों को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इस दौरान प्रदेश शासन के मंत्री विश्वास सारंग, पार्टी के प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी, महापौर मालती राय सहित जिला, मोर्चा पदाधिकारी सहित वरिष्ठ नेतागण स्वच्छता अभियान में शामिल हुए। भोपाल सांसद आलोक शर्मा द्वारा रानी कमलापति मंडल में 75 हनुमान चालीसा पाठ ब्राह्मणों द्वारा किया गया। साथ ही हवन पूजन एवं भोजन प्रसादी वितरण किया गया। इस अवसर पर वार्ड 13 के पार्षद जिला उपाध्यक्ष मनोज राठौर उपस्थित रहे।

### कार्यकर्ताओं ने रक्तदान कर मानवता की सेवा का दिया संदेश



भोपाल जिला अध्यक्ष रविन्द्र यति ने बताया कि उत्तरप्रदेश से गोरखपुर सांसद रवि किशन ने रेडक्रॉस अस्पताल में रक्तदान शिविर में भोजपुरी समाज के गणमान्य लोगों के साथ शामिल होकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वर्चुअल संबोधन को सुना। युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने रक्तदान कर मानवता की सेवा का संदेश दिया। भोपाल सांसद आलोक शर्मा ने भी रक्तदान किया।

हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 18 सितंबर 2025

7 प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर पटवा ने दी शुभकामनाएं...



12 कला की बहुरंगी दुनिया का जीवंत उदाहरण...





# पूरे शहर में शाम से देर रात तक बरसा पानी, अरेरा हिल्स इलाके में 3 घंटे में 45 मिमी बारिश

## दिन का पारा 2.5 डिग्री गिरकर 31 डिग्री पर आया, अरेरा हिल्स इलाके में सितंबर में दूसरी बार इतनी तेज बारिश से रात की हवा में घुली ठंडक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित कुछ जिलों में बुधवार को बादल, रिमझिम और बौछारों के असर से दिन के तापमान में कमी आई। शहर में दिन का पारा यूटर्न लेते हुए 2.5 डिग्री गिरकर वापस 31 डिग्री पर पहुंच गया। इससे दिन में मौसम सामान्य बना रहा। शाम 5:30 बजे के बाद आधे शहर में मौसम तेजी से बदला और 6 बजे के बाद तेज बौछारें शुरू हुईं। शाम 5:30 से 8:30 बजे के बीच अरेरा हिल्स इलाके में 45 मिमी बारिश दर्ज हो गई। इस बीच बैरागढ़ आब्जर्वेटरी में केवल 2 मिमी बारिश ही हुई है।

बारिश का दौर देर रात तक जारी रहा। इससे शहर की हवा में ठंडक घुल गई। रात के तापमान में आधा डिग्री की बढ़त रही। न्यूनतम पारा 23.4 डिग्री रहा। मौसम केंद्र के अनुसार गुरुवार को भी भोपाल सहित अधिकांश जिलों में मौसम ऐसा ही रहेगा। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी प्रदेश से ट्रफ लाइन गुजरने के साथ ही आसपास दो सकुर्लेशन से दो तीन दिन मौसम में ज्यादा बदलाव नहीं होगा।



### भदभदा डैम का गेट तीसरी बार खुला

राजधानी और आसपास के इलाकों में बुधवार शाम से हो रही जोरदार बारिश ने बड़े तालाब का जलस्तर फुल टैंक लेवल तक पहुंचा दिया। इसकी वजह से सीजन में तीसरी बार भदभदा डैम का गेट खोला गया। डैम प्रबंधन ने रात 9 बजे सात नंबर गेट खोला, जिससे रात 11 बजे तक 24 एमसीएफटी पानी छोड़ा गया। भदभदा डैम के प्रभारी ने बताया कि लगातार हो रही बारिश से तालाब का जलस्तर तेजी से बढ़ा। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए गेट खोलना जरूरी हो गया था। चूंकि कोलंस नदी इस समय तीन फीट ऊपर बह रही है, इसलिए गेट को देर रात तक खुला रखा जाएगा। उधर, खबर लिखे जाने तक कलियासोत डैम के गेट नहीं खोले गए थे। ज्ञात हो कि भदभदा डैम से छोड़ा गया पानी सीधे कलियासोत डैम में पहुंचता है। यदि जलस्तर और बढ़ता है तो वहां के गेट भी खोले जा सकते हैं।

### नवरात्र में भी पड़ेंगी बौछारें

राजधानी में अगले तीन से चार दिन मौसम बदलता रहेगा। इसके बाद सितंबर के अंतिम सप्ताह में भी मौसम करवट लेगा। 22 से 30 सितंबर के बीच बारिश का एक दौर रुक रुककर चलेगा। इस बीच मध्यम से हल्की बारिश होगी, लेकिन 30 सितंबर के बाद मानसून की विदाई भी शुरू होने की उम्मीद है।

### पोस्ट मानसून बारिश करेगी असर

इस साल मानसून की विदाई के बाद भी बारिश का दौर लंबा चलेगा। यह पोस्ट मानसून बारिश होगी, जो दीवाली के बाद यानि अक्टूबर तक जारी रह सकती है। मानसून सीजन खत्म होने के बाद बारिश का दौर चलने से ठंडक का आगमन भी जल्दी हो सकता है। हालांकि, सर्दी जल्द शुरू होने के पीछे समय से पहले पहाड़ों पर बर्फबारी शुरू होना भी माना जा रहा है।

### महीने में दूसरी बार इतनी बारिश

शहर में इस साल सितंबर के 17 दिनों में बुधवार को दूसरी बार इतनी तेज बारिश हुई है। इससे पहले 9 सितंबर को अरेरा हिल्स इलाके में ही इसी अवधि में 60 मिमी बारिश हुई थी। बैरागढ़ इलाके में बारिश कम होने से अभी शहर में सामान्य बारिश का कोटा पूरा नहीं हुआ है। एक जून से अब तक यहां कुल 986.9 मिमी बारिश हुई है, जो नॉर्मल से 37.1 मिमी कम है।

---

## नवरात्र के पूर्व वाहन चालकों को बटेंगे 2100 फ्री हेलमेट



**भोपाल।** सेवा पखवाड़े के तहत राजधानी में नवरात्रि से पहले 2100 दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट दिए जाएंगे। यह हेलमेट मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बांटेंगे। जिसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन को सौंपी गई है।



हालांकि 10 हजार दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट फ्री दिए जाने थे, लेकिन कम समय होने की वजह से टारगेट कम कर 2100 कर दिया गया हे। कार्यक्रम स्थल और तारीख को लेकर मुख्यमंत्री निवास से फाइनल नहीं हुआ है। हालांकि दावा किया गया है कि बड़े स्तर पर जागरूकता अभियान चलाकर हेलमेट वितरण किया जाएगा, जिससे दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को कम किया जा सके। योजना के तहत हेलमेट निशुल्क बांटे जाएंगे। बताया जा रहा है कि 2021 से लेकर 2025 तक भोपाल में सड़क हादसों में हेलमेट न पहनने से 543 मौतें हुई हैं। इस कार्यक्रम में रोटरी क्लब समेत अन्य सरकारी विभागों भी हिस्सा ले रहे हैं।

---

### पिता का नाम होने पर बच्चों का लगेगा एक दस्तावेज

*भारत निर्वाचन आयोग ने मप्र में वोटर लिस्ट के गहन परीक्षण की शुरु की तैयारी*

# वर्ष 2003 के बाद वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाया तो देना पड़ेंगे तीन दस्तावेज

*भोपाल में बैरसिया, उत्तर, नरेला, दक्षिण-पश्चिम, मध्य, गोविंदपुरा और हुजूर विधानसभाएं*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बिहार चुनाव के पहले 65 लाख वोटर्स के नाम काटने के बाद भारत निर्वाचन आयोग ने मध्यप्रदेश में भी वोटर लिस्ट के गहन परीक्षण को लेकर तैयारी शुरु कर दी है। जिसे एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) नाम दिया गया है। 22 साल बाद होने जा रहे एसआईआर के तहत जिन वोटर्स के नाम वर्ष-2003 की वोटर लिस्ट में नहीं हैं, उन्हें वोटर लिस्ट में अपना नाम कटने से बचाने के लिए पहचान के तीन दस्तावेज पेश करना पड़ेंगे। इधर जिन लोगों के पिता का नाम इस वोटर लिस्ट में है, उन्हें पिता से संबंध का प्रमाण पेश करने के साथ पहचान का एक दस्तावेज देना अनिवार्य होगा। मंगलवार को भारत निर्वाचन आयोग की वीडियो कांफ्रेंस में प्रदेश में एसआईआर करने की बात कही गई है, हालांकि इसको लेकर फिलहाल तारीख तय नहीं है।

भोपाल जिले में वर्ष-2003 के समय चार विधानसभा थीं, जिसमें गोविंदपुरा, दक्षिण-पश्चिम, उत्तर और बैरसिया शामिल थीं। इन विधानसभाओं में 11 लाख 81 हजार 531 वोटर्स थे। निर्वाचन आयोग ने इन वोटर्स का गहन परीक्षण करने के बाद ही फाइनल वोटर लिस्ट जारी की थी। वर्तमान में राजधानी में सात विधानसभाएं हैं, जिनमें बैरसिया, उत्तर, नरेला, दक्षिण-पश्चिम, मध्य, गोविंदपुरा और हुजूर हैं। यहां वर्तमान में वोटर्स की तादाद 21 लाख 18 हजार 364 हो गई है। जो 22 साल पुरानी वोटर्स लिस्ट से दोगुना से भी ज्यादा है। वोटर लिस्ट का एसआईआर होने से यहां भी भारी तादाद में वोटर्स के नाम काटे जा सकते हैं।

*एसआईआर को लेकर फिलहाल तारीख तय नहीं*

*वर्ष-2003 के समय 11 लाख 81 हजार 531 वोटर्स थे*



**एक-एक वोटर्स को देंगे न्यूमेरेशन फार्म**

*वोटर लिस्ट का गहन परीक्षण होने के साथ ही बीएलओ को न्यूमेरेशन फार्म दिए जाएंगे। यह फार्म बीएलओ घर-घर जाकर वोटर्स को दो कॉपी में देंगे, जिसमें एक कॉपी पर पावती भी ली जाएगी। इस फार्म को तय समय में भरने के साथ दस्तावेज भी पेश करना अनिवार्य होगा। आयोग इस फार्म की व्यवस्था ऑनलाइन भी रखेगा, जिससे वोटर्स ऑनलाइन भी इस फार्म को भर सकेंगे।*

### जिनका 2003 की लिस्ट में नाम, उन्हें नहीं देना पड़ेंगे दस्तावेज

इस अभियान में जिन वोटर्स के नाम वर्ष-2003 की वोटर लिस्ट में नाम दर्ज होगा। उन्हें किसी भी तरह का दस्तावेज देने की जरूरत नहीं पड़ेगी। उन्हें सिर्फ2003 में दर्ज नाम का रिकार्ड पेश करना पड़ेगा। जिन लोगों के पिता का नाम दर्ज है, उन्हें भी पिता के नाम का ब्यौरा अपने फार्म में दर्ज करना पड़ेगा।

### 1987 वालों को एक और 2003 तक वालों को दो दस्तावेज देना होंगे

इस अभियान के तहत 1987 के पहले जन्म लेने वाले वोटर्स को एक दस्तावेज देना पड़ेगा। इसके साथ 1987 से 2003 के बीच जन्म लेने वाले वोटर्स को पहचान के दो दस्तावेज पेश करना पड़ेंगे। जबकि 2003 से अब तक वालों को तीन दस्तावेज देना अनिवार्य किया गया है।

### 11 प्रमाण पत्र मान्य आधार पर संशय

- किसी भी नियमित कर्मचारी/पेंशनभोगी को किसी केंद्रीय सरकार/राज्य सरकार/पीएसयू द्वारा जारी पहचान पत्र/पेंशन भुगतान आदेश।
- भारत में सरकार/स्थानीय प्राधिकरण/बैंक/डाकघर/एलआईसी/पीएसयू द्वारा 01.07.1987 से पहले जारी कोई भी पहचान पत्र/प्रमाण पत्र/दस्तावेज।
- सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र।
- पासपोर्ट
- मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय द्वारा जारी मैट्रिकुलेशन/शैक्षिक प्रमाण पत्र।
- सक्षम राज्य प्राधिकरण द्वारा जारी स्थायी निवास प्रमाण पत्र।
- वन अधिकार प्रमाण पत्र।
- सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी ओबीसी/एससी/एसटी या किसी जाति प्रमाण पत्र।
- नागरिकों का राष्ट्रीय रजिस्टर (जहां कहीं भी मौजूद हो)।
- राज्य/स्थानीय प्राधिकरणों द्वारा तैयार परिवार रजिस्टर।
- सरकार द्वारा जारी कोई भी भूमि/मकान आवंटन प्रमाण पत्र।
- आधार शामिल होगा या नहीं इस पर आयोग फैसला लेगा

---

### पूर्व पार्षद ने एबीसी सेंटर के काम पर उठाए सवाल

# एक कुत्ते को नसबंदी करने पकड़ा, अलग तारीखों में दर्ज कर दी तीन बार नसबंदी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

करोंद स्थित प्रीमियर आर्चेट कॉलोनी से 22 अगस्त को नगर निगम के डॉग स्क्वॉड ने एक आवारा कुत्ते को पकड़ा।

जब तीन दिन तक कुत्ता कॉलोनी में नजर नहीं आया तो पूर्व पार्षद महेश मकवाना उसे तलाशते हुए अरवलिया एबीसी सेंटर पहुंचे। वहां कुत्ता मिल गया। कर्मचारियों ने बताया कि नसबंदी के बाद जहां से पकड़ा था, वहीं छोड़ेंगे। करीब 13 दिन बाद जब महेश मकवाना दोबारा सेंटर गए तो कुत्ता वहीं था और उसके कैज पर लिखा था कि इसे 5 सितंबर को प्रीमियर आर्चेट से उठाया है। उन्हें दोबारा 15 दिन का समय दिया। वर्तमान में कुत्ता अब तक कैद में है।

दरअसल नगर निगम के अरवलिया सहित आदमपुर छावनी और कोलार के थुआखेड़ा में एनीमल बर्थ कंट्रोल सेंटर हैं। इनका संचालन अलग-अलग संस्थाएं करती हैं। अरवलिया और थुआखेड़ा सेंटर द केयर ऑफ एनिमल एंड सोसाइटी के पास है। तीनों सेंटरों में शहर के आवारा कुत्तों की नसबंदी की जाती है।

तीनों सेंटर्स में 300 प्रति सेंटर कुत्ते रखने की क्षमता है, लेकिन इसके मुकाबले 150 से 200 ही कुत्ते रखे जा रहे हैं। पूर्व पार्षद महेश मकवाना का कहना है कि मैं सेंटर गया तो पता चला कि एक ही डॉग को बार-बार अलग-अलग तारीखों में पकड़ना बताया गया। सेंटर में रिकार्ड भी नहीं था। डॉक्टर तीन-तीन दिन तक सेंटर नहीं आते और संस्था के पास वैध लाइसेंस भी नहीं है।

### पांच दिन की जगह एक महीने तक नहीं छोड़ा

टारगेट पूरा करने के लिए सेंटरों में पहले बंद आवारा कुत्तों को अलग-अलग तारीखों में पकड?ा बताया जा रहा है। इसका कोई रिकार्ड भी एबीसी सेंटर में नहीं रखा जा रहा। पूर्व पार्षद महेश मकवाना के घर के बाहर से 22 अगस्त को नसबंदी के लिए उठाए गए कुत्ते को अब तक सेंटर में कैद कर रखा है। पार्षद का आरोप है कि नियमानुसार 3 से 5 दिन में नसबंदी के बाद कुत्ते को रिलीज करना था।, लेकिन एक महीने बाद भी नहीं किया गया।

### संस्था का आरोप, नगर निगम ने नहीं छोड़ा

इधर, एबीसी सेंटर का संचालन करने वाली संस्था द केयर ऑफ एनिमल सोसाइटी के डॉ. सौरव सिंह का तर्क है कि निगम के डॉग स्क्वॉड को कई बार कह चुके हैं। लेकिन वह ही इसे लेकर नहीं जा रहे। उन्होंने बताया कि एमपी-04-6423 वाहन से यह डॉग आया था, इसी वाहन को वापस छोड़ना है। हम रोजाना टीम से कह रहे हैं। फिर भी लेकर नहीं जा रहे।

### टांके खुलने से बढ़ रहा टाइम

वर्तमान में अरवलिया सेंटर में 112 डॉग हैं। नियमानुसार 3 से 5 दिन में रिलीज कर देते हैं, लेकिन नसबंदी के टांके खुलने की वजह से 5 से 7 दिन डॉग को और रखना पड़ता है।

डॉ. सौरव सिंह
द केयर ऑफ एनिमल सोसाइटी

---

### ऑटोइम्यून और दुर्लभ रोगों का होगा इलाज

# एम्सः रुमेटोलॉजी, क्रिटिकल केयर और मेडिकल जेनेटिक्स विभाग होंगे शुरू, 135 नए विशेषज्ञ आएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एम्स भोपाल में रुमेटोलॉजी, क्रिटिकल केयर और मेडिकल जेनेटिक्स जैसे मॉडर्न विभाग शुरू होने जा रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय की मंजूरी से यह तीनों विभाग जल्द ही कार्यरत होंगे, जिससे गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए अब प्रदेश के मरीजों को दिल्ली या मुंबई नहीं जाना पड़ेगा। गठिया और ऑटोइम्यून बीमारियों से लेकर जेनेटिक विकारों और जीवनरक्षक क्रिटिकल केयर तक का उन्नत इलाज यहीं मिलेगा।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने इसके लिए 135 नए पदों को मंजूरी दी है, जिनमें फैकल्टी, रेजिडेंट और नॉन-फैकल्टी शामिल हैं। इनमें डॉक्टरों के साथ-साथ तकनीशियन, लैब टेक्नोलॉजिस्ट, रेडियोग्राफर और फिजियोथेरेपिस्ट भी होंगे। यह न सिर्फ बेहतर इलाज उपलब्ध कराएंगे, बल्कि प्रदेश के मेडिकल छात्रों के लिए भी उन्नत शिक्षा और शोध का मार्ग प्रशस्त करेंगे।




**रुमेटोलॉजीः** गठिया और ऑटोइम्यून बीमारियों का इलाज रुमेटोलॉजी विभाग गठिया, ल्यूपस, वास्कुलाइटिस और अन्य ऑटोइम्यून रोगों से जूझ रहे मरीजों के लिए वरदान साबित होगा। प्रदेश में हजारों मरीज जोड़ों के दर्द, जकड़न और अन्य लक्षणों से पीड़ित होते हैं, लेकिन विशेषज्ञ की कमी के कारण सही इलाज नहीं मिल पाता। एम्स भोपाल में इस विभाग के खुलने से अब मरीजों को मेट्रो शहरों की भागदौड़ नहीं करनी पड़ेगी।

**क्रिटिकल केयर**

गंभीर मरीजों के लिए जीवनरक्षक सुविधा प्रदेश में दुर्घटनाओं, स्ट्रोक, हार्ट अटैक और सांस की गंभीर समस्याओं के मरीजों की जान बचाने में क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग अहम भूमिका निभाएगा। नए विभाग की स्थापना से एम्स प्रदेश का सबसे उन्नत क्रिटिकल केयर सेंटर बनकर उभरेगा।

### मेडिकल जेनेटिक्सः जेनेटिक रोग का इलाज

दुर्लभ रोगों की पहचान और इलाज जेनेटिक बीमारियों से जूझ रहे बच्चों और वयस्कों के लिए यह विभाग बेहद अहम साबित होगा। डाउन सिंड्रोम, थैलेसीमिया, मस्क्यूलर डिस्ट्रॉफी और अन्य आनुवंशिक विकारों की पहचान और इलाज अब एम्स भोपाल में ही संभव होगा। यह विभाग प्री-नैटल स्क्रीनिंग, जेनेटिक काउंसलिंग और नई रिसर्च की सुविधा भी देगा।

---

*सीएमआरएस टीम के दौरे का इंतजार, चैतन्य ने सुरक्षा बिंदुओं का लिया जायजा*

# एम्स से डीआरएम ऑफिस तक मेट्रो स्टेशनों पर काम देखने पहुंचे एमडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सुभाष नगर मेट्रो डिपो से लेकर एम्स अस्पताल मेट्रो स्टेशन तक प्रायोरिटी कॉरिडोर का काम तेज चल रहा है।

भोपाल मेट्रो प्रबंधन को अब कमिश्नर मेट्रो रेल सेफ्टी (सीएमआरएस) की टीम के दौरे का इंतजार है। बुधवार को मेट्रो रेल कारपोरेशन लिमिटेड के प्रबंध संचालक एस कृष्ण चैतन्य ने एम्स मेट्रो स्टेशन से डीआरएम आफिस मेट्रो स्टेशन तक का निरीक्षण किया।



निरीक्षण के दौरान एमडी ने यात्रा सुरक्षा, स्टेशन की फिनिशिंग, प्लेटफार्म और कोनकोर्स लेवल की स्थिति, एंट्री-एग्जिट व्यवस्था, फायर सेफ्टी सिस्टम, ट्रैक और पावर सप्लाई, टेलीकाम व्यवस्था सहित सभी तकनीकी और परिचालन तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने सीएमआरएस निरीक्षण से पहले सुरक्षा संबंधी सभी बिंदुओं को प्राथमिकता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। एमडी ने स्टेशनों पर आंतरिक और बाहरी सुंदरीकरण कार्यों की प्रगति भी देखी और समय पर गुणवत्ता के साथ पूरा करने को कहा। उन्होंने आपातकालीन निकासी व्यवस्था और फायर सेफ्टी ड्रिल्स की भी जानकारी ली।

---

### हाईकोर्ट की मौखिक रूप से टिप्पणीः हम 40 साल तक मामले लंबित नहीं रख सकते

# 1984 भोपाल गैस त्रासदी से जुड़े लंबित मामलों का निस्तारण यथाशीघ्र करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

मप्र हाईकोर्ट ने भोपाल ट्रायल कोर्ट को निर्देश दिया कि 1984 भोपाल गैस त्रासदी से जुड़े लंबित मामलों का निस्तारण यथाशीघ्र किया जाए। भोपाल गैस पीड़ित संघर्ष सहयोग समिति की ओर से दाख़िल जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने यह निर्देश दिया। कोर्ट ने मौखिक रूप से टिप्पणी करते हुए कहा कि हम 40 साल तक मामले लंबित नहीं रख सकते। पीठ ने भोपाल की संबंधित कोर्ट को निर्देश दिए कि वे कार्यवाही की मासिक प्रगति रिपोर्ट हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को सौंपें, जिसे प्रशासनिक स्तर पर मुख्य न्यायाधीश के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

*भोपाल ट्रायल कोर्ट को दिए दिशा-निर्देश | भोपाल गैस पीड़ित संघर्ष सहयोग समिति की याचिका पर सुनवाई*

### एक आपराधिक अपील तथा एक विविध आपराधिक मामला लंबित



भोपाल गैस पीड़ित संघर्ष सहयोग समिति की ओर से जुलाई 2025 को जनहित याचिका दायर की गई थी। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता राजेश चंद ने बताया कि भोपाल की सीजेएम कोर्ट ने 7 जून 2010 को आरोपियों को सजा सुनाई थी। इसके बाद आरोपियों ने सेशन कोर्ट में अपील प्रस्तुत की थी। वह अपील 15 सालों से लंबित है। सुनवाई के दौरान बताया गया कि यह मामला 5 अक्टूबर तक स्थगित कर दिया गया है। वहीं शासन की ओर से दलील दी गई कि सीबीआई जांच एजेंसी है और अब भी एक आपराधिक अपील तथा एक विविध आपराधिक मामला लंबित है। यह मामला दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 82 के तहत आरोपियों को फरार घोषित करने के लिए दायर किया था। याचिकाकर्ता की ओर से तर्क दिया कि आरोपी अक्टूबर 2023 से अदालत में उपस्थित हो रहा है, फिर भी कोई आदेश पारित नहीं हुआ।

### *यूका के जहरीले कचरे के विनिष्टीकरण की राख की सीलबंद टेस्टिंग समीक्षा रिपोर्ट पेश*

मप्र हाईकोर्ट के समक्ष यूनियन कार्बाइड के जहरीले कचरे के विनिष्टीकरण से निकली राख की सीलबंद टेस्टिंग समीक्षा रिपोर्ट पेश कर गई। साथ ही अवगत कराया गया कि राख के अन्य टेस्ट भी कराए जाने हैं। इसलिए समय मांगा गया। प्रशासनिक न्यायाधीश अतुल श्रीधरन व जस्टिस प्रदीप मित्तल की डिवीजन बेंच ने आग्रह स्वीकार करते हुए आठ अक्टूबर तक का समय दे दिया। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2004 में आलोक प्रताप सिंह ने हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर की थी। जनहित याचिकाकर्ता की मृत्यु के बाद हाई कोर्ट मामले की सुनवाई संज्ञान याचिका के रूप में कर रही थी। पूर्व में हुई सुनवाई के दौरान राज्य शासन की ओर से पेश रिपोर्ट में बताया गया था कि यूनियन कार्बाइड के जहरीले कचरे का विनष्टीकरण सफलतापूर्वक पीथमपुर स्थित सुविधा केंद्र में कर दिया गया है। जहरीले कचरे से 850 मीट्रिक टन राख व अवशेष एकत्रित हुआ है। एमपीपीसीबी से सीटीओ मिलने के बाद अलग लैंडफिल सेल में उसे नष्ट किया जाएगा। इस दौरान हाई कोर्ट में एक अन्य जनहित याचिका दायर की गयी थी। जिसमें कहा गया था कि यूनियन कार्बाइड के जहरीले कचरे की राख में रेडियो एक्टिव पदार्थ सक्रिय हैं, जो चिंता का विषय है।

**जैकेट का शेष...**

## धार से 'स्वदेशी का...

पहुंचे थे। इस पार्क के पूरी तरह से तैयार हो जाने के बाद करीब तीन लाख युवाओं को रोजगार मिलेगा। यह पहला ऐसा पार्क है जहां प्राकृतिक कपास से धागे से लेकर कपड़ा बनाने व उसे एक्सपोर्ट तक करने की कवायद होगी। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। उनकी अगवानी के लिए प्रदेश के बड़े नेताओं को लगाया गया था। मप्र सरकार के मंत्री, प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिध व बड़ी संख्या में ग्रामीण जनसभा में पहुंचे थे। बुधवार को चूंकि प्रधानमंत्री मोदी का जन्म दिन भी था, ऐसे में उन्होंने अपने जन्म दिन पर पीएम मित्र पार्क की सौगात देकर युवाओं को उत्साहित किया। कार्यक्रम में राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर मौजूद थीं।

## तीन बड़े अभियानों...

लक्ष्मी डोडियार को अमरूद का पौधा भेंट किया। प्रधानमंत्री मोदी ने मंच के पीछे बने स्वास्थ्य जांच शिविर में नन्ही बिटिया जाश्वी वर्मा को गोद में लेकर खूब दुलार किया। 9 महीने की जाश्वी कैम्प में आईपीवी, डीपीटी, मीजल्स का टीका लगवाने और विटामिन ए की खुराक के लिए आई थी।

## मुकेश अंबानी...

हमारे देश का नेतृत्व करें। मैंने आज तक ऐसा नेता नहीं देखा है, जो इस तरह बिना थके और बिना रुके देश के लिए काम करता हो।

## व्लादिमीर पुतिन...

में बड़ा व्यक्तिगत योगदान दे रहे हैं। पुतिन ने कहा कि पीएम मोदी ने सरकार के प्रमुख के रूप में अपने कार्यों के माध्यम से अपने देशवासियों का उच्च सम्मान और विश्व मंच पर अत्यधिक अधिकार अर्जित किया है।

## जॉर्जिया मेलोनी...

स्वास्थ्य और ऊर्जा की कामना करती हूं ताकि वे भारत को एक उज्ज्वल भविष्य की ओर ले जा सकें और हमारे राष्ट्रों के बीच संबंधों को और मजबूत कर सकें।

## रीवा सांसद जर्नादन मिश्रा...

हाथों उन बच्चों को साबुन से रगड़-रगड़कर नहलाया। उनके कपड़े धोए, उनके नाखून काटे और साफ-सुथरे कपड़े पहनाकर स्कूल में प्रवेश कराने के लिए उन्हें तैयार भी किया।

## नवरात्रि में शिफ्ट...

3 का उद्घाटन भी किया था। उस मौके पर उन्होंने जोर देकर बोला था कि ब्रिटिश कालीन की जो इमारतें हैं, वहां पर जगह पर्याप्त नहीं है और रोशनी और वेंटिलेशन भी नहीं रहता। वैसे आगे चलकर पीएमओ का नाम भी बदला जा सकता है। सेवा को दर्शाने के लिए किसी दूसरे नाम पर विचार किया जा सकता है। नया ऑफिस अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा और पीएम आवास के करीब भी होगा।

## अब ईवीएम में...

1961 के नियम 49बी के तहत निर्देशों में संशोधन किया है। पिछले छह महीने में चुनाव आयोग 28 नए कदम उठा चुका है। इसमें एसआईआर के मुद्दे को लेकर विवाद भी हुआ है। उम्मीदवारों और नोटा के क्रमांक भारतीय अंकों के अंतरराष्ट्रीय रूप में छापे जाएंगे। वहीं फॉन्ट का आकार 30 होगा और बोल्ड लिखा जाएगा।

## धन का उपयोग शिक्षा ...

दी और 19 नवंबर की तारीख तय की। यह मामला उस सरकारी आदेश से संबंधित है, जिसमें हिंदू धार्मिक एवं धर्मार्थ बंदोबस्ती विभाग के मंत्री ने विधानसभा में मंदिर निधि से 80 करोड़ रुपए खर्च करके 27 मंदिरों में विवाह मंडपों के निर्माण की घोषणा की थी।

## इंडिगो ने अमिताभ को बनाया अतिरिक्त निदेशक

**नई दिल्ली।** इंडिगो ने बुधवार को कहा कि अमिताभ कांत को 15 सितंबर से कंपनी के निदेशक मंडल में अतिरिक्त निदेशक नियुक्त किया गया है। नागर विमानन मंत्रालय से सुरक्षा मंजूरी मिलने के बाद उनकी नियुक्ति की गई है। एयरलाइन ने तीन जुलाई को नीति आयोग के पूर्व सीईओ और भारत के जी20 शेरपा, अमिताभ कांत को बोर्ड में नियुक्त करने की घोषणा की थी। इंडिगो की मूल कंपनी इंटरग्लोब एविएशन ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, कंपनी को कल नागर विमानन मंत्रालय से 15 सितंबर, 2025 को आवश्यक सुरक्षा मंजूरी मिल गई है। अतः अमिताभ कांत की नियुक्ति 15 सितंबर, 2025 से प्रभावी होगी। कांत को नागर विमानन मंत्रालय से सुरक्षा मंजूरी मिलने की तारीख से गैर-कार्यकारी गैर-स्वतंत्र निदेशक के रूप में अतिरिक्त निदेशक नियुक्त किया गया है।

## मानसून के कारण 1500 से अधिक मकान तबाह

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में मानसून के प्रकोप के कारण 20 जून से अब तक 1500 से अधिक परिवार बेघर हो गए हैं। राज्य में औसत वर्षा 1010.9 मिलीमीटर दर्ज की गई, जो सामान्य 692.1 मिमी से 46 प्रतिशत अधिक है। बादल फटने की 46 घटनाएं, अचानक बाढ़ आने की 98 घटनाएं और भूस्खलन की 145 घटनाएं हुई हैं। जबकि 417 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें से 231 लोगों की वर्षा जनित घटनाओं में और 181 की सड़क दुर्घटनाओं में जान गई। लगभग 477 लोग घायल हुए हैं, जबकि 45 अब भी लापता हैं।


कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति बनखेड़ी
जिला-नर्मदापुरम्, म.प्र.

क्र./मंडी/निर्माण/25-26/555 बनखेड़ी, दिनांक : 16.09.2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

प्रमुख अभियंता म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त (केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली) पंजीकृत निविदाकारों से प्रतिशत दर आधार पर सिस्टम निविदा क्रमांक 2025_MPSAM_452107_1 के अन्तर्गत ऑनलाइन निविदायें **दिनांक 13.10.2025 को शाम 05:30 बजे तक** आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी निविदाकारों को म.प्र. शासन के ई-निविदा के पोर्टल **https://mptenders.gov.in** पर प्राप्त होगी एवं उक्त निविदा से संबंधित समस्त जानकारी मंडी बोर्ड के पोर्टल **https://mpmandiboard.in** पर भी अवलोकनीय होगी।

**नोट :** आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबंधित किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना अथवा अन्य जानकारी केवल उपरोक्तानुसार पोर्टल पर प्रदर्शित की जावेगी।

म.प्र. माध्यम/122135/2025 **सचिव**



**कार्यालय सहायक पुलिस आयुक्त चूनाभट्टी नगरीय पुलिस भोपाल (म.प्र.)**

गुमसुदा/व्यपहृत बालक की तलाश हेतु



सर्व साधरण को सूचित किया जाता है कि थाना कोलार रोड भोपाल के अप.क्र. 109/24 धारा 363 भादवि में व्यपहृत बालक गोलू शाक्य पिता संजय शाक्य उम्र 15 बर्ष निवासी म.न.ए.आर.39 सस्ता भंडार के पास कोलार रोड़ भोपाल के गुमने के संबन्ध मे परिजनो द्वारा रिपोर्ट की गई है। गुमसुदा / व्यपहृता दिनांक 18.02.2024 के शाम करीब 4.00 बजे अपने घर के पास से कही चला गया है, जिसका आज दिनांक तक कुछ पता नही चला है। गुमसुदा / व्यपहृता की हुलिया उम्र 15 बर्ष, रंग-सावला, चेहरा-हल्का लंबा, कद करीबन 05 फिट, बदन-दुबला-पतला, दीमागी तौर पर कमजोर, बोल नहीं पाता (गूगा है) काले रंग की फुल गर्म बनियान, काले रंग की जींन्स पहने है, बाल-छोटे काले है पढ़ा-लिखा नहीं है। यदि गुमसुदा / व्यपहृता के संबन्ध मे किसी को कोई जानकारी है य प्राप्त होती है तो कृपया थाना कोलार रोड भोपाल फोन नं.- 0755-2443989 तथा मो.न. 9754961811, 7049135280 पर सूचित करने का कष्ट करें।

(अंजली रघुवंशी)
सहायक पुलिस आयुक्त
चूनाभट्टी नगरीय पुलिस, भोपाल

G-18769/25 " स्वच्छता ही सेवा "


**पेज एक का शेष...**

## मां की भावनात्मक....

देते हुए बच्चों की कस्टडी पिता को सौंपने का आदेश दिया था। अदालत ने यह भी कहा था कि पिता विदेश (कतर) में रहते हुए बच्चों को बेहतर आर्थिक सुविधाएं दे सकता है। हालांकि, हाईकोर्ट ने इस तर्क को खारिज कर दिया और कहा कि कस्टडी का फैसला न तो किसी एक दायित्व के उल्लंघन पर आधारित हो सकता है और न ही केवल पिता की आर्थिक क्षमता पर।

## मुकदमा खारिज...

पैतृक थी, क्योंकि इसे उनके दादा ने स्वयं अर्जित किया था। इसलिए यह उनके हिस्से में आनी चाहिए। दूसरी ओर, प्रतिवादी (पिता और चाची) ने दावा किया कि दादा की मृत्यु के बाद, संपत्ति केवल उन पर हस्तांतरित हुई, जैसा कि हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम की धारा 8 के तहत प्रावधान है। इसलिए वादी का इसमें कोई अधिकार नहीं है।

## भारत-यूएस ट्रेड....

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन पर शुभकामनाएं दी हैं। कुछ दिनों पहले वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा था कि दोनों देशों के बीच नवंबर 2025 तक ट्रेड डील का पहला चरण फाइनल हो जाएगा। अब माना जा रहा है कि ट्रंप टैरिफ 50 प्रतिशत से घटाकर 10-15 प्रतिशत या शायद और कम कर सकते हैं। डील से 'मेक इन इंडिया' और 'वोकल फॉर लोकल' पर कोई असर नहीं पड़ेगा। असर होगा तो सिर्फ पॉजिटिव ही होगा क्योंकि यूएस इंडस्ट्रियल पावर नहीं है। अमेरिका एग्रीकल्चर पावर है या इंडस्ट्री में बहुत हाई-टेक चीजें बनाता है- जैसे बोइंग। लेकिन सामान्य प्रोडक्ट्स जैसे टैक्सटाइल्स, लेदर, केमिकल्स में यूएस कहीं नहीं है।

## तो हमारे प्रोडक्ट्स ....

ज्यादा हो जाएगा। इसका मतलब है कि हमारे प्रोडक्ट्स यूएस में ज्यादा प्रतिस्पर्धी हो जाएंगे। 50 प्रतिशत टैरिफ लागू होने के बाद से भारत के एक्सपोर्ट पर असर पड़ा है और यह कम होना शुरू हो गया है। भारत के लिए यूएस बड़ा बाजार है और कुल 20 प्रतिशत एक्सपोर्ट यूएस जाता है, वो सब अभी खतरे में है। लेकिन डील होने और टैरिफ कम होने के बाद एक बार फिर सामान्य एक्सपोर्ट चालू हो जाएगा।

## कर्मचारियों को...

अधीक्षक लक्ष्मण निंबर्गी ने प्रारंभिक जांच का हवाला देते हुए बताया कि संदिग्धों ने नकली नंबर प्लेट वाली सुजुकी ईवीए गाड़ी का इस्तेमाल किया था। अपराध को अंजाम देने के बाद वे महाराष्ट्र के पंढरपुर की ओर चले गए।

## बालाघाट में नक्सलियों...

भी था, जो मवेशी लाने जंगल गया था। जब अवधेश वापस लौटा तो उसने दहियान में देवेंद्र का सामान बड़ा हुआ था। बरामद हुए पत्रों में मलाजखंड एरिया कमेटी भाकपा माओवादी जिंदाबाद लिखा हुआ है। पत्र में लोगों को पुलिस से दूर रहने की अपील की है। पत्र में कहा है कि पुलिस ने ही देवेंद्र को का काम करने के लिए लगाया था और वह पितकोना पुलिस चौकी में पुलिस को दूध-दही पहुंचाता था। देवेंद्र के लापता होने के बाद 1000 पुलिस के जवान जंगल में सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं। पत्र में किसका लेख है, उसकी भी शिनाख्त की जा रही है। पुलिस महानिरीक्षक संजय सिंग ने देवेंद्र के लापता होने की पुष्टि करते हुए कहा कि उसकी तलाश की जा रही है। उसके मिलने के बाद ही घटना के संबंध में पता चल सकेगा। उन्होने कहा कि घटनास्थल से जो पत्र बरामद हुए हैं, उन्हें भी जांच में लिया गया है।

## चार्जिंग में ई स्कूटी...

जल गए। हादसा सुबह लगभग 4 बजे हुआ। घर के निचले हिस्से में बुजुर्ग माता-पिता रहते थे, जबकि ऊपर की मंजिल पर उनका बेटा प्रमोद अग्रवाल अपने परिवार के साथ था।

प्रमोद की 14 वर्षीय बेटी काकुल दादा-दादी के पास ही सो रही थी। तभी इलेक्ट्रिक स्कूटी की बैटरी में शॉर्ट सर्किट हुआ और जोरदार विस्फोट के बाद आग फैल गई।

दादा भगवती प्रसाद ने किसी तरह पोती काकुल को जगाकर ऊपर भेजा, लेकिन वे खुद कमरे में फंस गए। आग इतनी भीषण थी कि दरवाजा खोलना असंभव हो गया। डीसीपी सिटी सोनम कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह घटना शॉर्ट सर्किट के कारण हुई लग रही है।

## मां नर्मदा के किनारे...

सगडा झपनी में कुल 6 हजार 990 पौधों का रोपण किया जा रहा है। नर्मदा परिक्रमा पथ पर परिक्रमा वासियों के आश्रय स्थल के लिए चिन्हित भूमि में से करीब 26 हजार वर्गफुट पर यह उपवन बनाया जा रहा है। खास बात ये है कि पहाड़ी पर पार्क को मां शब्द के आकार में विकसित किया जा रहा है। कार्यक्रम में विधायक नीरज सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आशा मुकेश गोटिया, उपाध्यक्ष विवेक पटेल, जनपद पंचायत जबलपुर के अध्यक्ष चंद्र किरण गिरी, कलेक्टर राघवेंद्र सिंह, जिला पंचायत के सीईओ अभिषेक गेहलोत तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शामिल हुए।

## ये है मियावाकी....

कर उसमें जैविक खाद, गोबर खाद और कम्पोस्ट मिलाया जाता है। फिर 3 पौधे प्रति वर्ग मीटर की घनत्व से विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए जाते हैं। नियमित सिंचाई, मल्चिंग और रखरखाव के कारण 2-3 वर्षों में पौधे पूरी तरह विकसित होकर घना जंगल तैयार कर देते हैं।

## अब तक 19 ...

हैं, जिनमें से कई मौतें पिछले कुछ हफ्तों में हुई हैं। केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने कहा कि केरल एक सीरियर पब्लिक हेल्थ चैलेंज से जूझ रहा है। ये संक्रमण, जो पहले कोझीकोड और मलप्पुरम जैसे जिलों में था अब पूरे राज्य में छिटपुट रूप से दिखाई दे रहा है। इसके मरीजों में तीन महीने के बच्चे से लेकर 91 साल बुजुर्ग तक शामिल हैं। उन्होंने कहा कि पिछले साल के उलट, इस बार हमें किसी एक जल स्त्रोत से जुड़े ग्रुप नहीं दिख रहे हैं। ये अलग मामले हैं और इसने हमारी महामारी विज्ञान संबंधी जांच को मुश्किल बना दिया है।

## क्या है पीएएम?....

द्वार घ्राण म्यूकोसा और क्रिब्रीफॉर्म प्लेट के माध्यम से होता है, और यह भी कहा गया है कि दूषित पानी का मौखिक सेवन लक्षणात्मक बीमारी से जुड़ा नहीं है। इससे इस अमीबा से दूषित जल निकायों में तैरने, गोताखोरी करने या स्नान करने वालों को संक्रमण का उच्च जोखिम होता है।

## 22 दिन शुरू....

आदेश तक स्थगित करने का निर्णय लिया। 5.45 बजे श्राइन बोर्ड ने तुरंत पंजीकरण कक्ष बंद करने के निर्देश जारी कर दिए ताकि नए श्रद्धालुओं को आगे की यात्रा की अनुमति न दी जा सके। वहीं, जो श्रद्धालु पहले ही भवन की ओर रवाना हो चुके थे उन्हें सुरक्षित स्थानों पर रोक लिया गया। जो यात्री धर्मनगरी कटड़ा भवन जाने के लिए पहुंचे थे मायूस नजर आए, क्योंकि लंबे इंतजार के बाद उन्हें माँ के दरबार के दर्शन का मौका मिलने वाला था। प्रशासन का कहना है कि मौसम के सुधरते ही यात्रा को पुन शुरू करने की व्यवस्था की जाएगी।

## सरकार परंपरा पर रोक...

का विरोध करने का फैसला लिया गया। महाकाल सेना ने खासतौर पर ब्राह्मणों से अपील की है कि वे रावण दहन जैसे आयोजनों में हिस्सा न लें। महाकाल सेना के संरक्षक महेश पुजारी ने कहा- इतिहास या रामायण में कहीं भी रावण दहन का उल्लेख नहीं है। यह परंपरा अब मनोरंजन और राजनीति का साधन बन चुकी है। उन्होंने कहा कि जो वास्तव में राम की तरह हैं, वही रावण दहन करें। अखिल भारतीय युवा ब्राह्मण समाज द्वारा रामघाट, गुदरी चौराहे और महाकाल घाटी के पास ये पोस्टर लगाए गए हैं। इन पोस्टरों में सवाल उठाया गया है कि आखिर रावण का दहन क्यों किया जाए और क्यों न इस परंपरा को बंद कर दिया जाए। पिछले साल भी महाकाल सेना ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर रावण दहन पर रोक लगाने की मांग की थी। दोनों संगठनों ने रावण दहन करने वाली समितियों से कई प्रश्नों का शास्त्र सम्मत उत्तर देने की मांग की है। उत्तर नहीं मिलने पर रावण दहन बंद करने की अपील की है।


**M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.**
Office of The Dy. General Manager (STM-STC) Division O&M Circle, Bhopal
E-mail ID : mpczdgmstcombhopal@gmail.com

NIT No. : DGM/STM-STC/Tender/2025-26/3504 Date : 16.09.2025

**NOTICE INVITING E-TENDER**

E-tenders are invited from eligible bidders for following works.

| Tender Notice Number | Particulars | Approx. Value (In Lakh) | EMD (Rs.) |
|---|---|---|---|
| 3504/01 Dt. 16.09.2025 | Interconnection of 11 KV Old Police Line feeder 5 Km. Under Parwaliya Sadak D/c (O&M) Division Bhopal | 9.77 | 29,400/- |

Bid Download Start/End Date & time : 17.09.2025, 15:00 Hrs. up to 24.09.2025, 15:30 Hrs.
Online Bid submission End Date & time : 24.09.2025, up to 15:30 Hrs.
Online Tender Opening Date & Time : 25.09.2025 at 15:30 Hrs.
Other details, terms and conditions are available on company website : https://portal.mpcz.in & https://mptenders.gov.in or the under signed office.

M.P. Madhyam/122139/2025 DGM (STM-STC)



आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन

हरिभूमि क्लासीफाइड संपर्क सूत्र : 9407279644 9300009644

हरिभूमि भोपाल बाजार — विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोप्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद





सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल



**नाम परिवर्तन**

मैं राहुल नामदेव आत्मज श्री कल्याण सिंह नामदेव, आयु वयस्क, जो कि मकान नं. 04, गली नं. 01, आदर्श नगर, बैरागढ़ कलां, हुजूर, भोपाल (म.प्र.) का निवासी हूँ। यह कि मेरी कक्षा 10वीं की अंकसूची में मेरा नाम राहुल नामदेव आत्मज श्री कल्याण सिंह दर्ज है जो कि अपूर्ण है। मेरा पूर्ण एवं सही नाम राहुल नामदेव आत्मज श्री कल्याण सिंह नामदेव निवासी मकान नं. 04, गली नं. 01, आदर्श नगर, बैरागढ़ कलां, हुजूर, भोपाल (म.प्र.) है। अतः भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना एवं पहचाना जावे।

राहुल नामदेव आत्मज श्री कल्याण सिंह नामदेव, निवासी-मकान नं. 04, गली नं. 01, आदर्श नगर, बैरागढ़ कलां, हुजूर, भोपाल

हरिभूमि आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना @ Rs. 1200/- साइज (फिक्स) 12X4 cm अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm 1 अप्रैल 2025 से लागू
बुकिंग के लिए संपर्क करें। मो. 9977912473

**आवश्यकता**

नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:- 9229187457

R-04 to 19-09-2025

आवश्यकता है – NATRAJ पेंसिल, पेन, रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा। भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है आपको। नौकरी की जरूरत हो तो संपर्क करें +919241054300 +918873762120

R-18, 19-09-2025

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक


## राशिफल

**मेष** — मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृष** — परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**मिथुन** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यभार में वृद्धि होगी। वाहन सुख में वृद्धि भी हो सकती है। व्यर्थ की चिंता बढ़ सकती हैं।

**कर्क** — क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों कार्यों में सफलता मिलेगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा। संयत रहें।

**सिंह** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा, परन्तु सन्तान के स्वास्थ्य से मन परेशान भी हो सकता है। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।

**कन्या** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्चों की अधिकता रहेगी।

**तुला** — किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार पर ध्यान रखें। कारोबारी कार्यों में कठिनाइयां आ सकती है।


**धनु** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। संयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की परेशानी बढ़ सकती हैं।

**मकर** — क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। शैक्षिक कार्यों में मनचाही सफलता मिलेगी।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी।

**मीन** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी, परन्तु शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी।

## शब्द पहेली - 5992



**बाएँ से दाएँ**
1.होठ,अधर-2
3.बड़ी सवारी गाड़ी-2
5.डोर-2
7.हरे रंग का-2
9.शक,संदेह-3
11.विस्फोटक -2
13.बड़ी नाली-2
15.नमस्कार,नमस्ते-3
17.प्राण-2
19.लक्ष्मी,कमला-2
22.बल,दम-3
24.ठाठ-बाट-2
26.पिता-2
28.कसर-2
30.कुमारी,तरुणी-3
32.जी,चित-2
34.नाखून-2
36.पढ़ने वाला-3
38.उद्देश्य-2
41.मोटा आटा-2
43.नामित-3
45.नर का विलोम-2
47.उर्वरक-2
49.भीगा हुआ-2
51.गिरवी वस्तु-3
53.मनमौजी-2
55.सम्मान-2
57.ले जाने वाला-3
60.आनंद,मजा-2
62.दोस्त,सखा-2
64.निर्माण-3
66.सदैव,हमेशा-2
67.नेत्र,नयन-2
68.आकाश,गगन-2
69.लाख,गोंद-2

**ऊपर से नीचे**
1.प्यार (अंग्रेजी-2)
2.भगिनी,दीदी-3
4.सभी-2
6.गीत गायन-2
8.मार्ग,रास्ता-2
10.मां का दुलार-3
12.आनंद,रस-2
14.थूक,लेस-2
16.अनुकृति-3
18.सरुर,खुमार-2
20.मां,मदर-2
21.घ्राणेंद्रिय-2
23.चरण तल-3
25.भीगा हुआ-2
27.देह,काया-2
29.मछली-2
31.नृत्य करना-3
33.टौंटी,नलका-2
35.गधा,गर्दभ-2
37.कटि-3
39.माफी-2
40.दोस्त,मित्र-2
42.वायु,गैस-2
44.कॉफी-3
46.मूल्य-2
48.जोर,बल-2
50.लक्ष्मी-2
52.जलमार्ग-3
54.स्थिति-2
56.नवीन-2
58.कूड़ा-3
59.नौकर-2
61.सत्य-2
63.दौड़ना-2
65.गर्भनाड़ी-2

**शब्द पहेली- 5991 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ल | ज्ज | त | दा | र | ■ | क | र | त | ब |
| म | त | ■ | क | ■ | ज | टि | ल | ■ | वा | र |
| न | ■ | क | रा | मा | त | ■ | म | य | ■ | ग |
| भा | गी | दा | र | ■ | प | ल | ■ | म | द | द |
| व | ■ | चा | ■ | अ | ट | ल | ■ | ■ | रा | ■ |
| न | ज | र | बं | द | ■ | का | न | भ | र | ना |
| ■ | मी | ■ | ■ | र | न | र | ■ | इ | ■ | म |
| अ | न | ल | ■ | क | र | ■ | अ | क | ब | र |
| म | ■ | ता | क | ■ | क | त | र | ना | ■ | ख |
| रू | ह | ■ | ह | ल | वा | ■ | दा | ■ | आ | ना |
| द | म | दा | र | ■ | स | न | स | ना | ना | ■ |

## सूडोकु नवताल - 6002

★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| | | | 2 | | | 7 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6001 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 9 | 6 | 2 | 8 |
| 2 | 8 | 9 | 6 | 5 | 7 | 1 | 4 | 3 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 4 | 5 | 7 | 9 |
| 9 | 3 | 7 | 8 | 1 | 6 | 4 | 5 | 2 |
| 6 | 5 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 1 | 7 |
| 1 | 4 | 2 | 5 | 7 | 3 | 8 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 6 | 3 | 4 | 1 | 2 | 8 | 5 |
| 4 | 2 | 5 | 9 | 6 | 8 | 7 | 3 | 1 |
| 8 | 1 | 3 | 7 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 |

## फ्री मेडिकल चैकअप एवं योग व हैल्थ कैंप का संचालन करेगा पतंजलि

# देश के प्रतिभावान विद्यार्थियों को 51 हजार रु.तक से पतंजलि करेगा पुरस्कृत

फैटी लीवर और लीवर सिरोसिस की नि:शुल्क औषधि वितरण एवं उपचार होगा

■ भारत को आर्थिक महाशक्ति बनाने के लिए चलाएंगे स्वदेशी आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मोत्सव पर स्वामी रामदेव महाराज ने आयोजित प्रेसवार्ता में कहाकि पीएम नरेंद्र मोदी के हिमालय जैसे व्यक्तित्व में स्वदेशी, स्वधर्म, राष्ट्रधर्म व सनातन धर्म सन्निहित है। स्वामी ने उनके वैश्विक नेतृत्व, व्यक्तित्व व चरित्र को प्रणाम करते हुए देश की नीतियों व नीयती को दिशा देने में बड़ी भूमिका निभाने वाले प्रधानमंत्री मोदी की दीर्घायु की कामना की। स्वामी ने स्वदेशी से आत्मनिर्भर और विकसित भारत₹ का निर्माण करने में पतंजलि की भूमिका व योगदान पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही विश्व में भारत के बढ़ते प्रभाव व अग्रणी भूमिका पर विशेष प्रकाश डाला।




प्रधानमंत्री प्रतिभा पुरस्कारः देश के सभी जिलों में सीबीएसई, बीएसबी (भारतीय शिक्षा बोर्ड) व स्टेट बोर्ड के प्रथम, द्वितीय व तृतीय प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रोत्साहन व गौरव देने के लिए पतंजलि द्वारा 11 से 51 हजार रुपयों से पुरस्कृत किया जाएगा। हेल्थ चैकअप एवं निशुल्क लीवर उपचारः देशभर में 750 स्थानों पर फ्री मेडिकल चैकअप एवं योग व हैल्थ कैम्प लगाए जाएंगे। देश में 750 से अधिक स्थानों पर क्रोनिक लीवर डिजीज, फैटी लीवर और लीवर सिरोसिस की निशुल्क औषधि वितरण एवं उपचार कैम्प लगाए जाएंगे। आज देश में करोड़ों लोग हार्ट व लीवर के रोगी हैं। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान में जिन असाध्य रोगों का इलाज नहीं है, पतंजलि ने योग-आयुर्वेद एवं स्वस्थ दिनचर्या तथा रिसर्च एण्ड एविडेंस बेस्ड औषधियों से ऐसे हजारों रोगियों को स्वस्थ किया है। विकसित भारत अभियानः भारत प्राचीनकाल से ही अर्थव्यवस्था के शिखर पर रहा है। 250 सालों में इस्ट इंडिया कंपनी से लेकर अनेकों कम्पनियों ने भारत की 100 ट्रिलियन से ज्यादा आर्थिक लूट केवल दो दशकों में की है। भारत की अर्थव्यवस्था को विश्व में सर्वोपरि बनाने के लिए प्रधानमंत्री के आह्वान 'वोकल फॉर लोकल' व स्वदेशी के आंदोलन को गांव-गांव व घर-घर तक जनांदोलन के रूप में चलाया जाएगा। प्रधानमंत्री द्वारा चलाए जा रहे विकसित भारत अभियान को साकार करने के लिए संपूर्ण देश भर में स्वदेशी का अभियान चलाकर, भारत को विश्व की आर्थिक महाशक्ति बनाने के लिए तथा राष्ट्र निर्माण के सभी क्षेत्रों में स्वदेशी को गौरव प्रदान करने के लिए व विदेशी ताकतों से देश की लूट को बचाएंगे तथा भारत को परम वैभवशाली बनाएंगे। स्वामी ने दैनिक जीवन में शून्य तकनीकी की अमेरिकी व विदेशी कंपनियों के बहिष्कार का आह्वान किया। विकसित भारत का सपना केवल प्रधानमंत्री का नहीं बल्कि 140 करोड़ भारतीयों का है। हमें अपने संकल्प व जुनून से भारत को विश्व का महानतम देश बनाना है। भारत को केवल आर्थिक ही नहीं बल्कि आध्यात्मिक शक्ति बनाना है।

## मुख्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों में आक्रोश

# संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने मंडी बोर्ड एमडी की विवादित कार्यशैली के खिलाफ खोला मोर्चा

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड के प्रबंध संचालक पुरषोत्तम कुमार की कार्यशैली से मंडी बोर्ड के ही तकनीकी अधिकारियों में आक्रोश व्याप्त है। इस संबंध में संयुक्त संघर्ष मोर्चा मध्यप्रदेश मंडी बोर्ड भोपाल के संयोजक बीवी.फौजदार ने मोर्चा की और से एक ज्ञापन भी सौंपा और मांग की एमडी के चहेते अधिकारी जिन्हें वे प्रतिनियुक्ति पर मंडी मुख्यालय लेकर आए हैं उन्हें मंडी बोर्ड से तत्काल से हटाया जाए।

मंडी बोर्ड मुख्यालय के गलियारों में चर्चा का विषय बन चुकी एमडी की मनमानी के बारे में मंडी सूत्रों ने बताया कि मंडी बोर्ड के प्रबंध संचालक की कार्यशैली विवादित, मनमर्जी की है। जिससे मंडी बोर्ड के धरातल अधिकारी - कर्मचारी में ही आक्रोश है। इतना ही नहीं अब तकनीकी अधिकारी - कर्मचारियों ने भी पत्र द्वारा शासन तथा जनहित में मध्य प्रदेश कृषि विपणन मंडी बोर्ड से संबंधित विवादित कार्यशैली तथा नियमों के विरुद्ध प्रबंच संचालक द्वारा भ्रष्टाचार से जुड़े प्रकरण में पक्षपात पूर्ण कार्रवाई करते हुए मंडी बोर्ड के प्रबंध संचालक पद से हटाने की मांग शासन और प्रशासन से की है।

### वरिष्ठ कार्यपालनयंत्रियों को नजरअंदाज कर प्रतिनियुक्ति पर लाए इजी. को अधीक्षण यंत्री बनाया

*सूत्रों के मुताबिक मंडी बोर्ड प्रबंधन संचालक के साथ पूर्व में भोपाल विकास प्राधिकरण में अधीनस्थ कार्य कर चुके संविदा कर्मचारी डॉ.निरंजन सिंह को मंडी बोर्ड में सलाहकार के पद पर नियुक्त किए जाने का मामला अभी ठंडा नहीं हुआ कि उन्होंने विकास प्राधिकरण में ही उनके साथ कार्य कर चुके लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री बोबी चौधरी जो मैकेनिक के इंजीनियर है को नियम विरुद्ध प्रतिनियुक्ति में लेकर आए और मंडी बोर्ड के वरिष्ठ कार्यपालन यंत्रियों को नजरअंदाज करते हुए उनके ऊपर अधीक्षण यंत्री के रूप में तैनात कर दिया।*

### स्वार्थों की पूर्ति के लिए चौधरी को सभी अधिकार प्रदान कर शक्तिशाली बनाया

*मध्यप्रदेश मंडी बोर्ड अधिनियम 1598 तथा मध्यप्रदेश राज्य विपणन 2000 के अनुसार कार्यपालन यंत्री तथा अधीक्षक यंत्री सिविल को ही तकनीकी एवं वित्तीय अधिकार है। बताया जा रहा है कि सर्वाधिकार प्राप्त मंडी बोर्ड के एमडी जो मंडी बोर्ड के अधिकारी-कर्मचारियों की शिकायतों की जांच भी खुद करते हैं इतना ही नहीं वे इसके खिलाड़ी बन चुके हैं। बताया जाता है कि मंडी बोर्ड में मैकेनिकल इंजीनियर की कोई जरूरत नहीं है,परंतु फिर भी स्वार्थों की पूर्ति के लिए चौधरी को सभी अधिकार प्रदान कर शक्तिशाली बनाया है।*

### बोर्ड की वरिष्ठता सूची के विरुद्ध प्रभारी बनाएं

*इतना ही नहीं मंडी बोर्ड मुख्यालय में पहले आओ पहले-पहले पाओ की तर्ज पर तकनीकी कायों में भी बोर्ड की वरिष्ठता सूची के विरुद्ध प्रभारी बनाए जाने का सिलसिला जारी है। सूची में 11 नंबर में संजय सिंह सहायक यंत्री का नाम है, परंतु वरिष्ठ 10 वरिष्ठ को नजरअंदाज करते हुए सिंह को ग्वालियर चंबल संभाग के तकनीकी संभाग का प्रभारी कार्यपालन यंत्री बनाया गया है। इसी प्रकार इस सूची में 14 नंबर पर सहायक यंत्री शैलेंद्र मंडलोई को सागर तथा रीवा संभाग का तकनीकी कार्यपालन बनाया गया है जब उसके उनसे वरिष्ठ छठवें नंबर पर आरक्षित वर्ग के सहायक यंत्री प्रभाकर मोरे अपने ही कनिष्ठ के अधीन कार्य करेंगे जो बड़ी विडंबना वाली बात है। जानकारी के मुताबिक सुनील कुमार पांडे राज्य परिवहन निगम के एक कर्मचारी को जबलपुर संभाग में प्रतिनियुक्ति पर संभाग की पाटन कृषि मंडी में प्रभारी सचिव के रूप में तैनात किया गया। परिवहन नियमों के मुताबिक उनके कर्मचारियों का सेवानिवृत का 58 वर्ष का नियम है। यह नियम 2025 को समाप्त होने के बाद प्रबंध संचालक द्वारा पहले 3 महीने के बाद अब फिर 2 महीने अर्थात 31 अक्टूबर 2025 तक उनका कार्यकाल बढ़ाकर नियम तथा शर्तों के विपरीत अब पांडे को 62 वर्ष की उम्र में सेवानिवृत किए जाने के लिए कागजी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। वहीं मंडी बोर्ड के किसी भी मंडी सचिव का कार्यकाल नहीं बढ़ाया गया।*

## खबर संक्षेप

### श्रीजी शिपिंग का एबिटडा मार्जिन बढ़ा

**नई दिल्ली।** श्रीजी शिपिंग ग्लोबल लिमिटेड ने वित्तवर्ष 25-26 की पहली तिमाही के अडिट न किए गए वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। कंपनी का ऑपरेशन से राजस्व 161.19 करोड़ था,कंपनी का एबिटडा 59.87 करोड़ था। अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक,अशोककुमार हरिदास लाल ने वित्तवर्ष 25-26 की पहली तिमाही की वित्तीय प्रदर्शन पर अपने विचार व्यक्त किए। हमने 59.87 करोड़ के एबिटडा और 37.54 करोड़ के शुद्ध लाभ के साथ मजबूत प्रदर्शन किया।

### फ्लिपकार्ट की डेज सेल पर मोटोरोला स्मार्टफोन

**नई दिल्ली।** मोटोरोला ने फ्लिपकार्ट की बिग बिलियन डेज सेल 2025 के लिए प्रीमियम और मिड-रेंज स्मार्टफोंस के अपने सबसे बड़े फेस्टिव लाइन-अप की घोषणा की। ये सभी स्मार्टफोन अविश्वसनीय दामों पर उपलब्ध होंगे। दुनिया के सबसे शानदार एआई-पावर्ड मोटोरोला डेज 60 प्रो और मोटोरोला डेज 60 फ्यूजन से लेकर बेस्टसेलिंग मोटो जी सीरीज स्मार्टफोन्स तक और आइकॉनिक मोटोरोला रेजर 60 सीरीज़ तक, मोटोरोला इस सीजन में त्योहारी शॉपिंग को आनंददायक बनाएगा।

### सर्वेश्वर ने कुल 149.95 करोड़ किए भुगतान

**नई दिल्ली।** सर्वेश्वर फूड्स लिमिटेड ने घोषणा की है कि उसने 24,99,10,469 पूर्णतः भुगतान कर इक्विटी शेयरों के राइट्स इश्यू को सफलतापूर्वक बंद किया है, जिसका कुल योग 49.95 करोड़ है। प्रत्येक इक्विटी शेयर की इश्यू कीमत 6 रुपए है। यह राइट्स इश्यू हमारे कंपनी के योग्य इक्विटी शेयरधारकों को अधिकार आधारित रूप में प्रदान किया गया था और यह 16 सितंबर 2025 को सफलतापूर्वक बंद हुआ।

### टाटा प्ले पर पसंदीदा फॉरएवर शुरू

**नई दिल्ली।** टाटा प्ले पर लाखों भारतीयों का पसंदीदा कार्टून नेटवर्क फॉरएवर शुरू हो रहा है। यह सेवा वारनर ब्रदर्स डिस्कवरी के सहयोग से पेश की जाएगी। इसके माध्यम से हर उम्र के दर्शक अपने बचपन के पसंदीदा कार्टून देख सकेंगे, वो भी बिना विज्ञापन के। यह प्रसारण हिंदी और इंग्लिश में किया जाएगा। ये सभी कार्टून टीवी के अलावा टाटा प्ले मोबाईल ऐप पर भी उपलब्ध होंगे।

### तनाएरा ने लांच किया फेस्टिव कलेक्शन मियारा

**मुंबई।** एथनिक वियर ब्राण्ड तनाएरा ने फेस्टिव कलेक्शन 'मियाराः क्राफ्टेड बाय हैण्ड, रूटेड इन प्योरिटी' का लांच किया है। महिलाओं के लिए पेश की गई यह हस्तनिर्मित रेंज पारम्परिक कारीगरी और आधुनिक डिज़ाइनों का बेहतरीन संयोजन है, जिसके डिज़ाइन इसे सबसे खास बनाते हैं। तनाएरा का नया कैंपेन 'द गिफ्ट ऑफ प्योर लव' फेस्टिव सीज़न में साड़ी के प्रति महिलाओं के लगाव का जश्न मनाता है।

## नए सोयाबीन का 'श्रीगणेश'

# गल्ला मंडी में 20 क्विंटल नए 'सोयाबीन' की आवक, व्यापारियों ने पूजा कर बांटी मिठाई

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी के करोंद स्थति पंडित लक्ष्मीनारायण कृषि उपज मंडी के अनाज यॉर्ड यानी गल्ला मंडी में बुधवार को नए सोयाबीन का 'श्रीगणेश' हुआ। सीजन में पहली फसल सोयाबीन की आवक 20 क्विंटल की हुई। भोपाल ग्रेन मर्चेंट एंड ऑयल सीड्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हरीश ज्ञानचंदानी और प्रवक्ता संजीव जैन ने बताया कि मंडी प्रांगण में नए सोयाबीन की आवक होने से व्यापारियों ने उल्लास का माहौल रहा। व्यापारियों ने जिस किसान द्वारा सोयाबीन लाया गया है उसकी आवभगत की और सोयाबीन की नीलामी के पूर्व उक्त नए फसल पर फूल चढ़ाया और नारियल फोड़ी और मिठाई खिलाकर किसान सहित सभी व्यापारियों का मुंह मीठा कराया।

संजीव जैन ने बताया कि भोपाल मंडी में 20 क्विंटल नया सोयाबीन बैरसिया रोड़ , काशी बरखेड़ा के किसान लेकर आए। जो नीलामी में सबसे ऊंचे दाम 4672 रुपए प्रति क्विंटल की बोली लगाकर श्री वल्लभ ट्रेडर्स के संचालक सुतेश जैन ने खरीदा। उन्होंने बताया कि उक्त नए माल में 12 से 13 फीसदी नमी थी, फिर भी व्यापारियों नई फसल का मुहूर्त सौदा नीलामी में ऊंचे भाव पर किया।



### व्यापारियों ने सेवा पखवाड़े के रूप में हनुमान जी को लगाया 75 किलोग्राम लड्डू का भोग, समूचे बाजार के व्यापारियों में बांटे



भोपाल। राजधानी के हनुमानगंज गल्ला बाजार स्थित हनुमान जी की सिद्ध मड़िया में भोपाल किराना वायपारी महासंघ के पदाधिकारियों और व्यापारियों ने पीएम मोदी के जन्मदिन को सेवा पखवाड़े के रूप में मनाते हुए हनुमान जी को 75 किलो ग्राम लड्डू का भोग लगाया और फिर समूचे बाजार में बांटा। इस मौके पर क्षेत्रीय पार्षद पार्षद, चेतन भार्गव सहित हनुमानगंज गल्ला बाजार के सभी व्यापारी मौजूद रहे।

## बिजनेस न्यूज

### मानसरोवर यूनिवर्सिटी में वनस्पति विज्ञान पाठ्यक्रम संरचना कार्यशाला



भोपाल। मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी में भारतीय ज्ञान परंपरा के संदर्भ में वनस्पति विज्ञान पाठ्यक्रम संरचना कार्यशाला का आयोजन किया गया। दो दिवसीय इस कार्यशाला के प्रथम दिवस स्नातक द्वितीय वर्ष, तृतीय वर्ष एवं स्नातकोत्तर तृतीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के पाठ्यक्रम निर्माण पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यशाला के आरंभ में मानसरोवर ग्लोबल कुलपति डॉ. एएस यादव ने प्रदेश के सभी विषय विशेषज्ञों का स्वागत करते हुए कार्यशाला की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। कार्यशाला को संबोधित करते हुए मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी के प्रो. चांसलर डॉ. अरुण कुमार पाण्डेय ने पादप जनित औषधियों की सही पहचान और सटीक प्रयोग पर बल दिया। मानसरोवर विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. पुष्पेंद्र तिवारी द्वारा अतिथियों का परिचय कराया गया। माधव विज्ञान महाविद्यालय उज्जैन के प्राचार्य प्रो. हरीश व्यास ने इंडस्ट्रियल बॉटनी को द्वितीय वर्ष में एक विषय के रूप में शामिल किए जाने का सुझाव दिया। पीएमई शासकीय नर्मदा महाविद्यालय प्रो. रवि उपाध्याय ने अध्ययन मंडल के सभी कार्यों का निष्पादन ऑफलाइन मोड में किए जाने का सुझाव दिया। कार्यक्रम में विक्रम विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. अखिलेश कुमार पाण्डेय ने सभी विषय विशेषज्ञों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम संयोजन डीन बॉटनी डॉ. प्रज्ञा सौरभ और डीन मैनेजमेंट डॉ. मीनाक्षी श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

### एलएन मेडिकल कॉलेज में रक्तदान शिविर का शुभारंभ

भोपाल। एलएन मेडिकल कॉलेज के जेके हॉस्पिटल में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान एवं रक्तदान शिविर का शुभारंभ एलएनसीटी ग्रुप के सचिव डॉ. अनुपम चौकसे द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एलएन मेडिकल कॉलेज की डीन डॉ. नलिनी मिश्रा ने की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि महिलाओं का स्वास्थ्य ही परिवार और समाज की मजबूती का आधार है। अभियान की नोडल अधिकारी डॉ. प्रियंका तिवारी ने विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि इस पहल के अंतर्गत महिलाओं के लिए स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम, निःशुल्क परामर्श सत्र और स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे। विभिन्न विभागों के चिकित्सकों ने सक्रिय सहभागिता निभाई और महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी सुझाव प्रदान किए। इस अवसर पर डॉ. पूजा पाटिल तथा डॉ. मानसी राठौड़ भी उपस्थित रहीं।

### द कॉन्क्लेव-2025 गहन चर्चाओं के साथ संपन्न

**नई दिल्ली।** द कॉन्क्लेव 2025 गहन चर्चाओं के साथ संपन्न हुआ इस दौरान सुरक्षा, विकास, स्वास्थ्य, राजनीति और सुशासन पर हुई बहस ने आयोजन को एक प्रखर स्वर दिया। अंतिम संबोधन राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने किया, जिसने पूरे दिन को दमदार अंदाज में समाप्त किया। कॉन्क्लेव का आयोजन प्रतिदिन नई दिल्ली में किया गया। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने ट्रेड, कॉमर्स एंड बियॉन्ड सत्र में कहा कि 2047 तक भारत की अर्थव्यवस्था 30–35 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच सकती है। उन्होंने जीएसटी सुधार, एमएसएमई समर्थन और निर्णायक नेतृत्व को प्रमुख कारण बताया। साथ ही कहा कि पिछले एक दशक में पूर्वोत्तर का विकास ऐतिहासिक है और प्रधानमंत्री मोदी की लगातार यात्राएँ इसका सबूत हैं।कार्यक्रम श्रीश्री रविशंकर और प्रतिदिन मीडिया नेटवर्क के चेयरमैन जयंत बरूआ ने भाग लिया। रविशंकर ने प्रतिदिन की निष्पक्ष पत्रकारिता की सराहना की और पूर्वोत्तर को "देव मूल" बताया। उन्होंने कहा कि मीडिया को भय नहीं, आशा का संचार करना चाहिए।

### बरखेड़ा रामलीला समिति की नई कार्यकारिणी का गठन



भोपाल। एचई सांस्कृतिक समाज बरखेड़ा रामलीला समिति की नई कार्यकारिणी के गठन हुआ। पिछले दिनों आयोजित एक बैठक में रामलीला स्टेज बरखेड़ा के संचालन के लिए सर्वसम्मति मुख्य संरक्षक प्रदीप कुमार उपाध्याय, कार्यपालक निर्देशक भेल भोपाल संरक्षक टी.यू. सिंह महाप्रबंधक मानव संसाधन रूपेश तेलंग महाप्रबंधक आर.एच.पटेल महाप्रबंधक के समर्थन में अध्यक्ष देवेन्द्र प्रताप सिंह और अध्यक्ष घोषित किया गया। इस मौके पर समिति के पदाधिकारियों ने बधाई दी।

### ग्रेट इंडियन फेस्टिवल उत्पादों पर आकर्षक डील्स का लाभ

**बेंगलुरू।** अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 23 सितंबर 2025 से शुरू हो रहा है और घर, रसोई तथा बाहरी उत्पादों की व्यापक रेंज पर आकर्षक डील्स लेकर आ रहा है। प्राइम सदस्यों के लिए यह सेल 24 घंटे पहले शुरू हो जाएगी। ग्राहक रोबोटिक वैक्यूम्स, वाटर प्यूरीफायर, फर्नीचर, सजावट, रसोई की जरूरी चीजों और त्योहारों में रोशनी के लिए आवश्यक चीज़ों के साथ अपने लिविंग स्पेस को और भी सुंदर बना सकते हैं। स्मार्टफोन पर 40 फीसदी तक की छूट , इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन और सौंदर्य, घरेलू रसोई और आउटडोर पर 80 फीसदी तक की छूट, रोजमर्रा की जरूरतों पर 70 फीसदी तक की छूट, टीवी और घरेलू उपकरणों पर 65फीसदी तक की छूट, अमेज़न फ्रेश, एलेक्सा के साथ इको, फायर टीवी और किंडल और बहुत कुछ पर 50 फीसदी तक की छूट मिलेगी।

### सकरा वर्ल्ड ने शुरू किया अत्याधुनिक मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पताल

**बेंगलुरु।** सकरा वर्ल्ड हॉस्पिटल ने इंटरनेशनल नी एंड ऑर्थोपेडिक सेंटर के सहयोग से बेंगलुरु के एचएसआर लेआउट में 50-बेड वाला अत्याधुनिक मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पताल शुरू किया है। इस अवसर पर कर्नाटक सरकार के बड़े और मध्यम उद्योग एवं अवसंरचना विकास मंत्री एमबी पाटिल मुख्य अतिथि रहे। नई सुविधा में आर्थोपेडिक्स, ऑर्थोस्पाइन, जनरल सर्जरी, कार्डियक सर्जरी, यूरोलॉजी, प्लास्टिक सर्जरी और न्यूरोसर्जरी जैसी प्रमुख विशेषताओं में विशेषज्ञ सेवाएं उपलब्ध होंगी। रोगी-केंद्रित देखभाल, उन्नत तकनीक और नैदानिक उत्कृष्टता को मिलाकर यह पहल स्वास्थ्य सेवाओं में नई ऊंचाइयां तय करेगी।

### रेनॉ ग्रुप ने संदीप भाम्ब्रा को नियुक्त किया चीफ डिजाइनर

**चेन्नई।** रेनॉ ग्रुप इंडिया ने भारत में लीडरशिप पदों पर दो महत्वपूर्ण नियुक्तियों की घोषणा की, जिससे यह स्पष्ट होता है कि भारत वैश्विक ऑटोमोबाइल डिजाइन और इंजीनियरिंग का उभरता हुआ केंद्र बनता जा रहा है। डॉ. विक्रमन वी को चेन्नई स्थित रेनॉ निसान टेक्नोलॉजी एंड बिजनेस सेंटर इंडिया में चीफ ऑफ रेनॉ इंजीनियरिंग नियुक्त किया गया है। वे इंजीनियरिंग उत्कृष्टता और नवाचार का नेतृत्व करेंगे, जिससे रेनॉ ग्रुप के वैश्विक परिवर्तन और भारत की उन्नत आएंडी में बढ़ती भूमिका को मज़बूती मिलेगी।डॉ. विक्रमन इससे पहले महिंद्रा एंड महिंद्रा में कार्यरत थे, जहां उन्होंने व्हीकल मैकेनिकल डिविज़न का नेतृत्व किया और लगभग दो दशकों तक वरिष्ठ नेतृत्व भूमिकाओं में रहे। उन्हें ईवी और आईसीई दोनों प्लेटफ़ॉर्म्स का गहरा अनुभव है।

## इश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है प्रकरण का संक्षिप्त विवरण आवेदक सन्नी राजपूत पिता पूरन सिंह राजपूत निवासी- कैलाश नगर सेमरा कलाँ भोपाल ने आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 109-110 मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि ग्राम कालापानी स्थित भूमि 369 /1 रकबा 0.052 हे. के आधार पर फौथी नामान्तरण किए जाने का आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो वह इस इश्तहार के जारी होने के 15 दिन के भीतर इस न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात् आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**तहसील कोलार, भोपाल**

---

परिशिष्ट B - संख्यांक 13
**जिला एवं सत्र न्यायालय भोपाल**
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ खंड, भोपाल
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
आरसीएस बी/39/2025
बैंक ऑफ बड़ौदा बनाम आशुतोष मिश्रा
NEXT DATE: 10-10-2025

प्रेषिती-
**आशुतोष मिश्रा**
**श्री आर के मिश्रा**
**पता-टाईप 3/13 इन्कम टैक्स कॉलोनी शाहपुरा, तहसील हुजूर जिला भोपाल एमपी**

यह कि प्रार्थी बैंक ऑफ बड़ौदा ने आपके विरुद्ध आरसीएस बी/39/2025 के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें

यह आज तारीख 14-08-2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

न्यायाधीश
(राहुल कुमार नामदेव)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ खंड

---

**बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda**

**बैंक ऑफ बड़ौदा**
**रेलवे सोसायटी अरेरा कालोनी शाखा, भोपाल**
**फोन : 0755-2562525**

## अनुलग्नक -1 रिडमशन नोटिस

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 6(2) और/या नियम 8(6) के अंतर्गत सूचना**

प्रिय महोदय/महोदया,

चूँकि बैंक ऑफ बड़ौदा, **रेलवे सोसायटी अरेरा कालोनी शाखा** के प्राधिकृत अधिकारी, जो एक सुरक्षित सिक्यूटर्ड क्रेडिटर है ने सरफेसी अधिनियम 2002 (जिसे आगे 'अधिनियम' कहा जाएगा) की धारा 13(2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 (जिसे आगे 'नियम' कहा जाएगा) के नियम 3 के साथ पठित, नीचे उल्लिखित तिथियों पर मांग सूचना जारी की है, जिसमें नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं/बंधककर्ता/जमानतदार से उक्त मांग सूचना में उल्लिखित राशि को उक्त सूचना प्राप्त होने के 60 दिनों के भीतर चुकाने का अनुरोध किया गया है।

और चूंकि आप राशि चुकाने में विफल रहे हैं, इसलिए अधोहस्ताक्षरी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के साथ नियम 4 और/या नियम 8 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, नीचे अनुसूची में विशेष रूप से वर्णित सुरक्षित संपत्तियों (जिन्हें आगे उक्त संपत्तियों के रूप में संदर्भित किया गया है) का कब्जा ले लिया है।

सुरक्षित संपत्ति का कब्जा लेने के बाद भी, आपने उपरोक्त कब्जा नोटिस में उल्लिखित बैंक को देय राशि का भुगतान नहीं किया है। सुरक्षित संपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में आपका ध्यान सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है। इसलिए आप सभी से अनुरोध है कि इस नोटिस की प्राप्ति से 30 दिनों के भीतर लागू ब्याज, लागत, शुल्क और खर्चों के साथ कब्जा नोटिस में उल्लिखित बकाया राशि का भुगतान करें और नीचे उल्लिखित अनुसार सुरक्षित संपत्ति को छुड़ा लें। यदि आप इस सूचना की प्राप्ति से 30 दिनों के भीतर उपर्युक्त बकाया राशि का भुगतान करने और सुरक्षित संपत्ति को भुनाने में विफल रहते हैं, तो बैंक ई-नीलामी बिक्री सूचना प्रकाशित करके सार्वजनिक ई-नीलामी के माध्यम से सुरक्षित संपत्ति को बेचने के लिए बाध्य होगा। ई-नीलामी की तिथि, समय और संपत्ति का आरक्षित मूल्य आपको अलग से सूचित किया जाएगा।

| ऋणी /जमानतदार एवं खाते का नाम | कब्जा की गई संपत्ति का विवरण | मांग सूचना दि. / कब्जा दिनांक |
|---|---|---|
| ऋणी- **श्री विजेश सिंह राठौर पुत्र हरिसिंह राठौर एवं श्रीमती रक्षा राठौर पत्नि श्री विजेश सिंह राठौर** **सभी का पताः** फ्लैट नं. ईडब्ल्यूएस-101, ब्लॉक ए-5, कैनाल किंशिप, वार्ड नं. 83, सलैया, भोपाल - 462026 | **बंधक संपत्ति स्थित फ्लैट नं. ईडब्ल्यूएस-101, ब्लॉक ए-5, कैनाल किंशिप, वार्ड नं. 83, सलैया, भोपाल - 462026** संपत्ति मालिक- श्री विजेश सिंह राठौर और श्रीमती रक्षा राठौर, चर्तुसीमाएँ : पूर्वः फ्लैट नं.102, पश्चिमः कॉरिडोर, उत्तरः सड़क, दक्षिणः सड़क | 10.10.2024 / 13.01.2025 / कब्जा नोटिस प्रकाशन दिनांक 15-01-2025 / कब्जे का प्रकार सांकेतिक |

प्रकाशन दिनांक : 18.09.2025, स्थानः भोपाल
प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा

---

खंड -1
ई-निविदा आमंत्रण सूचना
मध्यप्रदेश शासन

## कार्यालय कार्यालय पर्यावरण वानिकी वनमड़ल भोपाल मध्यप्रदेश

ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 02/ई-टेंडरिंग/2025-26 दिनांक 15.09.2025

1. कार्यालय पर्यावरण वानिकी वनमड़ल, भोपाल द्वारा म.प्र. भंडार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथा संशोधित 2022) के अंतर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्रं. | कार्य का नाम | निविदा दस्तावेजों का मूल्य |
|---|---|---|
| 1 | कार्यालय पर्यावरण वानिकी वनमड़ल, भोपाल के अंतर्गत भवन निमार्ण सामग्री विद्युत सामग्री, सेनटरी सामग्री, वृक्षारोपण से संबंधी एवं विविध सामग्री, हेतु सामग्री की निविदा दरें बाबत्। | 500/- |

2. निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर निःशुल्क देखे और डाउनलोड किए जा सकते है।
3. इच्छुक निविदाकार क्रेडिट/डेबिट/कैश कार्ड/ इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का आनलाईन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनांक 15.09.2025 दोपहर 12 बजे से निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 29.09.2025 शाम 5:00 बजे तक केवल ऑनलाईन खरीद सकते है।
4. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लेखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होगी।
5. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टलः https://www.mptenders.gov.in/

(विजय कुमार)
भा.व.से.
वनमंडलाधिकारी,
पर्यावरण वानिकी वनमड़ल भोपाल

G-18746/25 स्वच्छता ही सेवा

---

## सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जय प्रकाश जिला चिकित्सालय, भोपाल (मध्य प्रदेश)

क्र. 7864//स्टोर/2025
भोपाल, दिनांक 15/09/25

// कार्यालयीन फर्नीचर क्रय की ई-निविदा //

कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, जय प्रकाश जिला चिकित्सालय, भोपाल मध्य प्रदेश, जे.पी. अस्पताल परिसर भोपाल के शासकीय उपयोग में आने वाली कार्यालयीन फर्नीचर आदि क्रय के लिये एक वर्ष 2025-2026 हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदाकारगण राशि "सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, जय प्रकाश जिला चिकित्सालय, भोपाल मध्य प्रदेश" के खाते में ऑनलाइन जमा कर निविदा से सम्बंधित समस्त दस्तावेज ऑनलाइन https://mptenders.gov.in/ के माध्यम से निर्धारित समयावधि में डाउनलोड कर निविदा निम्नानुसार प्रस्तुत कर सकेंगे।

| क्र. | विवरण | दिनांक एवं समय |
|---|---|---|
| 1 | निविदा फॉर्म डाउनलोड प्रारंभ दिनांक | 22/09/25 दोपहर 10:00 बजे से |
| 2 | निविदा फॉर्म डाउनलोड अंतिम दिनांक | 13/10/25 प्रातः 06:00 बजे तक |
| 3 | निविदा अपलोड प्रारंभ दिनांक | 22/09/25. प्रातः 10:00 बजे से |
| 4 | निविदा अपलोड अंतिम दिनांक | 13/10/25 सायं 06:00 बजे तक |
| 5 | विभागीय क्रय समिति के समक्ष निविदा ओपनिंग दिनांक | 23/10/25 दोपहर 12:00 बजे |
| 6 | विभागीय क्रय समिति के समक्ष वित्तीय निविदा खोला जाना | तकनीकी प्रस्ताव के मूल्यांकन के बाद वित्तीय निविदा खोली जायेगी |
| 7 | निविदा फॉर्म क्रय राशि | 500/- रुपये मात्र |
| 8 | निविदा लागत राशि | 5,00,000/- लाख मात्र |
| 9 | धरोहर राशि | 50,000/- रुपये मात्र |

सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक
जय प्रकाश जिला चिकित्सालय, भोपाल (मध्य प्रदेश)

G-18757/25 " स्वच्छता ही सेवा "

चिंतन

# भारतवर्ष को एक बार फिर स्वदेशी आंदोलन की जरूरत

अठारह सौ सत्तावन का विद्रोह हो, असहयोग आंदोलन, भारत छोड़ो आंदोलन या फिर स्वदेशी आंदोलन, भारत की आजादी की लड़ाई में सारे वो पल थे, जिसने अंग्रेजी हुकूमत को हिलाकर रख दिया। इन आंदोलनों ने न केवल आजादी की लड़ाई को तेज धार दी, बल्कि ब्रिटिश हुकूमत की जड़ों को हिलाकर रख दिया। आजादी की इस लड़ाई में स्वदेशी आंदोलन का अहम योगदान रहा। महात्मा गांधी ने 22 अगस्त 1921 को विदेशी कपड़ों की होली जलाकर स्वदेशी' का नारा बुलंद किया। यह घटना न केवल ब्रिटिश साम्राज्यवाद के खिलाफ एक प्रतीकात्मक विरोध था, बल्कि भारतीयों में आत्मसम्मान और स्वदेशी वस्तुओं के प्रति प्रेम जगाने का एक शक्तिशाली कदम भी था। इस ऐतिहासिक क्षण ने स्वतंत्रता संग्राम में स्वदेशी भावना को प्रज्ज्वलित करने का काम किया। गांधीजी का मानना था कि स्वदेशी की भावना का पालन करने वाले व्यक्ति को केवल अपने निकटवर्ती पड़ोसियों द्वारा उत्पादित वस्तुओं का ही उपयोग करना चाहिए और उन उद्योगों को कुशल बनाकर उनकी सेवा करनी चाहिए, और उन क्षेत्रों में उन्हें मज़बूत करना चाहिए जहां उनकी कमी है। इससे न केवल गरीबी से मुक्ति मिलेगी बल्कि सहकारिता का भाव भी जागृत होगा। आज देश को इसकी सबसे ज्यादा जरूरत है। स्वदेशी केवल वस्तु नहीं, अपितु एक विचार है। आजादी से पहले विदेशी दासता के विरुद्ध संघर्ष का माध्यम बना था और अब इसे देश के विकास की धुरी बनाने की जरूरत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 75वें जन्मदिन पर बुधवार को मध्यप्रदेश के धार में अमेरिका के ट्रम्प टैरिफ का जवाब देते हुए स्वदेशी चीजें खरीदने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि आप जो भी खरीदें, वो देश में ही बना होना चाहिए। उसमें पसीना किसी देशवासी का होना चाहिए। आप जो भी बेचें, वह देश में ही बना होना चाहिए। हर दुकान पर बोर्ड हो- गर्व से कहो, ये स्वदेशी है। हमारे विदेशी प्रेम के चलते न केवल अर्थव्यवस्था पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है बल्कि हम अनेक चीजों के लिए विदेशी ताकतों के अधीन होकर रह गए हैं। स्वदेशी वस्तुओं को बढ़ावा देने का सबसे आसान और कारगर तरीका यही है कि रोजमर्रा की उपयोगी वस्तुओं में हम अधिक से अधिक स्वदेशी वस्तुओं का स्वयं उपयोग करें और दूसरों को भी ऐसा ही करने के लिए प्रेरित करें। प्रशासन, मीडिया आदि के द्वारा भी स्वदेशी वस्तुओं का अधिक-से-अधिक प्रचार-प्रसार किया जाए और स्वदेशी के महत्व को जन-जन तक पहुंचाया जाए। अब आप जरा ध्यान से समझें कि भारत एक घर है, और अमेरिका या यूरोप दूसरा घर। यदि आप भारत वासी होकर अमेरिका के घर की दुकान से सामान खरीदोगे तो वो पैसा और उसके अंदर की कमाई अमेरिका के घर के सुधार में ही लगेगी, वो पैसा तो गया भारत से। हम अगर अपने स्वदेश की चीजों पर पैसा खर्चेंगे तो जो हमारे उत्पादक भाई बंधू हैं उन्हें और पैसा मिलेगा, इससे वो और अच्छी वस्तुओं का निर्माण करने में लगायेंगे। कुछ त्याग आप और हम करेंगे तो ही ये देश खड़ा होगा, तेज गति से विकास करेगा। विज्ञापनों पर मत जाइये अपनी अक्ल लगाइए। कोई भी वस्तु ख़रीदें तो याद रखें कि वो देश का भला करने के लिए है या नहीं। स्वदेशी अपनाकर हम देश की अर्थव्यवस्था को मज़बूत तो करते ही हैं। स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा देते हैं, रोज़गार के अवसर बढ़ाते हैं और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देते हैं। यह अपनी संस्कृति और पारंपरिक कलाओं का संरक्षण भी करता है, इसीलिए जरूरी है कि स्वदेशी को आंदोलन का रूप दें।



आर्थिकी
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# जीएसटी सुधार से मजबूत होंगे एमएसएमई

ट्रंप की टैरिफ चुनौतियों के बीच देश में 22 सितंबर से लागू होने वाले वस्तु एवं सेवा कर ( जीएसटी) की नई घटी हुई दरों से उपभोक्ता मांग में भारी वृद्धि होगी और इससे देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहे जाने वाले एमएसएमई मजबूत होंगे। वस्तुतः अभी जीएसटी सुधार के साथ-साथ देश की अर्थव्यवस्था को 2027 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और 2047 तक भारत को दुनिया का विकसित देश बनाने के लिए एमएसएमई की विभिन्न चुनौतियों के समाधान के मद्देनजर नई रणनीति पर भी आगे बढ़ना जरूरी है। उम्मीद करें कि सरकार अभी भी मौजूद जीएसटी संबंधित कुछ उलझनों के समाधान से देश में एमएसएमई क्षेत्र को मजबूत बनाएगी।

यकीनन ट्रंप की टैरिफ चुनौतियों के बीच देश में 22 सितंबर से लागू होने वाले वस्तु एवं सेवा कर ( जीएसटी) की नई घटी हुई दरों से उपभोक्ता मांग में भारी वृद्धि होगी और इससे देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहे जाने वाले एमएसएमई मजबूत होंगे। वस्तुतः अभी जीएसटी सुधार के साथ-साथ देश की अर्थव्यवस्था को 2027 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और 2047 तक भारत को दुनिया का विकसित देश बनाने के लिए एमएसएमई की विभिन्न चुनौतियों के समाधान के मद्देनजर नई रणनीति पर भी आगे बढ़ना जरूरी है। एमएसएमई से जुड़े जीएसटी सुधार प्रमुख रूप से ऑटोमोबाइल, ड्रायफ्रूट्स उद्योग, खाद्य प्रसंस्करण, डेयरी उत्पाद, परिधान, लॉजिस्टिक्स, हस्तशिल्प, आवास निर्माण उत्पाद क्षेत्रों की इकाइयों को भारी लाभ देंगे। एमएसएमई क्षेत्र में जीएसटी दरों को कम किए जाने की रणनीति आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करने और स्थानीय उत्पादन को बढ़ावा देने तथा विशेष रूप से महिलाओं, ग्रामीण उद्यमियों और अनौपचारिक क्षेत्र के श्रमिकों के लिए रोजगार को बढ़ावा देगी।

इससे खासतौर से वस्त्र, खिलौने, हस्तशिल्प, चमड़ा और विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। यह बात महत्वपूर्ण है कि दोपहिया वाहनों, कारों, बसों और ट्रैक्टरों पर कम जीएसटी से मांग बढ़ेगी, जिससे टायर, बैटरी, ग्लास, प्लास्टिक और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र के एमएसएमई को लाभ होगा। ट्रैक्टरों पर जीएसटी घटाकर 5 फीसदी (1800 सीसी) करने से भारत की वैश्विक स्तर पर ट्रैक्टर विनिर्माण में अग्रणी बनने की स्थिति मजबूत होगी। साथ ही इससे संबद्ध एमएसएमई को प्रोत्साहन मिलेगा। वाणिज्यिक माल वाहनों (ट्रक, डिलीवरी वैन) पर जीएसटी 28 फीसदी से घटाकर 18 फीसदी कर दिए जाने से माल ढुलाई, लॉजिस्टिक्स लागत, महंगाई का दबाव कम होने से एमएसएमई को लाभ होगा। ऐसे में निश्चित रूप से जीएसटी की नई स्लैब से आम आदमी, छोटे व्यापारियों और एमएसएमई को राहत मिलेगी। चाहे आम आदमी के इस्तेमाल की चीज हों, चाहे वह किसानों से जुड़ी वस्तुएँ हों, चाहे वह मध्यम वर्ग से संबंधित वस्तुएं हों, चाहे वह शिक्षा, स्वास्थ्य, बीमा का क्षेत्र हो, प्रत्येक क्षेत्र में एमएसएमई को दी गई बड़ी जीएसटी राहत अर्थव्यवस्था को भी रफ्तार देंगी। यद्यपि अब जीएसटी दर घटने से एमएसएमई को कर राहत जरूर मिलेगी, लेकिन इसके अलावा एमएसएमई के समक्ष डिजिटल ढांचा, कुशल श्रमिक, बाजार पहुंच, फंडिंग की कमी टेक्नोलॉजी, सप्लाई चेन, डेटा सुरक्षा और स्किल डेवलपमेंट की चुनौतियां खड़ी हुई हैं। आईटी सेक्टर से जुड़े स्टार्टअप्स के समक्ष व्यावहारिक मार्गदर्शन, एक्सेस और प्रारंभिक निवेश की चुनौती है। खाद्य प्रसंस्करण जैसे उद्यमों में खराब तकनीक और कमजोर लॉजिस्टिक व्यवस्था के कारण गुणवत्ता में कमी की चुनौती है। ऊर्जा की अनियमित आपूर्ति और बड़ी कंपनियों से भुगतान में देरी एमएसएमई के विकास में बड़ी बाधा हैं। सिडबी की रिपोर्ट के मुताबिक अभी एमएसएमई के लिए सरल कर्ज की प्राप्ति एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। उल्लेखनीय है कि एमएसएमई क्षेत्र देश में उत्पादन, निर्यात और रोजगार में लगातार अपनी अहम भूमिका बढ़ाता जा रहा है। विगत 21 जुलाई को राज्यसभा में एमएसएमई मंत्री ने बताया कि देश में इस समय पंजीकृत 6.5 करोड़ एमएसएमई



करीब 28 करोड़ लोगों को रोजगार देते हैं। देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में एमएसएमई का योगदान करीब 30.1 फीसदी है। देश के एमएसएमई विनिर्माण में 35.4 फीसदी और निर्यात में 45.73 फीसदी योगदान दे रहे हैं। निश्चित रूप से अब इस समय तेज विकास की रणनीति के तहत तेजी से आकर ले रहे भारत के एफटीए में जिस तरह एमएसएमई के हितों को अधिक महत्व दिया जा रहा है, उससे देश के एमएसएमई के लिए नई वैश्विक संभावनाएं भी उभर कर दिखाई दे रही हैं। निसंदेह एमएसएमई के समक्ष ऊंचे टैरिफ से निर्मित चिंताओं को दूर करने हेतु मौजूदा वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में में एमएसएमई सेक्टर को मजबूत करने के उद्देश्य से बहुआयामी उपायों की जो एक वृहद श्रृंखला प्रस्तुत की गई है, उसके क्रियान्वयन पर तेजी से आगे बढ़ना होगा। इसके तहत वित्तीय सहायता और खरीद नीतियों से लेकर क्षमता निर्माण और बाजार एकीकरण तक की पहल शामिल हैं। प्रमुख पहलों में उद्यम पंजीकरण पोर्टल, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएमईजीपी, स्फूर्ति और एमएसई के लिए सार्वजनिक खरीद नीति शामिल हैं, जिनका उद्देश्य उद्यमिता को प्रोत्साहन देना, रोजगार बढ़ाना और अनौपचारिक क्षेत्रों को औपचारिक अर्थव्यवस्था में एकीकृत करना है। उद्योगों का विस्तार करने और दक्षता में सुधार करने में मदद करने के लिए, एमएसएमई वर्गीकरण के लिए निवेश और टर्नओवर सीमा बढ़ा दी गई है। चालू वित्त वर्ष 2025- 26 में एमएसएमई को दिए जाने वाले कर्ज का लक्ष्य पिछले वर्ष की तुलना में करीब 20 फीसदी बढ़ाकर सुनिश्चित किया गया है। सरकार निर्यातकों को सहारा देने के लिए 2250 करोड़ रुपये के निर्यात संवर्धन मिशन को तेजी से लागू करने और बिना रेहन के कर्ज दिए जाने की डगर पर आगे बढ़ रही है। टैरिफ तूफान के बीच एमएसएमई की क्षमताओं को उन्नत करने, संचालन को सुव्यवस्थित करने तथा निर्यात झटके से निपटने के लिए एमएसएमई को नीतिगत समर्थन का लाभ दिया जाना होगा। अब एमएसएमई के बढ़ावा देने की नई योजना, कारोबार में सरलता, वैश्विक बाजार में सरल पहुंच, अनुपालन बोझ में कमी, जीएसटी दरों में सरलता पर ध्यान देना। एमएसएमई को सीधे मदद और प्रक्रियाओं के माध्यम से मदद, दोनों ही डगर पर आगे बढ़ना होगा। इससे उनके व्यापक ढांचे में लचीलापन मिल सकेगा और उनके अनुपालन लागत में भी कमी आएगी। सरकार के द्वारा एमएसएमई के कारोबार करने को आसान बनाने और घरेलू खपत को बढ़ाने के तरीकों पर नए सिरे से आगे बढ़ना होगा। नई सप्लाई चेन और नए बाजारों की तलाश की जान होगी। विदेशों में वेयरहाउसिंग की सुविधा और वैश्विक ब्रांडिंग पहल से भी निर्यात का बाजार बढ़ाना होगा। इस बात पर भी ध्यान दिया जाना होगा कि बुनियादी ढांचे की मजबूती, अधिक लॉजिस्टिक्स सुविधाएं, कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराया जाने, ब्याज समतुल्य योजना को फिर से शुरू किया जाने तथा ऋण गारंटी कार्यक्रमों का विस्तार करने जैसे उपायों से एमएसएमई को वित्तीय राहत और स्थिरता प्रदान की जानी होगी। एमएसएमई के हित में उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं का विस्तार किए जाने से विशेष रूप से निर्यात-उन्मुख एमएसएमई लाभांवित होंगे। नवाचार की नई लहर एमएसएमई के लिए नया अध्याय लिख सकती है। उम्मीद करें कि सरकार अभी भी मौजूद जीएसटी संबंधित कुछ उलझनों कारोबार सरलता, डिजिटल ढांचा, कुशल श्रमिक, वैश्विक बाजार पहुंच, फंडिंग की कमी, नई टेक्नोलॉजी के सहयोग, स्किल डेवलपमेंट अनुपालन बोझ में कमी जैसी अहम चुनौतियों के समाधान से देश में एमएसएमई क्षेत्र को मजबूत बनाएगी और इससे देश आगे बढ़ेगा।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

अभियान
विवेक शुक्ला



# दो सफल ऑपरेशन के बाद अंतिम सांसें गिनते आतंकी

बीते कुछ महीनों में, विशेष रूप से 2025 में, दो प्रमुख अभियान ऑपरेशन महादेव और ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट ने देश-विरोधी ताकतों को गहरी चोट पहुंचाई है। ये अभियान आतंकवाद और नक्सलवाद जैसे कुष्ठ रोगों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई के उदाहरण हैं। इन ऑपरेशनों के सफल परिणामों ने न केवल सीमापार आतंकवादियों और आंतरिक विद्रोहियों को धूल चटा दी है, बल्कि पूरे राष्ट्र को एकजुटता और आत्मविश्वास का संदेश भी दिया है। ऑपरेशन महादेव जम्मू-कश्मीर की धरती पर एक मील का पत्थर साबित हुआ, जो आतंकवाद के खिलाफ भारत की जीरो टॉलरेंस नीति का जीवंत प्रमाण है। जुलाई 2025 में शुरू हुआ यह अभियान, विशेष रूप से पहलगाम हमले के मास्टरमाइंड्स को निशाना बनाने के लिए डिजाइन किया गया था। पहलगाम हमला, जिसमें निर्दोष पर्यटकों और नागरिकों को निशाना बनाया गया था, ने पूरे देश को झकझोर दिया था। लेकिन भारतीय सुरक्षा बलों भारतीय सेना, सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस के संयुक्त प्रयासों ने मात्र 14 दिनों में तीन शीर्ष पाकिस्तानी लश्कर-ए-तैयबा आतंकवादियों को मार गिराया। इस ऑपरेशन ने देश-विरोधी ताकतों को धूल में मिला दिया क्योंकि यह केवल सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि एक मनोवैज्ञानिक झटका था। लश्कर जैसे संगठन, जो पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के प्रतीक हैं, अब भारत की सीमाओं के पास सांस लेने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे। पहले जहां ये तत्व घुसपैठ कर निर्दोषों का खून बहाते थे, अब वे छिपने के लिए मजबूर हैं। उधर, ऑपरेशन महादेव ने स्पष्ट संदेश दिया कि भारत की सुरक्षा एजेंसियां किसी भी साजिश को कुचलने में सक्षम हैं। नतीजतन, जम्मू-कश्मीर में आतंकी घटनाओं में कमी आई है, और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में विश्वास बहाल हुआ है। यह सफलता न केवल स्थानीय आबादी को सुरक्षा का आश्वासन देती है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत की मजबूत इच्छाशक्ति को प्रदर्शित करती है। गृह मंत्री अमित शाह ने इसे 'सिंदूर स्ट्राइक' का हिस्सा बताते हुए कहा कि यह आतंक के आकाओं को चेतावनी है कि भारतीय नागरिकों की जान से खेलने का अंजाम विनाशकारी होगा। अब बात करते हैं ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट की, जो नक्सलवाद के खिलाफ भारत की सबसे बड़ी सफलताओं में से एक है। मई 2025 में छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर शुरू हुआ यह 24-दिवसीय अभियान, करेगुट्टालु पहाड़ियों जैसे नक्सली किलों को लक्ष्य बनाया गया। नक्सलवाद, जो दशकों से आदिवासी क्षेत्रों में विकास को बाधित कर रहा था, अब अपनी अंतिम सांसें ले रहा है।

सुरक्षा बलों ने 31 कुख्यात माओवादियों को मार गिराया, जिनमें टॉप लीडर बसवराजू जैसे नाम शामिल थे, जिन पर कुल 1.72 करोड़ रुपये का इनाम था। इसके अलावा, 214 नक्सली ठिकाने और बंकर ध्वस्त किए गए, 450 आईईडी, 818 बीजीएल शेल और 899 कोडेक्स बंडल जब्त किए गए। यह ऑपरेशन न केवल सैन्य दृष्टि से सफल रहा, बल्कि यह नक्सलवाद के 'यूनिफाइड कमांड' को तोड़ने में भी कारगर साबित हुआ। देश-विरोधी ताकतों को धूल चटाने का यह अभियान इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि नक्सली लंबे समय से 'रेड टेरर' फैला रहे थे। वे विकास परियोजनाओं को नष्ट करते, निर्दोष ग्रामीणों को निशाना बनाते और सरकार को कमजोर दिखाने का प्रयास करते। लेकिन ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट ने इन तत्वों की कमर तोड़ दी। 27 से अधिक विद्रोहियों की मौत, जिसमें शीर्ष कमांडर शामिल थे, ने नक्सल नेटवर्क को विखंडित कर दिया। अब करेगुट्टालु पहाड़ियों पर तिरंगा लहरा रहा है, जो माओवादी किले से शांति का प्रतीक बन गया है। सीआरपीएफ महानिदेशक ने इसे 'नक्सलवाद के अंत की शुरुआत' बताया, जो सही मायने में सत्य है। इन परिणामों से न केवल आंतरिक सुरक्षा मजबूत हुई, बल्कि आदिवासी समुदायों में विकास का द्वार खुला है। स्कूल, अस्पताल और सड़कें अब बिना डर के बन सकेंगी, जो नक्सलियों की सबसे बड़ी हार है। इन दोनों अभियानों की सफलता का श्रेय निस्संदेह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के दूरदर्शी नेतृत्व को जाता है। ऑपरेशन महादेव और ब्लैक फॉरेस्ट ने देश-विरोधी ताकतों को पूरी तरह धूल में मिला दिया है। आतंकवाद और नक्सलवाद जैसी चुनौतियां अब इतिहास का हिस्सा बन रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और गृह मंत्री शाह की रणनीतिक कुशलता ने इन सफलताओं को संभव बनाया। यह विजय न केवल सुरक्षा बलों की बहादुरी का सम्मान है, बल्कि पूरे राष्ट्र की एकता का प्रतीक भी। भविष्य में, ऐसे अभियान जारी रहेंगे, और भारत एक सुरक्षित, समृद्ध राष्ट्र के रूप में चमकेगा।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# वार्ता से निकल सकता है हर समस्या का हल



संकलित
दर्शन

वार्ता से प्रत्येक व्यक्ति का सरोकार है। जब मन में संदेह उपजे, हृदय अविश्वास से घिर जाए, मस्तिष्क में विचार न ठहरे, तब वार्ता से ही रास्ता निकलेगा। कोई भी विवाद हो, कैसी भी समस्या हो, फिर भी वार्ता से हल निकल सकता है। संबंधों में कितना भी ठहराव क्यों न आ जाए, लेकिन वार्ता के ताप से रिश्तों पर जमा बर्फ भी पिघल जाती है। वार्ता में शिथिलता के लिए केवल अहंकार दोषी होता है। किसी भी विध्वंस का कारण अंहकार ही रहा है। विश्व शांति की अवधारणा परस्पर संवाद पर ही टिकी है। संवादहीनता से कूटनीति और राजनीति अकेली पड़ सकती है। बातचीत चलती रहे तो विकल्प निकलने की संभावना बढ़ जाती है। चर्चाओं में तर्क, सुझाव और मतों का विभाजन होता रहता है। यह अनवरत प्रक्रिया है। जनता के मध्य निरंतर जनमत पर चर्चा चलती रहती है। लोक चर्चा और लोकमत से संसार की बड़ी समस्याओं पर सकारात्मक निष्कर्ष निकल सकते है। चर्चा या वार्ता को प्रोत्साहित करना उचित है। संवादहीनता को हतोत्साहित करना चाहिए। सभी द्वार भले ही बंद हो जाएं, लेकिन बातचीत का द्वार सदैव खुला रहे। लोग कहते हैं कि पैसों का काम पैसों से ही चलता है, बातों से नहीं। यह बात सच है कि बातों से कोई काम नहीं होता, काम तो काम करने से हो सकता है, लेकिन काम तभी हो सकता है, जब उस काम से पहले कोई विचार स्थिर हो। विचार स्थिर होगा तो उससे संबंधित बात पूरी हो सकेगी और बात होगी तो काम का आदेश होगा। काम का आदेश स्वयं या अन्य प्रकार का हो सकता है।

# हे श्री कृष्ण! तुम सर्वज्ञ हो



संकलित
प्रेरणा

एक वृद्ध महिला एक सब्जी की दुकान पर जाती है, उसके पास सब्जी खरीदने के पैसे नहीं होते है। वो दुकानदार से प्रार्थना करती है कि उसे सब्जी उधार दे दे पर दुकानदार मना कर देता है। उसके बार-बार आग्रह करने पर दुकानदार खीज कर कहता है, तुम्हारे पास कुछ ऐसा है, जिसकी कोई कीमत हो, तो उसे इस तराजू पर रख दो, मैं उसके वजन के बराबर सब्जी तुम्हे दे दूंगा। वृद्ध महिला कुछ देर सोच में पड़ जाती है। क्योंकि उसके पास ऐसा कुछ भी नहीं था। कुछ देर सोचने के बाद वह, एक मुड़ा-तुड़ा कागज का टुकड़ा निकालती है और उस पर कुछ लिख कर तराजू पर रख देती है। दुकानदार ये देख कर हंसने लगता है। फिर भी वह थोड़ी सब्जी उठाकर तराजू पर रखता है।आश्चर्य..!!! कागज वाला पलड़ा नीचे रहता है और सब्जी वाला ऊपर उठ जाता है। इस तरह वो और सब्जी रखता जाता है पर कागज वाला पलड़ा नीचे नहीं होता। तंग आकर दुकानदार उस कागज को उठा कर पढता है और हैरान रह जाता है। कागज पर लिखा था, हे श्री कृष्ण! तुम सर्वज्ञ हो, अब सब कुछ तुम्हारे हाथ में है। दुकानदार को अपनी आँखों पर यकीन नहीं हो रहा था। वो उतनी सब्जी वृद्ध महिला को दे देता है। पास खड़ा एक अन्य ग्राहक दुकानदार को समझाता है, कि दोस्त, आश्चर्य मत करो। केवल श्री कृष्ण ही जानते हैं की प्रार्थना का क्या मोल होता है। वास्तव में प्रार्थना में बहुत शक्ति होती है। चाहे वो एक घंटे की हो या एक मिनट की। यदि सच्चे मन से की जाए, तो ईश्वर अवश्य सहायता करते हैं।

## परंपरा



**हैदराबाद।** सिकंदराबाद में 78वें हैदराबाद मुक्ति दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान कलाकारों ने पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किया।

## आज की पाती

### भारत की कैसी ऋण प्रणाली

हीरा कारोबारी भगौड़े मेहुल चौकसी को बेल्जियम से वापस लाने के लिए भारत की तमाम जांच एजेंसियों ने पूरा जोर लगाया हुआ है। मेहुल चौकसी और उसके भतीजे नीरव मोदी ने पंजाब नेशनल बैंक में लगभग 13500 करोड़ का घोटाला किया हुआ है। अब यह भारत की कैसी ऋण प्रणाली है जिसमें चौकसी और मोदी जैसे बड़े-बड़े कारोबारियों को बड़ी ही आसानी से बैंकों से ऋण प्राप्त हो जाता है। लेकिन अगर उन्हीं बैंकों से किसी आम नागरिक, किसान या गरीब व असहाय व्यक्ति ने अपने जीवन को सुधारने के लिए ऋण की नाममात्र रकम ही क्यों न लेनी हो, उससे सैकड़ों औपचारिकताएं पूरी करवाने के साथ-साथ गारंटर भी मुहैया करवाना पड़ता है। लेकिन ये बड़े कारोबारी हमेशा सरकारों और बड़े नेताओं के करीबी होने का फायदा उठाते हैं और इन पर वाजिब कार्रवाई भी नहीं हो पाती। *- सतीश एक्का, कांकेर*

## ट्रेंड

### चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था



एक समय कहा जाता था कि विकास और इकोनॉमी के कार्य एक साथ संभव नहीं हैं। मोदी जी ने यह दिखाया कि कैसे गरीबों का कल्याण और अर्थव्यवस्था का उत्थान समानांतर संभव है। उनके नेतृत्व में भारत चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है।
- **अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### सिकल सेल एनीमिया



हमारे जनजातीय बहुल इलाकों में सिकल सेल एनीमिया एक बहुत बड़ा संकट होता है। हमारी सरकार जनजातीय भाई-बहनों को इस बीमारी से बचाने के लिए राष्ट्रीय मिशन चला रही है। आज मध्यप्रदेश में ही सिकल सेल स्क्रीनिंग का 1 करोड़वां कार्ड वितरित हुआ है।
- **जेपी नड्डा, सीएम, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री**

### स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार



'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान परिवार, समाज और राष्ट्र की मजबूती का आधार है। आज केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल की उपस्थिति में दिल्ली में भी इस अभियान का शुभारंभ किया।
-**रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### बेहद निंदनीय



सामाजिक कुरीतियों को खत्म करने तथा बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए आजीवन कार्य करने वाले महात्मा ज्योतिबा फुले के चैप्टर को राजस्थान यूनिवर्सिटी के पॉलिटिकल साइंस पाठ्यक्रम से हटाया जाना बेहद निंदनीय है।
-**अशोक गहलौत, पूर्व सीएम, राजस्थान**

## करंट अफेयर


# दुनिया संकट के कगार पर शांति पर निवेश करना होगा



वैश्विक सुरक्षा संकेतक स्पष्ट रूप से बताते हैं कि शांति और स्थिरता की स्थिति में गंभीर गिरावट आई है। अधिकांश रिपोर्टों के अनुसार, आज की दुनिया हाल के इतिहास में कहीं अधिक हिंसाग्रस्त और खतरनाक बन चुकी है। साल 2024 में, विश्वभर में राज्य-आधारित संघर्षों की संख्या 1946 के बाद अपने सबसे उच्च स्तर पर पहुंच गई है। लगातार दस वर्षों से सैन्य खर्च बढ़ रहा है और यह अब वार्षिक 2.7 खरब अमेरिकी डॉलर से ऊपर पहुंच चुका है। सशस्त्र संघर्षों के पीड़ित बच्चों की संख्या रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है, जबकि महिलाओं के अधिकारों पर भी वैश्विक स्तर पर खतरा है। विश्व आज कई जटिल संकटों का सामना कर रहा है। सितंबर 2024 में, संयुक्त राष्ट्र ने 'समिट फॉर द फ्यूचर' का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य शीत युद्ध के बाद बहुपक्षीय प्रणाली के पतन, बढ़ती संघर्ष स्थितियों और मानवीय आपदाओं से निपटने पर चर्चा करना था। ये सभी संकट जलवायु परिवर्तन के युग में उभर रहे हैं। ये संकट आपस में जुड़े हुए हैं, क्योंकि बढ़ती गर्मी और सूखे की स्थितियों के कारण हिंसा की आशंका बढ़ जाती है। इसके साथ ही, सैन्य बल ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन और पर्यावरणीय क्षति में भी बड़ी भूमिका निभाते हैं, जो कभी-कभी पर्यावरणीय अपराध के रूप में देखा जाता है।

## ऑफ बीट

# अपच आम बात है पर ये कभी-कभी चिंताजनक भी



मानव शरीर में पाचन तंत्र को दो भागों में बांटा जाता है- ऊपरी और निचला। ऊपरी पाचन तंत्र में मुंह, ग्रसनी, इसोफेगस (अन्ननली), पेट और छोटी आंत का पहला भाग डिओडेनम शामिल होता है। इन हिस्सों से जुड़ी समस्याओं में आमतौर पर डिस्पेप्सिया (अपच) शामिल है, जिसमें पेट फूलना, डकार आना, मतली और भारीपन जैसी शिकायतें देखी जाती हैं। यह स्थिति अम्लता, रिफ्लक्स या वॉटरब्रैश यानी गले में कड़वाहट के रूप में भी सामने आ सकती है। बाजार में अपच से राहत देने वाली कई दवाएं उपलब्ध हैं जैसे कि पेप्टो-बिस्मोल, गैविस्कॉन (जो पेट की अम्लीय परत पर एक सुरक्षात्मक परत बनाता है), और रैनी जैसी चबाने वाली टैबलेट। ओमेप्राजोल जैसी एसिड-घटाने वाली दवाएं भी बिना डॉक्टर के पर्चे के मिलती हैं, लेकिन लंबे समय तक इनका इस्तेमाल गंभीर बीमारियों की पहचान में देरी कर सकता है। अपच के संभावित कारणः तेज मसालेदार भोजन, पेट का संक्रमण, हाइटस हर्निया, गर्भावस्था, मोटापा, धूम्रपान और कुछ दवाएं (जैसे कि आईबुप्रोफेन, एंटीडिप्रेसेंट्स, आयरन टैबलेट्स) अपच का कारण बन सकती हैं। कुछ मामलों में यह हेलिकोबैक्टर पाइलोरी नामक बैक्टीरिया के संक्रमण के कारण भी होता है, जो पेट की परत में रहकर अल्सर का कारण बन सकता है।

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

# प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर पटवा ने दी शुभकामनाएं, कहा- पीएम के मार्गदर्शन और दूरदर्शिता ने करोड़ों भारतीयों को नई ऊर्जा और आत्मविश्वास प्रदान किया

## औबेदुल्लागंज में सेवा दिवस के रूप में मनाया प्रधामंत्री मोदी का जन्म दिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

भारत के नागरिक भाग्यशाली है कि वे भारत का नवनिर्माण होता देख रहे हैं हर क्षेत्र में नया भारत बन रहा है ये श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाता है। भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा ने कहा कि असंख्य भुजाओं की शक्ति है, हर तरफ देश की भक्ति है! तुम उठो तिरंगा लहरा दो, भारत के भाग्य को फहरा दो, यही समय है, सही समय है! भारत का अनमोल समय है! पटवा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपके मार्गदर्शन और दूरदर्शिता ने करोड़ों भारतीयों को नई ऊर्जा और आत्मविश्वास प्रदान किया है। राष्ट्र सेवा, समर्पण, आत्मानुशासन, दूरदृष्टि व प्रतिबद्धता से आपने विश्व पटल पर भारत की प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज कराई है।

## प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, 736 लोगों ने कराई जांच





बुधवार 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयोजित सेवा पखवाड़ा के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर औबेदुल्लागंज के शासकीय अस्पताल में 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विधायक सुरेंद्र पटवा भी शामिल हुए। आयोजित विशेष स्वास्थ्य शिविर में 311 महिलाओं एवं 425 पुरुषों का विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसके साथ ही 4 यूनिट रक्त दान भी किया गया। इस मौके पर नपा अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे, नपा उपाध्यक्ष नमिता बागिश अग्रवाल, पार्षद सना अमीर ममनून, पार्षद भारती सेठी, पार्षद हेमलता चौरसिया, कोमल चौहान तामोट, रामकिशोर चौहान तामोट, लोकेश परमार, युवा मोर्चा एवं मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, जीतू नंदवंशी आदि ने रक्तदान किया। इस अवसर पर पटवा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन एवं विश्वकर्मा जयंती की बधाई दी। इस अवसर पर कन्हैया नंदवंशी, अशोक यादव, सुरजीत सिंह बिल्ले, पंकज कोठारी, बागिश अग्रवाल, मनोज चौरसिया, राजेंद्र गुड्डू साहू, राम किशोर चौहान, सोनू चौकसे, माधव यादव, गजेंद्र नागर, पवनजोत सिंह, माया राय, राधा कुशवाहा बीलखेड़ी, सपना रैकवार, सुजीत यादव, दीपू परमार, नरेश सेठी, वचन लोधी, रामकिशोर नंदवंशी, बीएमओ अमृता जीवने, एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव, तहसीलदार निलेश सरवटे, नगर परिषद सीएमओ किरण रहंगडाले, जनपद सीईओ निखिलेश कटारे आदि मौजूद रहे।

## नगर विकास प्रस्फुटन समिति ने किया पौधरोपण

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर बुधवार को मप्र जन अभियान परिषद से चयनित नगर विकास प्रस्फुटन समिति द्वारा बीएसएनएल आफीस के पास कटहल, पारस पीपल एवं अन्य फलदार पौधे लगाए। पौधरोपण में ब्लॉक समन्वयक निशा पटेल, नगर परिषद के इंजीनियर जैन, नवांकुर संस्था से सुनील सेरिया, वीर सिंह चैहान, अध्यक्ष भूपेन्द्र नागर, उपाध्यक्ष राजेश सैनी, रज्जन नागर, बीएसएनल के आफीसर एवं कर्मचारी सहभागी बनें।






## सब जेल गौहरगंज में सेवा पखवाड़ा अभियान का शुभारंभ

सब जेल गौहरगंज परिसर में बुधवार को सेवा पखवाड़ा अभियान का शुभारंभ विधायक सुरेन्द्र पटवा के द्वारा किया गया। जेल विभाग एवं वन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से नमो वन कार्यक्रम का आयोजन कर जेल परिसर में पौधरोपण किया। इस दौरान 75 पौधे लगाए। कार्यक्रम में एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव, सुनील भारद्वाज अधीक्षक रातापानी वन विभाग, यशवंत शिल्पकार सहायक जेल अधीक्षक, अंचल भारद्वाज रेंजर वन विभाग, निखलेश कटारे सीईओ औबेदुल्लागंज, जनपद एवं मीडिया प्रभारी पंकज कोठारी, डॉ. भूपेंद्र नागर, अरविंद जैन आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### अधिवक्ता संघ गौहरगंज के बार अध्यक्ष ने किया पटवा का स्वागत

**औबेदुल्लगंज।** अधिवक्ता संघ के चुनाव के नवनियुक्त अध्यक्ष जेपी चतुर्वेदी के द्वारा भोजपुर विधानसभा के विधायक सुरेंद्र पटवा का स्वागत किया गया। इस दौरान पटवा ने अधिवक्ता संघ गौहरगंज बार के लिए 51 लाख रुपए की घोषणा की और उन्होंने कहा कि मैं हमेशा अधिवक्ताओं के लिए तत्पर रहूंगा। उन्होंने अधिवक्ता बार के भवन के लिए शीघ्र ही निर्माण राशि उपलब्ध कराने का वादा किया। इस अवसर पर वरिष्ठ वकील नारायण सेन, विनोद यादव, देवेंद्र शर्मा, अमिताभ शर्मा, बार एसोसिएशन के सदस्य एवं एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव भी मौजूद थे।

### जैन समाज के 50 श्रद्धालु तीर्थ यात्रा पर हुए रवाना




**औबेदुल्लागंज।** जैन समाज के महिलाएं एवं पुरुष बुधवार को तीर्थ यात्रा पर रवाना हुए। विधायक सुरेंद्र पटवा एवं नगर के गणमान्य नागरिकों ने सभी तीर्थ यात्रियों का फूल माला पहनाकर तिलक लगाकर स्वागत किया। पूर्व पार्षद मीना जैन को विधायक पटवा ने शुभकामनाएं दी कि आप सभी की यात्रा मंगलमय हो। सभी यात्री विशेष बस रवाना हुए, जिसमें 50 श्रद्धालु शामिल थे। ये सभी यात्री मुक्तागिर, भातकुली, कारंजा, वासिम, अंतरिक्ष पार्श्वनाथ, शिरपुर, कचनेर, पैठन, नेमगिरि, जिंतूर आदि पवित्र स्थलों के दर्शन करेंगे। वापसी के दौरान यह यात्रा सनावद (मुनि श्री साध्य सागर जी एवं मुनि श्री विश्व सूर्य सागर जी का सान्निध्य), सिद्धवरकूट तथा खातेगांव (मुनि श्री निराकुल सागर जी का आशीर्वाद) जैसे दिव्य स्थलों पर पहुंचकर संपन्न होगी।

### एलआईसी के रिटायर्ड कर्मचारी ने फांसी लगाकर दी जान

**भोपाल।** पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित अभिनव होम्स में मंगलवार रात बुजुर्ग ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शराब के नशे में उनकी पत्नी से कहासुनी हुई थी। कहासुनी के बाद वह कमरे में गए और फांसी लगा ली। उनके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस के अनुसार अरुण पर्वतकर (67) एसओएस रोड अभिनव कैंपस पिपलानी में रहते थे और एलआईसी से रिटायर्ड थे। शराब के नशे में अरुण की पत्नी से कहासुनी हो गई। कहासुनी बढ़ने पर वह अपने कमरे में चले गए। कुछ देर बाद पत्नी उन्हें खाना बुलाने के लिए उनके कमरे के बाहर पहुंची तो कमरा अंदर से बंद था। उन्होंने आवाज दी, लेकिन अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। उनका भतीजा संकेत ने गेट को धक्का देकर खोता तो अरुण कमरे में फांसी के फंदे पर लटकते दिखे।

### दादाजी धाम में नवरात्रि को लेकर बैठक आयोजित

**भोपाल।** राजधानी के रायसेन रोड के पास पटेल नगर स्थित जागृत एवं दर्शनीय तीर्थ स्थल दादाजी धाम मंदिर में श्री श्री 1008 श्री दादाजी गुरुदेव चेरिटेबल ट्रस्ट की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नवरात्रि के संबंध में हुई ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं ट्रस्टियों, मंदिर व्यवस्था समिति के सदस्यों ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 22 सितंबर से शारदीय नवरात्रि आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि पर मां दुर्गा जी को विशेष श्रृंगार वस्त्रों,आभूषणों से श्रृंगार, मंदिर में आकर्षक लाइटिंग की जाएगी।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 1736 | | |
| दिन: | 699 | 44 | 167 |
| रात: | 244 | 09 | 388 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 370 | 00 | 460 |
| रात: | 579 | 11 | 489 |

## खजूरी सड़क हाइवे पर श्याम पैलेस होटल के पास हुआ हादसा

# अचानक ब्रेक लगाने से डंपर से भिड़ी पीछे आ रही यात्री बस, आधा दर्जन यात्री हुए घायल

बस में महिला पुरुष व बच्चों समेत करीब 30 यात्री सवार थे

रोड खजूरी सड़क इलाके में मंगलवार बुधवार रात करीब ढाई बजे हुई टक्कर

पुलिस ने डंपर चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर वाहन जब्त कर लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खजूरी सड़क थाना क्षेत्र स्थित होटल श्याम पैलेस के पास हाइवे पर मंगलवार-बुधवार की दरमियानी अचानक ब्रेक लगाने से पीछे आ रही सवारी बस आगे जा रहे डंपर से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि आगे केबिन में बैठे बस के ड्राइवर व कंडक्टर और एक यात्री बुरी तरह जख्मी हो गए, जबकि करीब आधा दर्जन यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं। हादसे के समय निजी ट्रेवल्स की बस उज्जैन से नागपुर जा रही थी।

पुलिस के मुताबिक मूलरूप से ग्राम मउडी थाना शिवाना जिला बालोतरा राजस्थान निवासी प्रकाश पुरोहित (35) बीआर ट्रेवल्स की बस का ड्रायवर है। विगत 16 सितंबर की रात करीब साढ़े 10 बजे वह बस क्रमांक एआर 11 डी 9717 से उज्जैन से नागपुर सवारी लेकर जा रहे थे। उस समय बस में महिला-पुरुष व बच्चों समेत करीब 30 यात्री सवार थे। उसी दौरान होटल श्याम पैलेस के सामने मेन हाइवे रोड खजूरी सड़क इलाके में रात करीब ढाई बजे आगे जा रहे तेज रफ्तार डंपर चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। ब्रेक लगते ही चालक प्रकाश पुरोहित अपनी बस को कंट्रोल नहीं कर सका और ब्रेक लगाते-लगाते बस सामने डंपर से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस के आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। ड्राइवर प्रकाश के पैर स्टेयरिंग के नीचे फंस गए। हादसे में केबिन में बैठे प्रकाश पुरोहित समेत कंडक्टर किरण दांगी व एक यात्री चेतन को गंभीर चोटें आई हैं जबकि करीब आधा दर्जन यात्री मामूली रूप से घायल हुए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने डंपर चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर वाहन जब्त कर लिया है।

### डंपर चालक ने भी दर्ज कराया प्रकरण



डंपर चालक गोलू राजपूत निवासी थाना शाहगंज जिला सीहोर की शिकायत पर बस चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। उसने बताया कि वह अभिषेक शर्मा का डंपर चलाता है। विगत 16 सितंबर की रात ढाई बजे वह बकतरा सीहोर से डंपर में रेत भरकर ग्राम धामनिया लिजा भोपाल खाली करने के बाद वापस बकतरा लौट रहा था। उसी दौरान पीछे से आ रही बस के चालक ने तेजी से गाड़ी चलाते हुए डंपर को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे डंपर आगे से उठकर जमीन पर गिरा। डंपर का पीछे का डाला, पीछे का बंपर, क्राउन, केबिन व अन्य हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

### नगर बीच बाजार से गुजर रहे भारी वाहन, पुलिस नहीं करती कार्रवाई

**औबेदुल्लागंज।** नगर के बीच बाजार से भारी वाहन और रेत से भरे डंपर तेज रफ्तार से निकलते हैं, जिससे नगर में कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। वहीं इन वाहनों में लगे प्रेशर हार्न से लोगों को काफी परेशानी होती है, जबकि इन भारी वाहनों को बायपास रोड से निकलना चाहिए। इन वाहनों पर स्थानीय पुलिस कोई कार्रवाई नहीं करती।
औबेदुल्लागंज की पुलिस भी नगर में इंदौर में हुई घटना जैसे हादसे का इंतजार कर रही है। अगर पुलिस ने समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए तो यहां भी बड़ा हादसा हो सकता है। नगर में फर्राटा भरते भारी वाहनों में लगे तेज प्रेशर वाले हॉर्न भी लोगों के लिए मुसीबत बन गए हैं। इससे कई बार छोटे वाहन चालक घबरा जाते हैं और उनका वाहन भी अनियंत्रित हो जाता है। व्यापारी संघ एवं स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि इन वाहनों को बाईपास से ही निकला जाना चाहिए, जिससे हादसों से बचा जा सके।

## रामेश्वर ने रेलवे स्टेशन पर लगाई झाड़ू, कहा कि इसकी आदत डालें



सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया पीएम मोदी का जन्मदिवस

**संतनगर।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर हुजूर विधानसभा के भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत बुधवार को नीलबड़ चौराहे पर श्रमिकों का सम्मान किया और पुष्पमाला पहनाकर मिठाई वितरित की। विधायक शर्मा ने कहा कि श्रमिकों का सम्मान सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज को यह समझाने का प्रयास है कि बिना श्रम के प्रगति संभव नहीं। इसके बाद संत हिरदाराम नगर रेलवे स्टेशन पर स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ स्वच्छता अभियान चलाया गया। वहीं विधायक रामेश्वर ने खुद झाड़ू लेकर स्टेशन परिसर में सफाई की। साथ ही नागरिकों से भी साफ-सफाई को अपनी आदत बनाने की अपील की। गांधीनगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में भी शर्मा ने हिस्सा लिया। उन्होंने मरीजों से संवाद किया और महिलाओं के स्वास्थ्य पर विशेष जोर देने की बात कही। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वीडियो संदेश भी दिखाया गया, जिसे शर्मा ने लोगों के साथ सुना। रामेश्वर शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने राजनीति को सेवा का माध्यम बनाया है। उनका जीवन हमें सिखाता है कि सच्चा नेतृत्व वही है जो हर वर्ग के कल्याण के लिए समर्पित हो।

## फेयरवेल विदाई समारोह में छात्राओं की हुईं आंखें नम

संत हिरदाराम इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में आयोजित किया गया कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर।

संत हिरदाराम इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (एसएचआईएम) में फ्रेशर और फेयरवेल पार्टी का भव्य आयोजन किया गया। यह अवसर नए प्रवेशित एमबीए, बीबीए और इंटीग्रेटेड एमबीए छात्राओं के स्वागत और पास-आउट बैच को विदाई देने का प्रतीक बना, जिसमें उत्साह, आनंद और पुरानी यादों का सुंदर संगम दिखाई दिया। कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए गए मनमोहक रैंप वॉक, गायन और नृत्य ने पूरे वातावरण को जीवंत बना दिया और सभी ने उनकी रचनात्मकता एवं आत्मविश्वास की सराह सराहना की। इस दौरान विभिन्न श्रेणियों में छात्राओं को खिताब प्रदान किए गए, जिनमें मिस एसएचआईएम का खिताब ज़ीन खान (इंटीग्रेटेड एमबीए) और मुस्कान वासवानी (एमबीए) को मिला।

मिस फ्रेशर के खिताब से भावना जाट (बीबीए), शुभी जैन (एमबीए) और महक पाल (इंटीग्रेटेड एमबीए) को सम्मानित किया गया। इसके अलावा खुशी राय को मिस ईव और लविषा राजदेव को मिस डायनेमिक के खिताब से नवाज़ा गया। समारोह का सबसे भावनात्मक पहलू तब देखने को मिला जब पास-आउट छात्राओं ने अपने अनुभव और यादें साझा की, विदाई समारोह में छात्रों की आंखें नम हो गईं।




## पंचायत के सभागृह में मनाई काका की पुण्यतिथि

# संत नगर में गोशाला बने, तभी होगी काका मोटूमल को सच्ची श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर



संत हिरदाराम नगर के वरिष्ठ समाजसेवी, कई सामाजिक संगठनों व व्यापारिक संगठनों के साथ जुड़े व पूज्य सिंधी पंचायत के संस्थापक स्व.मोटूमल वासवानी काका की पुण्यतिथि श्रद्धा के साथ पंचायत के संभागृह में मनाई गई। सर्वप्रथम वासवानी के छायाचित्र पर मालार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नरेश ज्ञानचंदानी ने कहा काका ने समाज में एकजुटता लाने के लिए कई सामाजिक व व्यापारिक संगठनों का गठन किया, जिसके द्वारा समाज की सेवा की जाती थी। पंचायत अध्यक्ष माधु चांदवानी ने कहा कि समाज में बढ़ती कुरीतियों को समाप्त करने के लिए काका वासवानी ने संत नगर में पूज्य सिंधी पंचायत का गठन किया। संघ के प्रमुख बसंत चेलानी ने कहा कि काका वासवानी गो माता व पशु पक्षियों की दाने पानी की व्यवस्था करते थे। कहते थे कि संत नगर में भी गो शाला बननी चाहिए। इसके लिए मैं पंचायत से निवेदन करुगा कि वे आगे आए प्रयास करें, जिससे गो शाला का निर्माण हो।



## रतुआ रतनपुर पंचायत में पीएम मोदी के जन्मदिन पर लगाया स्वास्थ्य शिविर

**बैरसिया।** राजधानी के बैरसिया क्षेत्र के रतुआ रतनपुर पंचायत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर विधायक विष्णु खत्री के नेतृत्व में आरपी फाउंडेशन व पीपुल्स हॉस्पिटल भानपुर द्वारा दो दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मरीजों की जांच एवं इलाज किया गया। सामान्य रोग, हड्डी रोग, हृदय रोग, स्त्री रोग, छाती एवं सांस रोग, शिशु रोग, दंत रोग, चर्म रोग, सर्जरी नाक-कान-गला आदि का उपचार किया जा रहा है। मरीज को एक्स्ट्रा सोनोग्राफी की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। जिन मरीजों को घातक बीमारी इयर्स सर्जरी की आवश्यकता है उन मरीजों को पीपुल्स हॉस्पिटल भानपुर भोपाल के लिए भेजा जाएगा।

## राजा भोज विमानतल पर 'यात्री सेवा दिवस' पर तिलक लगाकर यात्रियों का किया स्वागत

# राजा भोज एयरपोर्ट पर पारंपरिक जनजातीय नृत्य 'गुडुंबाजा' पर झूमे यात्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

राजा भोज विमानतल, भोपाल पर बुधवार को 'यात्री सेवा दिवस' पर कई आयोजन हुए। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं सामाजिक कल्याण गतिविधियों आयोजित की गई।

यह आयोजन भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की यात्री अनुभव को बेहतर बनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यात्री सुविधा एवं सेवाओं के तहत यात्रियों का पारंपरिक तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इस दौरान यात्रियों के लिए पेय पदार्थ जूस के साथ निःशुल्क चाय काउंटर लगाए गए। शाम 4:30 बजे तक 2000 से अधिक यात्रियों ने भोपाल विमानतल से यात्रा की।

### 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत रोपे पौधे

'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत टर्मिनल भवन के सामने पौधरोपण किया गया। चंपा, चांदनी, बेहड़ा, कचनार, चिरौंजी, कांजी, सप्तपर्णी और कनक के पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में भोपाल के सांसद आलोक शर्मा, पुलिस आयुक्त भोपाल हरिनारायणाचारी मिश्रा विशेष अतिथि रहे। सांसद ने यात्रियों से भेंट की, उनसे बातचीत कर सेल्फी भी ली। उन्हें विमानतल निदेशक द्वारा 'यात्री सेवा दिवस' बैज पहनाकर स्वागत किया गया। इसके बाद एयरपोर्ट पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई।





### लोकनृत्य की दी प्रस्तुतियां

आगमन एवं प्रस्थान दोनों हॉल में स्थानीय कलाकारों द्वारा लोकनृत्य प्रस्तुतियां दी गईं। मध्यप्रदेश की भील और गोंड जनजाति का पारंपरिक जनजातीय नृत्य 'गुडुंबाजा' प्रमुख स्थानों पर प्रस्तुत किया गया। यात्री इन प्रस्तुतियों का भरपूर आनंद उठाते दिखे और कई यात्री कलाकारों के साथ नृत्य में शामिल हुए।

### प्रतियोगिता में शामिल बच्चों को दिए उपहार

बच्चों के लिए क्विज एवं पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। चित्रकारी सामग्री व ड्रॉइंग शीट्स विमानतल की ओर से उपलब्ध कराई गईं। बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सभी प्रतिभागियों को उपहार एवं पुरस्कार दिए गए। सिटीसाइड क्षेत्र में क्रिएटिव फोटो, सेल्फी बूथ लगाए गए। बड़ी संख्या में यात्रियों ने फोटो खींचे।

### रेड क्रॉस सोसाइटी ने लगाया रक्तदान शिविर

रेड क्रॉस सोसाइटी, भोपाल के सहयोग से रक्तदान शिविर आयोजित हुआ, जिसमें लगभग 25 यूनिट रक्त दान किया गया। अपोलो सेज हॉस्पिटल, भोपाल के सहयोग से यात्रियों हेतु निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया, जिसमें बीपी, ब्लड शुगर, बीएमआई, ईसीजी आदि जांचे की गईं। सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय, भोपाल के सहयोग से टैक्सी, कैब चालकों एवं विमानतल स्टाफ के लिए निःशुल्क नेत्र एवं दंत जांच शिविर लगाया गया। शिविर में लगभग 142 टैक्सी चालकों ने नेत्र जांच कराई और लगभग 126 लोगों ने दांत की जांच करवाई। वहीं कक्षा 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों ने फ्लाइंग क्लब का भ्रमण किया। उन्हें विमान परिचालन एवं उड्डयन क्षेत्र में कॅरियर अवसरों के बारे में जानकारी दी गई।

खबर संक्षेप

## सौवीं जयंती पर याद किए गए श्रीनिवास तिवारी, अर्पित की श्रद्धांजलि

**भोपाल।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, मप्र विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष दादा श्रीयुत श्रीनिवास तिवारी की 100वीं जयंती का आयोजन मध्यप्रदेश जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेश कांग्रेस कार्यालय, भोपाल में किया गया। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने दादा श्री तिवारी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके जीवन संघर्ष और योगदान को स्मरण किया। कार्यक्रम में भोपाल शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना, वरिष्ठ नेता आनंद तारण, प्रदेश प्रवक्ता अभिनव बरोलिया, प्रदेश प्रवक्ता मिथुन अहिरवार, आसिफ मिर्ज़ा, सुशील प्रजापति और ऋतिक तिवारी सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहे। नेताओं ने कहा कि दादा श्रीनिवास तिवारी ने अपने दीर्घ राजनीतिक जीवन में सदैव लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा की और मध्यप्रदेश विधानसभा की गरिमा को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी पारदर्शी कार्यशैली, संघर्षशील जीवन और संगठन के प्रति निष्ठा आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देती रहेगी। जयंती कार्यक्रम में कांग्रेसजनों ने संकल्प लिया कि दादा श्रीनिवास तिवारी के आदर्शों और सिद्धांतों पर चलकर संगठन को मजबूत करेंगे और जनता की आवाज़ को बुलंद करेंगे।

## टहलते समय मकान की छत से गिरे नगर निगमकर्मी की मौत

**भोपाल।** अयोध्या नगर थाना क्षेत्र स्थित नरेला शंकरी में नगर निगमकर्मी की दूसरी मंजिल से गिरकर मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। उन्होंने आत्महत्या की या फिर वह छत से गलती से गिरे पुलिस जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार अशोक ठाकुर (38) नरेला शंकरी अयोध्या नगर में रहते थे। वे नगर निगम में दैनिक वेतन भोगी के रूप में काम कर रहे थे। मंगलवार रात करीब साढ़े दस बजे उन्होंने खाना खाया और टहलने के लिए छत पर चले गए। कुछ देर बाद परिजन को पता चला कि वे छत से नीचे गिर गए हैं। क्षत से गिरने के कारण उन्हें सिर सहित शरीर में गंभीर चोट आई थी। परिजन उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजन ने बताया कि वे बीमारी से परेशान थे। उन्होंने आत्महत्या की या फिर दुर्घटनावश छत से गिर गए यह पता लगाने जांच की जा रही है।

## भाई से फोन पर कहा पत्नी बच्चों को ले जा, फिर लगा ली फांसी

**भोपाल।** हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित सरस्वती विद्या मंदिर के पास ई-4, अरेरा कॉलोनी में बुधवार दोपहर एक युवक ने फांसी लगा ली। फांसी लगाने से पहले उसने अपने बड़े भाई को कॉल कर कहा था कि घर आकर पत्नी और बच्चों को ले जा। भाई जब पहुंचा तो वह फांसी लगा चुका था। घटनास्थल से सुसाइड नोट नहीं मिलने से आत्महत्या के कारण का पता नहीं चल सका है। पुलिस के अनुसार सुरेश सिंधे पिता बनारसीलाल सिंधे (33) सरस्वती विद्या मंदिर के पास रहता था और प्राइवेट काम करता था। उसके परिवार में पत्नी के अलावा बच्चे हैं। दोपहर करीब 12 बजे उसने भाई को कॉल कर घर बुलाया था। वह कह रहा था कि जल्द आकर बच्चों और पत्नी को लेकर चला जा। जब भाई सुरेश के घर पहुंचा तो उसने उसे फांसी के फंदे पर लटके देखा। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

## प्रदेश के 9 हजार 307 सरकारी स्कूलों में हुई पीटीएम

**भोपाल।** प्रदेश में कक्षा 9 से 12 तक के 22 लाख से अधिक विद्यार्थियों की त्रैमासिक परीक्षा के बाद शैक्षणिक प्रगति के मूल्यांकन के लिये मंगलवार को अभिभावकों और शिक्षकों की मीटिंग (पीटीएम) हुई। त्रैमासिक परीक्षा में 22 लाख 19 हजार से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए थे। पीटीएम के आयोजन का मुख्य उद्देश्य पालक और विद्यालय के बीच सहयोगात्मक साझेदारी का निर्माण कर विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिये एक सहायक वातावरण निर्मित करना है।

शाहपुरा विसर्जन घाट से महापौर ने किया शुभारंभ वैज्ञानिकों की निगरानी में हो रहा निर्माण

# निर्माल्य नींबू-संतरे से बने बायो एंजाइम से शहर में पहली बार जल शुद्धिकरण की पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



नगर निगम भोपाल ने जल स्त्रोतों के प्राकृतिक शुद्धिकरण के लिए एक अनूठी पहल की है। पहली बार शहर में निर्माल्य नींबुओं से तैयार बायो एंजाइम का उपयोग जल शुद्धिकरण के लिए किया गया।

बुधवार शाम महापौर मालती राय ने शाहपुरा विसर्जन घाट पर स्प्रे मशीन के जरिए इसका छिड़काव कर प्रक्रिया की शुरूआत की। इस दौरान नाव से भी विसर्जन घाट पर बायो एंजाइम का छिड़काव कराया गया। नगर निगम ने धार्मिक स्थलों से एकत्रित नींबुओं के छिलकों को गुड़ के साथ मिलाकर रीसायकल हब में बायो एंजाइम तैयार किया है। इस प्रक्रिया में सीनियर वैज्ञानिक डॉ. योगेन्द्र सक्सेना का मार्गदर्शन लिया गया। विशेषज्ञों के अनुसार, बायो एंजाइम पूरी तरह प्राकृतिक और सुरक्षित है, जिससे जल स्त्रोतों पर कोई दुष्प्रभाव नहीं पड़ेगा। नगर निगम भविष्य में सब्जी मंडियों, मंदिरों, घरों और जूस की दुकानों से निकलने वाले नींबू, संतरे व अन्य फलों के छिलकों का उपयोग कर बड़े पैमाने पर बायो एंजाइम बनाने की योजना बना रहा है। निगम इसके उपयोग को विसर्जन स्थलों के अलावा गार्बेज स्टेशनों व अन्य जगहों तक विस्तारित करेगा। इस अवसर पर महापौर परिषद सदस्य सुषमा बाबीसा, पार्षद अरविंद वर्मा और सीनियर वैज्ञानिक डॉ. सक्सेना मौजूद रहे। महापौर ने कहा कि यह पहल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सतत रूप से जारी रहेगी।

रहवासियों की शिकायत पर लिया संज्ञान

# आयोग की टीम पहुंची शराब दुकान की जांच करने



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर की पॉश कालोनियों में शामिल अरेरा कालोनी में संचालित हो रही शराब दुकान को लेकर मानव अधिकार आयोग ने संज्ञान लेते हुए प्रतिवेदन मांगा है। इस पर आबकारी विभाग की टीम ने बुधवार को रहवासियों के बयान दर्ज किए हैं। रहवासियों का कहना है कि यदि अवैध शराब दुकान पर कार्रवाई नहीं होती है तो वह धरना प्रदर्शन करेंगे। कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता विवेक त्रिपाठी ने बताया कि अरेरा कॉलोनी में शराब समूह द्वारा आवासीय भूखंड पर अवैध शराब दुकान-कम-बार संचालित किया जा रहा है। जिसकी निरंतर शिकायत रहवासियों द्वारा जिला प्रशासन से की गई, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की गई है। इससे रहवासियों द्वारा राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया। जिस पर आयोग ने संज्ञान लेते हुए प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का आदेश पारित किया गया था। इसके बाद विभाग के अधिकारियों ने शिकायतकर्ताओं और रहवासियों के बयान दर्ज किए हैं। शिकायतकर्ता और रहवासी पूर्णेंदु शुक्ला ने कहा शराब दुकान धार्मिक स्थल और बच्चों के अस्पताल के पास खुलवाना नियमों का उल्लंघन है। रहवासी लवनीश भाटी ने कहा कि यह अधिकारियों और शराब माफिया की मिलीभगत से एक रहवासी भूखंड का व्यावसिक उपयोग कर शराब दुकान का संचालन किया जा रहा है।

मंत्री सारंग ने तात्या टोपे खेल स्टेडियम में किया रक्तदान शिविर का शुभारंभ

# 'सेवा परमो धर्मः' की भावना के साथ राष्ट्र सेवा के लिए कार्य करें युवा: सारंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत बुधवार को तात्या टोपे खेल स्टेडियम, भोपाल में खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर एवं खिलाड़ियों द्वारा सेवा कार्य कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मंत्री सारंग ने स्कूली छात्राओं व खिलाड़ियों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा धार जिले के भैंसोला में पीएम मित्र पार्क का शिलान्यास एवं स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी देखा।

**महिला आत्मरक्षा प्रशिक्षण में बेटियों ने सीखी आत्मरक्षा की तकनीकें**




### महिला आत्मरक्षा प्रशिक्षण से बढ़ा आत्मविश्वास

कार्यक्रम के अंतर्गत महिला आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर में छात्राओं और महिलाओं ने मार्शल आर्ट अकादमी के प्रशिक्षकों से आत्मरक्षा की विभिन्न तकनीकें सीखीं। यह प्रशिक्षण महिलाओं में आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की भावना भी जगाता है।मंत्री श्री सारंग ने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि बहन-बेटियां हर परिस्थिति में सुरक्षित और सशक्त रहें। इस प्रकार के शिविर उन्हें मानसिक और शारीरिक दोनों रूप से मजबूत बनाते हैं।

### सेवा पखवाड़ा में विविध आयोजन

खेल और युवा कल्याण विभाग ने सेवा पखवाड़ा के दौरान कई कार्यक्रमों का आयोजन सुनिश्चित किया है। इनमें रक्तदान शिविर, महिला आत्मरक्षा प्रशिक्षण, वृद्धाश्रम और अनाथालय में खिलाड़ियों द्वारा सहयोग और भोजन वितरण, शासकीय अस्पतालों में सेवा कार्य, और नमो मैराथन जैसे आयोजन शामिल होंगे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से खेल, युवा और समाजहित को एक साथ जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

### रक्तदान: जीवनदान का पवित्र कार्य

रक्तदान शिविर में खिलाड़ियों और युवाओं में काफी उत्साह था। सुबह से ही बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने रक्तदान कर मानवता का संदेश दिया। मंत्री सारंग ने कहा कि रक्तदान निस्वार्थ सेवा का सर्वोच्च उदाहरण है। यह केवल एक मानवीय कर्तव्य नहीं



बल्कि किसी जरूरतमंद को नया जीवन देने का पवित्र कार्य है। उन्होंने कहा कि आज के दिन खिलाड़ियों ने जिस उत्साह के साथ रक्तदान किया है, वह पूरे समाज के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि नियमित रक्तदान से शरीर में नई रक्त कोशिकाएँ बनने की प्रक्रिया तेज़ होती है। समय-समय पर रक्तदान से शरीर में आयरन का संतुलन बना रहता है, जिससे हृदय रोग का खतरा कम होता है। रक्तदान करने से आत्मिक शांति और संतोष की अनुभूति होती है। कहा भी गया है रक्तदान महादान है। मंत्री सारंग ने कहा कि खेल और समाजसेवा का यह अनूठा संगम युवाओं को नई दिशा देगा। हमारा उद्देश्य है कि युवा उत्कृष्ट खिलाड़ी के साथ ही समाज के प्रति भी अपनी जिम्मेदारी निभाएं। जब खेल भावना और सेवा भावना मिलती है, तो राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया और भी सशक्त होती है। कार्यक्रम में छात्राओं और महिलाओं के लिये महिला आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर की भी शुरुआत की गई, जिसमें प्रशिक्षकों ने आत्मरक्षा की तकनीकें सिखाईं।

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन से लें प्रेरणा

मंत्री सारंग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जीवन सेवाभाव और राष्ट्रहित को समर्पित है। गरीब परिवार में जन्म लेकर कठिन संघर्षों के बाद देश के प्रधानमंत्री बनने तक का उनका सफर सभी के लिए अनुकरणीय है। उनके नेतृत्व में भारत ने हर क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए हैं और आज विकसित भारत 2047 के संकल्प की ओर तेजी से बढ़ रहा है। 'सेवा पर्मो धर्मः' की भावना के साथ युवाओं को राष्ट्र सेवा और जनकल्याण के लिए कार्य करना चाहिए। सेवा पखवाड़ा उसी प्रेरणा का प्रतीक है, जो युवाओं को राष्ट्रनिर्माण में सक्रिय योगदान देने का संदेश देता है।

### पीएम मोदी के जन्मदिवस पर प्रशिक्षण शाला भौंरी में रक्तदान शिविर आयोजित

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस को सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाए जाने के उपलक्ष्य में पुलिस प्रशिक्षण शाला भौंरी, भोपाल में रक्तदान शिविर एवं महिला स्वास्थ्य जागरुकता कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (प्रशिक्षण) राजाबाबू सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस उप महानिरीक्षक (कम्यूनिटी पुलिसिंग एवं पीएसओ टू डीजीपी) डॉ. विनीत कपूर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस प्रशिक्षण शाला भौंरी की प्रभारी पुलिस अधीक्षक एवं समन्वयक श्रद्धा जोशी के स्वागत उद्बोधन के साथ हुआ। रक्तदान मानवता की सेवा मुख्य अतिथि डॉ. विनीत कपूर ने अपने संबोधन में रक्तदान को मानवता की सेवा का सर्वोच्च आदर्श बताया। उन्होंने कहा कि रक्तदान न केवल एक जरूरतमंद व्यक्ति को जीवनदान देता है, बल्कि यह रक्तदाता के अपने स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत लाभकारी है। उन्होंने विशेष रूप से महिला नव आरक्षकों से स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का ध्यान रखने का आग्रह किया।

आज तहसीलदार कोर्ट में कब्जेदार देंगे जवाब

# कब्जे का जवाब आज पेश करेगा मछली परिवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पशुपालन विभाग की 99 एकड़ जमीन पर कब्जे को लेकर किए गए सीमांकन के बाद जारी किए गए तीन दर्जन कब्जेदारों को नोटिस के बाद गुरुवार को तहसीलदार सौरभ वर्मा के कोर्ट में सुनवाई की जाएगी। इसमें डायमंड सिटी, कोर्टयार्ड प्राइम कॉलोनी, पेट्रोल पंप सहित बीस से अधिक मकान शामिल हैं। इसमें मछली परिवार के शकील, शाहिद, शहरयार, शावेज और सोहेल को भी नोटिस दिए गए हैं। इन लोगों ने कोर्टयार्ड प्राइम कॉलोनी के लिए पक्की सड़क, कॉलोनी का गेट और पार्कभी बनाया है। नगर निगम द्वारा बेची गई एचपी पेट्रोल पंप की दस हजार वर्गफीट जमीन पर काबिज अवधनारायण मालवीय को भी नोटिस दिया गया है। जिन्हें गुरुवार को जवाब पेश करना पड़ेगा। इधर कस्तूरी कोर्टयार्ड कॉलोनी विकसित करने वाले बिल्डर देवेंद्र लोधी को भी कब्जे का नोटिस थमाया गया है। डायमंड सिटी के रहवासी भी अपना जवाब पेश करेंगे, जिसके आधार पर तहसीलदार सरकारी जमीन पर काबिज लोगों के बेदखली का आदेश जारी करेंगे।

## पाखंड और अंधविश्वास पर हमला करने वाले महानायक थे पेरियार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सामाजिक न्याय का आंदोलन सदियों से भारत में चलता जा रहा है और धीरे-धीरे ही सही लेकिन परिवर्तन भी आ रहा है। यह सब देन जिन महापुरुषों की है उनमे से बेहद महत्वपूर्ण सख्स थे ईव्ही. रामास्वामी पेरियार, जिन्होंने पाखंड और अंधविश्वास पर तीखा हमला भी किया और एतिहासिक आंदोलन भी चलाया। यह बात दलित पिछड़ा समाज संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष दामोदर सिंह यादव ने महात्मा फुले भवन में पेरियार की जयंती कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही।

मेडिकल संचालक के मकान को बेचने की मंशा से दिया था अखबार में फर्जी विज्ञापन

# एडवोकेट यावर सहित 5 लोगों पर धोखाधड़ी की एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कमला नगर पुलिस ने वकील यावर खान के खिलाफ बुधवार रात धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। आरोप है कि यावर खान और उसके करीबियों ने एक मेडिकल संचालक के मकान को बेचने की मंशा से अखबार में फर्जी विज्ञापन छपवाया था, जैसे ही संचालक ने अखबार ने विज्ञापन पढ़ा तो उन्होंने तुरंत पुलिस से शिकायत कर दी। पुलिस ने जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, सुरेश अग्रवाल (56), एमएलए क्वार्टर न्यू मार्केट में रहते हैं, उनका न्यू मार्केट में मेडिकल स्टोर है। उनका कमला नगर इलाके में स्थित वैशाली नगर में एक 3900 वर्ग फीट का मकान है। सुरेश का आरोप है कि आरोपी ब्रोकर बनकर उनसे मिले थे। मकान की जानकारी लेने के बाद फर्जी दस्तावेज तैयार कर अखबार में मकान बेचने का फर्जी विज्ञापन छपवाया गया था। सुरेश ने जब अखबार में उनके मकान का विज्ञापन देखा तो वह घबरा गए, इसके बाद उन्होंने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज करा दी। जो लोग ब्रोकर बनकर सुरेश मिले थे, पुलिस ने उनको थाने बुलाकर बयान लिए थे, जिसमें सामने आया कि आरोपी उनके मकान को बेचने की मंशा से फर्जी दस्तावेज के आधार पर फर्जी विज्ञापन दिया था, अगर कोई लेनदार पार्टी मिल जाती तो वह मकान का सौदा कर रकम हड़प लेते। पुलिस ने जांच के बाद आरोपी यावर खान, केके तिवारी, विनय सिंह मेवाड़ा, सोहेल खान और कृष्ण कुमार के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तार की जाएगी।

लायसेंसी रिवाल्वर सहित नगदी, गोल्ड चोरी, पुलिस की दलील, अभी चोरी गए सामान की लिस्ट नहीं दी

# कांग्रेस के पूर्व मंत्री राजकुमार पटेल के सूने मकान से लाखों की चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बागसेवनिया थाने के सामने विद्या नगर में कांग्रेस के पूर्व मंत्री राजकुमार पटेल के सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात बदमाश नगदी, जेवर और लायसेंसी रिवाल्वर चुराकर ले गए। घटना गत 12 सितंबर की शाम से 16 सितंबर की शाम के बीच की बताई जा रही है। दरअसल, राजकुमार पटेल मां की मृत्यु होने के कारण बख्तरा ब्लॉक बुदनी में गंगापूजन कार्यक्रम में शामिल होने पत्नी के साथ गए थे। पुलिस की दलील है कि उनके घर चांदी के बर्तन, मूर्ति सुरक्षित मिले हैं। उनके घर से क्या गया है इसकी सूची अभी उन्होंने पुलिस को नहीं दी है। पुलिस के अनुसार राजकुमार पटेल (67) कांग्रेस के पूर्व में मंत्री हैं और उनका चार इमली में बंगला है। इसके अलावा उनका एक मकान विद्या मेडिकल स्टोर के पीछे विद्या नगर में है। उनकी मां का बख्तरा में स्वर्गवास हो गया था। मां का गंगापूजन का कार्यक्रम में था और गत 12 सितंबर को वह पत्नी के साथ कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। घर लौटने पर पता चला कि मकान के साइड वाले गेट का ताला तोड़कर बदमाश अंदर घुसा था।

**चांदी के बर्तन और मूर्ति सुरक्षित :** थाना प्रभारी अमित सोनी ने बताया कि राजकुमार पटेल के घर चोरी की सूचना मिली थी। वे टीम के साथ मौके पर पहुंचे और एफआईआर दर्ज कर ली। राजकुमार पटेल ने अभी केवल रिवाल्वर चोरी होने की बात कही है। इसके अलावा उन्होंने बताया कि उनके घर से क्या क्या गया है इसकी सूची पत्नी से बातचीत कर बताएंगे।




सुभाष नगर विश्राम घाट में चल रही भागवत

# मन को साफ-सुथरा रखना ही साधना है: पं. जितेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

संस्कार सेवा समिति द्वारा आयोजित सुभाष नगर विश्राम घाट पर चल रही भागवत कथा के तीसरे दिन बुधवार को कथा वाचक पं. जितेन्द्र भार्गव के मुखारविंद से राजा परीक्षित के बारे में बताया और कहा कि भागवत द्वारा मनुष्य की जिंदगी का सबसे महत्वपूर्ण कारक है। यही पुण्य और पाप का धरातल है, मन की पृष्ठभूमि पर ही सर्वप्रथम अच्छे या बुरे विचार अदभुत होते हैं। ये ही विचार क्रियात्मक बनकर अच्छे-बुरे कार्य करवाते हैं। इसीलिए हमारी गति-प्रगति-दुर्गति सब मन में हैं, मन की वजह से हैं, मन को साफ-सुथरा रखना ही साधना है, अच्छे विचारों और शुभ कार्यों में इसे जोड़कर हम जीवन की उन्नति का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं। कथा में पं. भार्गव ने बताया कि श्रीमद् भागवत साक्षात भगवान का स्वरूप है इसीलिए श्रद्धापूर्वक इसकी पूजा-अर्चना की जाती है। इसके पठन एवं श्रवण से भोग और मोक्ष दोनों सुलभ हो जाते हैं, मन की शुद्धि के लिए इससे बड़ा कोई साधन नहीं है। आज की कथा में भोपाल की महापौर मालती राय उपस्थित रहीं। इस दौरान महापौर राय ने कथा वाचक पं. जितेन्द्र भार्गव का स्वागत कर उनका आशीर्वाद लिया। समाज सेवक सोमराज सुखवानी, अभिषेक तिवारी, बृजेश जोशी, अशोक चतुर्वेदी, डॉ. महेश गुप्ता, डॉ. दीपक मेहता विशेष रूप से उपस्थित रहे।



महापौर राय ने कथा वाचक पं. भार्गव का स्वागत कर लिया आशीर्वाद




## पीएम मोदी के 75वें जन्मदिन पर दिग्गजों ने दी शुभकामनाएं

# प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत ने नई ऊंचाइयों को छुआ, यह अपने आप में एक मिसाल, भाजपा ने शुरू किया सेवा व स्वच्छता पखवाड़ा

भाजपा ने भी मोदी की कहानी के शॉर्ट वीडियो शेयर किए हैं। इसे मोदी स्टोरी नाम दिया है। वीडियो में चाय का गिलास और मोदी स्टोरी लिखा है। मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह, जेपी नड्डा समेत कई सीनियर नेताओं ने पीएम से जुड़े किस्से सुनाए।

**शाह और राजनाथ ने सुनाई मोदी स्टोरी, पार्टी 50 हजार जगहों पर दिखाएगी शॉर्ट फिल्म**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बुधवार को 75वां जन्मदिन था। मोदी को उनके जन्मदिन पर दुनिया भर से बधाई मिल रही है। भाजपा ने भी मोदी की कहानी के शॉर्ट वीडियो शेयर किए हैं। इसे मोदी स्टोरी नाम दिया है। वीडियो में चाय का गिलास और मोदी स्टोरी लिखा है। राजनाथ सिंह, अमित शाह, जेपी नड्डा समेत कई सीनियर नेताओं ने पीएम से जुड़े किस्से सुनाए हैं।भाजपा ने देशभर में दो हफ्ते का सेवा पखवाड़ा शुरू किया है। इस दौरान कई राज्यों में 'नमो युवा रन' और रक्तदान शिविर आयोजित किए जाने हैं। बिहार भाजपा, राज्य में 50 हजार जगहों पर पीएम मोदी पर बनी शॉर्ट फिल्म दिखाएगी। इस अवसर पर देशभर के नेताओं, मंत्रियों और जनप्रतिनिधियों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल, छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी, केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी समेत तमाम वरिष्ठ नेताओं ने पीएम मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए उनके दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना की। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने पीएम मोदी को बधाई देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में भारत ने नई ऊंचाइयों को छुआ है, जो अपने आप में एक मिसाल है। पीएम मोदी 140 करोड़ देशवासियों के दिल में बसते हैं। विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने की दिशा में वे निरंतर कार्य कर रहे हैं।

**'नमो युवा रन' और रक्तदान शिविर आयोजित**

**नेताओं, मंत्रियों और कई हस्तियों ने दी बधाई**



कोटा में रक्तदान करते लोग

### जनकल्याण के लिए 5 दशक से अथक प्रयास कर रहे पीएम मोदीः शाह





केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पीएम मोदी के जन्मदिन पर उन्हें बधाई दी और कहा कि प्रधानमंत्री पिछले 5 दशक से भी अधिक समय से लोगों के कल्याण के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं और वह प्रत्येक नागरिक के लिए 'राष्ट्र प्रथम' के आदर्श वाक्य की जीवंत प्रेरणा हैं। 'हैप्पी बर्थडे पीएम मोदी' हैशटैग के साथ 'एक्स' पर अपने पोस्ट में शाह ने यह भी कहा कि व्यवस्था में शुचिता, निर्णयों में दृढ़ता और नीतियों में स्पष्टता लाने वाले मोदी जी ने शासन के केंद्र में वंचितों, पिछड़ों, गरीबों, महिलाओं और आदिवासियों को लाने का अविस्मरणीय कार्य किया है। 'विकसित' और 'आत्मनिर्भर भारत' की निर्माण यात्रा से उन्हें जोड़ने वाले मोदी जी पर पूरे देश को गर्व है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने प्रधानमंत्री को जन्मदिन पर बधाई दी है।


स्पीकर ओम बिरला ने सफाई की।

### अच्छी सेहत की कामना करता हूंः राहुल



कांग्रेस के रायबरेली सांसद राहुल गांधी ने भी एक्स पर एक पोस्ट के जरिए पीएम को जन्मदिन और बेहतर स्वास्थ्य की शुभकामनाएं दीं। राहुल ने एक्स पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा कि पीएम मोदी जी को जन्मदिन मुबारक हो। मैं उनकी अच्छी सेहत की कामना करता हूं।

### भाई बोले- हमने कभी कोई आशा नहीं की

पीएम मोदी के दो चचेरे भाई भरतभाई मोदी अशोकभाई मोदी अब भी वडनगर में रहते हैं। भरतभाई एक छोटे से किराये के मकान में किराने की दुकान चलाते हैं, जबकि अशोकभाई अपनी छोटी सी दुकान में धार्मिक सामग्री और मौसमी सामान बेचते हैं और लगभग 5,000 रुपए प्रति माह कमाते हैं। कभी कोई आशा नहीं की।

### उन्हें लंबी उम्र और सेहत मिलेः खरगे



पीएम मोदी को बधाई देते हुए मल्लिकार्जुन खरगे ने एक्स पर लिखा कि प्रधामंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को जन्मदिन की शुभकामनाएं। उन्हें लंबी उम्र और अच्छी सेहत मिले।

### प्रधानमंत्री मोदी का जीवन साधना, तपस्या और सेवा का उदाहरण



केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नई दिल्ली के सीएचसी, साकेत में 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम में सहभागिता की और कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में एक वैभवशाली, गौरवशाली, संपन्न, समृद्ध, शक्तिशाली, विकसित और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण हो रहा है। उनका जीवन साधना, तपस्या और सेवा का अहम उदाहरण है।

### गुजरातवासियों को गर्व है कि उनका जन्म गुजरात में हुआ



केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने कहा कि प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर सभी उनकी दीर्घायु की कामना कर रहे हैं। गुजरात वासियों को गर्व है कि उनका जन्म गुजरात में हुआ। उनके प्रेरक नेतृत्व ने भारत की वैश्विक छवि को सशक्त किया और देश को आर्थिक रूप से मजबूत बनाया।

### खेल हस्तियों ने भी दी बधाई



पीएम मोदी के जन्मदिन पर देश की प्रमुख खेल हस्तियों ने शुभकामनाएं दीं। बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु ने एक भावुक पोस्ट लिखी। टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा ने कहा प्रधानमंत्री से हर मुलाकात प्रेरणादायक रही है। शतरंज ग्रैंडमास्टर विश्वनाथन आनंद ने प्रधानमंत्री की विनम्रता और नवाचार की सराहना की। क्रिकेट जगत से भी कई दिग्गजों ने बधाइयां दीं। सचिन तेंदुलकर ने एक्स पर लिखा, मोदी जी को जन्मदिन की शुभकामनाएं।

### उनकी लंबी आयु की कामना करता हूंः नीतीश



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को पीएम मोदी को उनके 75वें जन्मदिन पर शुभकामनाएं दी और उनकी दीघार्यु की प्रार्थना की। 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं देता हू और उनकी लंबी आयु की कामना करता हूं।

### वे 140 करोड़ भारतीयों की आशाओं के संवाहकः योगी



उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर लिखा कि 140 करोड़ भारतीयों की आशाओं-आकांक्षाओं के संवाहक, वैश्विक मंच पर 'नए भारत' को अग्रिम पंक्ति में प्रतिष्ठित करने वाले, विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय राजनेता, 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की संकल्पना को साकार करने वाले हैं।

### नड्डा ने 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान' शुरू किया



केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने बुधवार को कहा कि 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान' का उद्देश्य महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य की सुरक्षा, जागरूकता और बेहतर देखभाल सुनिश्चित करना है। अभियान की अवधि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक रखी गई है। प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर बुधवार को स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ हुआ। रोहतक स्थित महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय परिसर में सीएम नायब सिंह सैनी की गरिमामयी उपस्थिति में नड्डा ने प्रदर्शनी का रिबन काटकर शुभारंभ किया। 'नारी का स्वास्थ्य परिवार की शक्ति रही आकर्षण का केंद्र बिंदु' प्रदर्शनी में 'स्वस्थ माँ, सुरक्षित शिशु मजबूत समाज की नींव' जैसे प्रेरक संदेशों के साथ स्वास्थ्य सेवाओं और योजनाओं की झलक दिखाई गई। अवलोकन के बीच मुख्य अतिथि नड्डा और मुख्यमंत्री सैनी ने टीबी मुक्त भारत अभियान की जानकारी ली।

### सूरत में दिव्यांगों को वितरित की गईं 75 व्हीलचेयर



पीएम मोदी के 75वें जन्मदिन के अवसर पर गुजरात के सूरत में 75 दिव्यांगों को व्हीलचेयर वितरित की गईं। व्हीलचेयर प्राप्त कर दिव्यांगों के चेहरों पर खुशी स्पष्ट थी। सभी ने एक स्वर में पीएम मोदी की दीर्घायु की कामना की।

### सीएम साय ने 'स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा 2025' का किया शुभारंभ



रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर राजधानी रायपुर स्थित पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज परिसर में स्वच्छता ही सेवा 2025 पखवाड़ा का शुभारंभ किया।

**गाय को सड़क पर लेकर निकली आप**

प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर आप ने अनोखा प्रदर्शन किया। पार्टी दिल्ली के मुखिया सौरभ भारद्वाज गाय को लेकर सड़कों पर निकल पड़े।

**बड़े पर्दे पर आएगी पीएम की कहानी**

पीएम मोदी को जन्मदिन पर देश भर से बधाई और सौगातें मिल रही हैं। फिल्म इंडस्ट्री से भी लोग बधाई दे रहे हैं। बड़े पर्दे पर पीएम की बॉयोपिक बनेगी।

---

## खबर संक्षेप

### मेरठ में तनाव, 9 घायल अधिकारी मोर्चे पर डटे



**मेरठ।** जनपद के थाना सरधना क्षेत्र के गांव सलावा में मंगलवार देर रात मछली पकड़ने को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि दो समुदायों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। हमले में राजपूत समाज के 9 लोग घायल हो गए। एसपी देहात राकेश मिश्रा और एसडीएम डटे हैं।

### कोटा में बन रहा 215 फीट ऊंचा रावण



**कोटा।** यहां का दशहरा मेलो पर आतिशबाजी की तस्वीर दिमाग में उभर आती है लेकिन इस बार यहां का नजारा और भी निराला रहने वाला है। मैदान में एक ऐसा रावण खड़ा किया जा रहा है, जिसे देख लोग दंग रह जाएंगे। 215 फीट ऊंचा, 12 टन वजनी और लोहे से बना है।

### नौचंदी एक्सप्रेस को पलटाने की साजिश



**प्रयागराज।** यहां से सहारनपुर जा रही नौचंदी एक्सप्रेस के आगे स्लीपर रखकर मंगलवार की रात ट्रेन को पलटाने की साजिश की गई। घटना ऊंचाहार के अरखा व प्रतापगढ़ के परियावां स्टेशन के बीच हुई। इसके बाद स्लीपर इंजन से टकराकर टूट गया।

---

## सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार से किया सवाल, कड़ा रुख अपनाया

# सख्त संदेश देने के लिए पराली जलाने वाले किसानों को गिरफ्तार कर क्यों न जेल भेजा जाए?

सुप्रीम कोर्ट सर्दियों में वायु प्रदूषण के बढ़ते स्तर को लेकर चिंता जाहिर करते हुए बुधवार को पंजाब सरकार को कठघरे में लाया। राज्य सरकार से प्रदूषण नियंत्रण के संबंध में कई सवाल दागे और हल जानना चाहा।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सर्दियों में वायु प्रदूषण के बढ़ते स्तर को लेकर चिंता जाहिर करते हुए बुधवार को पंजाब सरकार से पूछा कि पराली जलाने वाले कुछ किसानों को गिरफ्तार क्यों न किया जाए ताकि सख्त संदेश दिया जा सके। मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की पीठ ने सुनवाई करते हुए कहा कि आप खुद फैसला लीजिए, नहीं तो हमें आदेश जारी करना पड़ेगा। सुप्रीम कोर्ट की पीठ उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान और पंजाब के राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों में रिक्त पदों को भरने से संबंधित एक स्व-प्रेरणा याचिका पर सुनवाई कर रही थी। अदालत ने इन राज्यों को वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) को तीन महीने के भीतर रिक्त पदों को भरने का निर्देश दिया।

**3 माह में भरे जाएं रिक्त पद**

**सरकार को गंभीर होना पड़ेगा**

**सीजेआई की पीठ ने कहा- आप खुद फैसला लीजिए, नहीं तो हमें आदेश जारी करना पड़ेगा**



**सीजेआई ने जैव ईंधन बनाने का सुझाव दिया**

सीजेआई ने कहा कि पराली का इस्तेमाल जैव ईंधन के रूप में भी किया जा सकता है। हम इसे 5 साल की प्रक्रिया नहीं बना सकते। अगर राज्य वास्तव में पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है, तो उसे कड़े दंडात्मक प्रावधानों पर विचार करना चाहिए।

### किसान देश की रीढ़ पर पर्यावरण की रक्षा भी जरूरी

पंजाब सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता राहुल मेहरा से मुख्य न्यायाधीश ने सवाल किया कि पराली जलाने वाले किसानों को जेल भेजने और उन पर जुर्माना लगाने में हिचक क्यों हो रही है? सीजेआई ने कहा कि किसान विशेष हैं और हम उनकी वजह से भोजन करते हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि पर्यावरण की रक्षा न हो। आप दंड के कुछ प्रावधानों के बारे में क्यों नहीं सोचते? आप किसानों के लिए दंड के कुछ प्रावधानों के बारे में क्यों नहीं सोचते? अगर पर्यावरण की रक्षा करने का आपका सच्चा इरादा है तो फिर आप क्यों कतरा रहे हैं?

### गिरफ्तारियां नियमित नहीं होनी चाहिए

सीजेआई ने कहा कि इसे वापस क्यों लिया गया? लोगों को सलाखों के पीछे भेजने से सही संदेश जाएगा। इस पर पीठ को बताया गया कि ईपीए दंड का प्रावधान नहीं करता है, बल्कि सीएक्यूएम अधिनियम में दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई का प्रावधान है। मुख्य न्यायाधीश ने मेहरा द्वारा व्यक्त की गई चिंताओं पर ध्यान दिया। उन्होंने कहा कि गिरफ्तारियां नियमित नहीं होनी चाहिए।

**पराली जलाने की घटनाओं में आई कमीः मेहरा**

वरिष्ठ अधिवक्ता राहुल मेहरा ने कहा कि पंजाब सरकार ने पहले ही कई कदम उठाए हैं। प्रदूषण का स्तर धीरे-धीरे कम हो रहा है। पिछले साल इसमें कमी आई थी और अब इसमें और कमी आएगी। 3वर्षों में बहुत कुछ हासिल किया गया है। इस वर्ष और भी अधिक हासिल किया जाएगा। हाल के वर्षों में पराली जलाने की घटनाओं की संख्या 77,000 से घटकर 10,000 रह गई है।

### हरियाणा विलेज कॉमन्स पर 2022 के फैसले को सुप्रीम कोर्ट ने पलटा

## भूमि मालिकों के अधिकार बहाल किए

हरियाणा विलेज कॉमन्स के मामले में 2022 के फैसले को पलटते हुए सुप्रीम कोर्ट ने भूमि मालिकों के अधिकार बहाल कर दिए हैं। 3 जजों की पीठ के इस फैसले को राज्य सरकार के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। 3 साल पहले सुप्रीम कोर्ट की ही एक अन्य पीठ से पारित आदेश में गांव की साझा जमीनों (कॉमन लैंड्स) को ग्राम पंचायतों को लौटाने का निर्देश दिया गया था। सीजेआई की पीठ ने यह फैसला दिया।

**हरियाणा सरकार की अपील खारिज**

हरियाणा की अपील खारिज करते हुए इस अहम आदेश में चीफ जस्टिस गवई ने कहा कि हमें वर्तमान मामले के तथ्यों पर स्टार डेसिसिस के सिद्धांत को लागू करने में उच्च न्यायालय की पूर्ण पीठ के फैसले में कोई त्रुटि नहीं दिखती। इसमें उस कानून का पालन किया गया है जिसे 100 से अधिक फैसलों में लगातार लागू किया गया है। परिणामस्वरूप, हमें राज्य की अपील में कोई दम नहीं दिखता। इसलिए इसे खारिज किया जाता है।'

### जमीन ग्राम पंचायत या राज्य के अधीन नहीं

उच्च न्यायालय के फैसले को बरकरार रखते हुए पीठ ने कहा कि हमें यह मानने में कोई हिचकिचाहट नहीं है कि हाईकोर्ट की पूर्ण पीठ के निर्णय और अंतिम आदेश में कोई त्रुटि नहीं है। वह ग्राम पंचायत या राज्य के अधीन नहीं मानी जा सकती।

### जमीन का मालिकाना हक पंचायतों का नहीं होगा

शीर्ष न्यायालय की पीठ ने कहा था कि पंजाब के एक कानून के तहत भूमि मालिकों से ली गई जमीन का मालिकाना हक पंचायतों का नहीं होगा। कोर्ट ने कहा था कि मालिकों से ली गई भूमि अगर उनकी अनुमेय सीमा से अधिक होने की सूरत में केवल प्रबंधन और नियंत्रण ही पंचायत के पास होगा।

---

## पटना हाईकोर्ट का फैसला

# कांग्रेस पीएम और उनकी मां वाले सभी एआई वीडियो हटाए



**पटना।** हाई कोर्ट ने बुधवार को पीएम नरेंद्र मोदी और उनकी दिवंगत मां हीराबेन मोदी को दिखाते हुए बिहार कांग्रेस द्वारा पोस्ट किए गए 36 सेकंड के वीडियो को सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से हटाने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने एआई-जनरेटेड वीडियो को निजता और सम्मान के अधिकारों के उल्लंघन करार दिया। एक्टिंग चीफ जस्टिस पीबी बजंथरी और जस्टिस आलोक कुमार सिन्हा की खंडपीठ ने 15 सितंबर को विवेकानंद सिंह द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए अंतरिम आदेश पारित किया। अदालत ने विशेष रूप से फेसबुक, यूट्यूब और एक्स को वीडियो सामग्री के प्रसार को रोकने का निर्देश दिया।

### इसकी किसी वीडियो क्लिपिंग को प्रसारित न किया जाए

पीठ ने मामले में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को प्रतिवादी बताते हुए आदेश दिया कि यदि कोई और नुकसान हो तो उससे बचने के लिए प्रतिवादी संख्या 6-8 को निर्देश दिया जाता है कि वे इस कोर्ट द्वारा अगले आदेश पारित होने तक इस विषय वीडियो क्लिपिंग को प्रसारित न करें। बिहार कांग्रेस द्वारा 10 सितंबर को पोस्ट किए गए और एआई-जनरेटेड के रूप में चिह्नित विवादित वीडियो में मोदी को अपनी दिवंगत मां के बारे में सपना देखते हुए दिखाया गया है, जो चुनावी बिहार में उनकी राजनीति को लेकर उनकी आलोचना करती दिख रही हैं।

### हटाकर 'घोषणा भी' जारी करें

जनहित याचिका में इस सामग्री को प्रधानमंत्री के विरुद्ध कथित रूप से अपमानजनक और व्यक्तिगत रूप से निर्देशित बयान बताया गया है। अधिवक्ता प्रवीण कुमार के माध्यम से दायर याचिका में सभी प्लेटफार्मों से विवादित वीडियो को तुरंत हटाने और ब्लॉक करने और 'यह घोषित करने' का निर्देश देने की मांग की गई है कि विवादित वीडियो जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 123(4) के तहत एक भ्रष्ट आचरण है।

---

## आंध्र प्रदेश के नेल्लोर में भीषण सड़क हादसा

**मौके से भागा ट्रक चालक**

# ट्रक-कार की टक्कर में एक ही परिवार के 7 लोगों की गई जान

एजेंसी ▶▶ नेल्लोर



आंध्र प्रदेश के नेल्लोर जिले से दिल दहला देने वाली खबर है। बुधवार को एक रेत से भरा ट्रक और कार की टक्कर में एक ही परिवार के 7 लोगों की मौते पर मौत हो गई। इस दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर दिया। यह घटना नेल्लोर जिले के संगम मंडल के पास हुई। कार में सवार परिवार अस्पताल में भर्ती अपने रिश्तेदारों से मिलने आत्मकुर सरकारी अस्पताल जा रहा था, तभी सामने से आ रहा रेत से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर कार से टकरा गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और सभी लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में 15 साल की एक लड़की भी शामिल है। हादसे के बाद ट्रक का चालक मौके से भाग निकला।

### देहरादून में मुरादाबाद के 6 मजदूरों की मौत, 3 लापता

**मुरादाबाद।** देहरादून में बादल फटने से मची त्रासदी में यूपी के मुरादाबाद जिले के 6 मजदूरों की मौत हो गई है। 3 मजदूर अभी लापता हैं, जिनकी तलाश की जा रही है। सभी मृतक और लापता लोग बिलारी थाना क्षेत्र स्थित ग्राम मुड़िया जैन के निवासी थे। प्रशासनिक अधिकारियों ने भी गांव पहुंचकर हरसंभव मदद का आश्वासन दिया है। बिलारी थाना क्षेत्र के ग्राम मुड़िया जैन से लोग मजदूरी करने देहरादून गए हुए थे। यह मजदूर वहां आई प्राकृतिक आपदा की चपेट में आ गए। मृतकों में 6 लोग मदन, नरेश, हरचरण, सोमवती, रीना और किरण शामिल हैं।

---

## तेजस्वी की 'बिहार अधिकार यात्रा' पर भाजपा ने किया हमला

# 'वोटर अधिकार यात्रा' का जवाब बताया, लोगों को गुमराह न करें

### गिरिराज सिंह ने कहा- पीएम मोदी और नीतीश के नेतृत्व में हो रहा विकास

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार में तेजस्वी यादव की ' बिहार अधिकार यात्रा ' पर भाजपा ने कहा है कि यह यात्रा राहुल गांधी की 'वोटर अधिकार यात्रा' का जवाब है। भाजपा नेताओं ने तेजस्वी पर जनता को गुमराह करने और वोट बैंक के लिए बांग्लादेशी घुसपैठियों को शामिल करने का आरोप लगाया है। जेडीयू ने कहा है कि बिहार में विकास नीतीश कुमार के फैसलों से हुआ है। भाजपा ने तेजस्वी यादव की 'बिहार अधिकार यात्रा' पर निशाना साधा है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि तेजस्वी को अपने पिता लालू प्रसाद और परिवार के अन्य सदस्यों को यात्रा पर ले जाना चाहिए। उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार का विकास देखना चाहिए।



**तेजस्वी की यात्रा मात्र नाटक**

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रेम रंजन पटेल ने कहा कि तेजस्वी की यात्रा कांग्रेस नेता राहुल गांधी की यात्रा के जवाब में है। राहुल गांधी ने हाल ही में मतदाता सूची के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के खिलाफ 125 विधानसभा क्षेत्रों में 'वोटर अधिकार यात्रा' की थी।

**चिराग पासवान ने भी कसा तंज**

### अब तो राजद कांग्रेस की पिछलग्गू पार्टी बन गई



वैशाली जिले के हाजीपुर पहुंचे लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने राजद को कांग्रेस की पिछलग्गू पार्टी करार दिया। तेजस्वी की यात्रा को लेकर पूछे गए सवाल पर चिराग ने कहा कि पिछली बार जब तेजस्वी बिहार यात्रा पर निकले थे, तब महागठबंधन के वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें साइडलाइन कर दिया था। उस समय तेजस्वी ने कांग्रेस नेताओं को आगे रखने का काम किया और यहां तक कि राहुल की गाड़ी तक चलने का जिम्मा उठाया। चिराग ने दावा किया कि राहुल जब बिहार आए थे तब हमारे छोटे भाई ने उन्हें प्रधानमंत्री बनाने की बात कही थी।

## एसएफजे का भारत विरोधी प्रदर्शन

# वैंकूवर दूतावास को घेरने की खालिस्तानी साजिश भारतीय उच्चायुक्त की आपत्तिजनक फोटो भी बनाई

एजेंसी ▶▶ वैंकूवर (कनाडा)

अमेरिका से संचालित होने वाले खालिस्तानी संगठन 'सिख्स फॉर जस्टिस (एसएफजे)' ने एक बार फिर भारत का विरोध किया है। कनाडा के वैंकूवर में भारतीय वाणिज्य दूतावास के घेराव की साजिश रचने वाले इस संगठन के लोगों ने दूतावास के अधिकारी की आपत्तिजनक तस्वीर भी बनाई है। एसएफजे की धमकी ऐसे समय में आई है जब भारत और कनाडा अपने राजनयिक संबंध सामान्य करने के लिए मशक्कत कर रहे हैं। संभावित विरोध की इस खबर के मुताबिक खालिस्तान समर्थक इस संगठन ने एलान किया है कि गुरुवार को वाणिज्य दूतावास पर कब्जा कर लेंगे। भारतीय मूल के कनाडाई नागरिकों से दूतावास आना स्थगित रखने की अपील भी की गई है।

**आज वाणिज्य दूतावास पर कब्जा करने का ऐलान**


**भारतीय मूल के नागरिकों को दूतावास न आने की अपील**



### निज्जर की हत्या का उल्लेख

*संगठन की तरफ से जारी बयान के मुताबिक करीब दो साल पहले 18 सितंबर 2023 को तत्कालीन कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो ने देश की संसद में हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में 'भारतीय एजेंटों की कथित भूमिका' की जांच कराने की बात कही थी। पूर्व पीएम के बयान के करीब दो साल बाद सितंबर माह में ही प्रस्तावित विरोध को लेकर भारत विरोधी संगठन- एसएफजे ने कहा, दो साल बाद भी भारतीय वाणिज्य दूतावास कनाडा में खालिस्तान जनमत संग्रह अभियान चलाने वालों को निशाना बना रहे हैं। खतरा इतना गंभीर था कि रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस को निज्जर की मौत के बाद संगठन के अभियान का नेतृत्व कर रहे इंदरजीत सिंह गोसल को गवाह बनाकर सुरक्षा देनी पड़ी।*

### एसएफजे ने लगाए बेतुके आरोप




एसएफजे ने एक पोस्टर भी जारी किया है। इसमें भारत के नए उच्चायुक्त दिनेश पटनायक के चेहरे पर निशाना साधते हुए दिखाया गया है। संगठन ने आरोप लगाया है कि भारतीय वाणिज्य दूतावास कनाडा में खालिस्तानी समर्थकों की निगरानी कर रहा है। एसएफजे ने जासूसी नेटवर्क चलाने जैसे मनगढ़ंत, बेबुनियाद और बेतुके आरोप भी लगाए हैं। एसएफजे का कहना है कि वैंकूवर वाणिज्य दूतावास का घेराव कर वे भारतीय एजेंसियों के अधिकारियों पर दबाव बनाएंगे। वे उनसे कनाडा में कथित 'जासूसी और डराने-धमकाने' के मामले में जवाब भी मांगेंगे।

### खालिस्तान की मांग कर रहे

हाल ही में कनाडाई सरकार ने एक आंतरिक रिपोर्ट जारी की थी। इसमें स्वीकार किया गया है कि चरमपंथी खालिस्तानी समूहों को कनाडा में रहने वाले कुछ लोगों और नेटवर्क से आर्थिक मदद मिल रही है। 'बब्बर खालसा इंटरनेशनल' और 'इंटरनेशनल एसवाईएफ' जैसे संगठनों का नाम शामिल है। कनाडाई कानून के तहत इन्हें आतंकी संगठन घोषित किया गया है। अब ये उग्रवादी समूह छोटे-छोटे गुटों के रूप में काम कर रहे हैं, जो किसी बड़े संगठन से सीधे जुड़े नहीं हैं, लेकिन खालिस्तान के समर्थन में सक्रिय हैं।

---

## पाकिस्तान के विदेश मंत्री डार के बयान पर रक्षा मंत्री राजनाथ का तंज

**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर बिना नाम लिए निशाना साधा**

# कुछ लोग कहते थे भारत-पाक संघर्ष उन्होंने रुकवाया, अब पता चल गया न

*रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि किसी के हस्तक्षेप के कारण आतंकवादियों के खिलाफ अभियान स्थगित नहीं किया गया। अगर भविष्य में कोई भी आतंकवादी हमला हुआ तो ऑपरेशन सिंदूर फिर से शुरू किया जाएगा*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक बयान में कहा कि किसी के हस्तक्षेप के कारण आतंकवादियों के खिलाफ अभियान स्थगित नहीं किया गया। राजनाथ सिंह ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप पर बिना नाम लिए निशाना साधा और कहा कि कुछ लोग भारत-पाकिस्तान संघर्ष को रोकने का दावा करते हैं।

लेकिन किसी ने ऐसा नहीं किया। अब तो खुद पाकिस्तान के विदेश मंत्री और डिप्टी पीएम इशाक डार ने साफ कर दिया है कि भारत ने इसमें किसी भी तीसरे पक्ष की भूमिका को अस्वीकार कर दिया था। हैदराबाद में आयोजित 'हैदराबाद मुक्ति दिवस' के कार्यक्रम में राजनाथ सिंह ने कहा कि कुछ लोग भारत-पाकिस्तान संघर्ष को रोकने का दावा करते हैं।

लेकिन किसी ने ऐसा नहीं किया। भारत ने इसमें किसी तीसरे पक्ष की भूमिका को स्वीकार नहीं किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि किसी के हस्तक्षेप के कारण आतंकवादियों के खिलाफ अभियान स्थगित नहीं किया गया। अगर भविष्य में कोई भी आतंकवादी हमला हुआ तो ऑपरेशन सिंदूर फिर से शुरू किया जाएगा। पीएम मोदी ने स्पष्ट किया कि यह एक द्विपक्षीय मुद्दा है और कोई तीसरा पक्ष हस्तक्षेप नहीं कर सकता।

**भारत डिक्टेशन नहीं लेता अपनी स्क्रिप्ट खुद लिखता** | **भारत किसी के सामने झुका नहीं, न ही भविष्य में झुकेगा** | **आज का भारत धैर्यवान बलवान और सामर्थ्यवान भी**




### देश में रजाकारों के हमदर्द मौजूद

राजनाथ सिंह ने ऑपरेशन पोलो को भी याद किया और कहा कि रजाकारों का आतंक लगभग पहलगाम के आतंक के समान ही था जहां लोगों से धर्म पूछकर उन्हें मारा गया। पहलगाम में हुआ आतंकी हमला भी रजाकारों की तरह भारत के सामाजिक सौहार्द पर प्रहार था। आज भी देश में रजाकारों के हमदर्द मौजूद हैं। मैं साफ कहना चाहता हूं, ये ही हमारे सबसे बड़े दुश्मन हैं। पर हम दृढ़ संकल्पित हैं कि इस सोच, इस विचारधारा और इस मानसिकता को भारत से पूरी तरह समाप्त करेंगे। भारत की अखंडता और एकता से बड़ा कोई मूल्य नहीं है।

### पटेल के ऋणी रहेंगे

*राजनाथ सिंह ने कहा कि सरदार पटेल ने राजनीतिक परिपक्वता और कुशल रणनीति के बल पर रियासतों को शांति से भारत में मिला लिया। भारत और भारत के लोग सदैव सरदार पटेल के ऋणी रहेंगे। सरदार पटेल के नेतृत्व में भारत ने ऑपरेशन पोलो शुरू किया। आज उस ऑपरेशन के विजय की वर्षगांठ है।*

### पटेल के अखंड भारत को मोदी आगे बढ़ा रहे

*रक्षा मंत्री ने कहा कि आज का भारत किसी से डिक्टेशन नहीं लेता, भारत अपनी स्क्रिप्ट खुद लिखता है। आज भारत एक ऐसे वर्ल्ड ऑर्डर की स्क्रिप्ट लिखने के लिए तैयार है, जिसे पूरी दुनिया हर्ष और स्वेच्छा से फॉलो करेगी। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने जिस अखंड भारत का निर्माण किया था, उसे आगे बढ़ाने का कार्य आज पीएम मोदी कर रहे हैं। आज भी दुनिया के सबसे धनी और सबसे शक्तिशाली लोगों को यह समझ लेना चाहिए कि भारत ने कभी किसी शक्ति के सामने सिर नहीं झुकाया और न ही भविष्य में कभी झुकाएगा।*

### दुश्मन को जवाब देने में सक्षम

राजनाथ सिंह ने कहा कि आज का भारत, केवल वार्ता की टेबल पर नहीं बल्कि दुश्मन की आंखों में आंखें डालकर जवाब देने में भी सक्षम है। यही है नया भारत, धैर्यवान भी, बलवान भी और सामर्थ्यवान भी। हमारी सशक्त सेनाओं ने ऑपरेशन सिंदूर से दुश्मन को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया। इसे तब स्थगित किया गया, जब पाकिस्तान ने सीजफायर की मांग की।

### सरदार पटेल की तरह हार्ड पावर का रास्ता चुना

रक्षा मंत्री ने कहा कि अभी यह ऑपरेशन स्थगित है, खत्म नहीं हुआ है। 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक हो या 2019 का बालाकोट एयर स्ट्राइक या 2025 का ऑपरेशन सिंदूर, भारत ने यह साबित कर दिया है कि जो लोग बातचीत, शांति और सद्भावना की भाषा नहीं समझते, उन्हें हम उसी भाषा में जवाब देना जानते हैं, जिसे वे समझते हैं। पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने दुनिया को बार-बार यह दिखा दिया है कि हमारा धैर्य हमारी ताकत है, कमजोरी नहीं। जैसे बातचीत से समाधान न निकलने के बाद सरदार पटेल ने हार्ड पावर का रास्ता चुना, वैसे ही हमने भी किया।

---

## पाक आतंकियों का पनाहगार, फिर से यह सच बेनकाब

# मसूद अजहर ने रची संसद और 26/11 हमले की साजिश

**जैश कमांडर मसूद कश्मीरी का कबूलनामा**



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

आतंकवाद को खाद-पानी देने वाले पाकिस्तान का नापाक चेहरा एक बार फिर दुनिया के सामने बेनकाब हो गया है। जैश-ए-मोहम्मद शीर्ष कमांडर मसूद इलियासी कश्मीरी ने स्वीकार किया है कि दिल्ली और मुंबई में आतंकी हमलों की योजना बनाने और उन्हें अंजाम देने में आतंकवादी मसूद अजहर का हाथ था।

इलियासी कश्मीरी के इस कबूलनामे से दुनिया के सामने पाकिस्तान की फिर पोल खुल गई। जैश-ए-मोहम्मद के शीर्ष कमांडर मसूद इलियासी कश्मीरी ने स्वीकार किया है कि भारत के मोस्ट वॉन्टेड आतंकवादियों में से एक मसूद अजहर ने दिल्ली की जेल से छूटने के बाद पाकिस्तान में बैठकर भारत में आतंकी हमलों की योजना बनाई थी।

### पाक में बैठकर हमलों की योजना बनाई

*एक वीडियो में मसूद इलियासी कश्मीरी कह रहा है कि दिल्ली की जेल से छूटने के बाद, अमीर-उल-मुजाहिदीन मौलाना मसूह अजहर पाकिस्तान आता है, बालाकोट की धरती पर उसे अपने विजन और मिशन को आगे बढ़ाने में मदद मिलती है, जिसमें दिल्ली और मुंबई में आतंकी हमले शामिल हैं। मसूद इलियासी कश्मीरी के इस वीडियो के बाद पाकिस्तान के पास ये कहने की कोई गुंजाइश नहीं बचती कि वह आतंकियों का पनाहगार नहीं है। इलियासी का ये कबूलनामा भारत को उन दावों की पुष्टि करता है, जिसमें जैश के शिविर पाकिस्तान के सैन्य-सुरक्षा प्रतिष्ठान की निगरानी में खुलेआम चल रहे थे, जबकि इस्लामाबाद दुनिया को बता रहा था कि उसकी सीमाओं के भीतर कोई आतंकवादी ठिकाना नहीं है।*

### कठुआ में सीमा के पास तलाशी अभियान शुरू

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में स्थानीय पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के विशेष अभियान समूह (एसओजी) ने संयुक्त रूप से अपराह्न करीब तीन बजे ढोलका-सान्याल नर्सरी क्षेत्र में संभावित घुसपैठ मार्ग पर तलाशी अभियान शुरू किया जो अभी भी जारी है। बता दें, सुरक्षा बलों ने मार्च में सीमा पार से घुसपैठ कर रहे भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों के एक समूह को इसी नर्सरी में रोका था, जिसके बाद एक लंबा अभियान चला। इस अभियान में पाकिस्तान के जैश-ए-मोहम्मद संगठन के तीन आतंकवादियों को मार गिराया गया था।

---

## खबर संक्षेप

### हत्या के मामले में छोटा राजन की जमानत रद्द



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मुंबई में 2001 में होटल व्यवसायी जया शेट्टी की हत्या के मामले में गैंगस्टर छोटा राजन को दी गई जमानत बुधवार को रद्द कर दी। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने सीबीआई की अपील को स्वीकार कर लिया। सीबीआई ने मुंबई हाईकोर्ट के पिछले साल 23 अक्तूबर के आदेश को चुनौती दी है। हाईकोर्ट ने राजन की उम्रकैद की सजा निलंबित करते हुए जमानत दे दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राजन 27 साल तक फरार रहा और उसे चार मामलों में दोषी ठहराया गया।

### निजी डेटा चुराने वाली 340 वेबसाइटों का पता लगाया



**एबूजा।** माइक्रोसॉफ्ट ने नाइजीरिया में तेजी से बढ़ रही एक सेवा से जुड़ी 340 वेबसाइटों का पता लगाया है, जो उपयोगकर्ताओं को फिशिंग अभियान चलाने की अनुमति देती और 5,000 माइक्रोसॉफ्ट उपयोगकर्ताओं के निजी क्रेडेंशियल डेटा चुराती थीं। माइक्रोसॉफ्ट की डिजिटल क्राइम यूनिट के सहायक महाधिवक्ता स्टीवन मसाडा ने मंगलवार को बताया कि माइक्रोसॉफ्ट को इस माह की शुरुआत में मैनहट्टन स्थित अमेरिकी जिला न्यायालय से आदेश मिला था।

---

## सुरक्षा बलों के अधिकारी रहे मौजूद

# 18 लाख रु. के इनामी 12 माओवादियों का सरेंडर

एजेंसी ▶▶ रायपुर

नारायणपुर पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। पांच महिला सहित कुल 12 माओवादियों ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया है। इस दौरान बीएसएफ और आईटीबीपी के अधिकारी मौजूद रहे। सरेंडर किए सभी माओवादियों पर 18 लाख रुपये का इनाम घोषित था। अबूझमाड़ में नये कैंप की स्थापना और लगातार नक्सल विरोधी अभियान के चलने से माओवोदी बैकफुट पर हैं।



### मुठभेड़ में मारी गईं दो महिला नक्सली

महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ की सीमा पर महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। मुठभेड़ में दो महिला माओवादियों के मारे जाने की खबर है। इससे पहले पूर्वी महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में एक मुठभेड़ में तीन महिलाओं समेत कम से कम चार नक्सली मारे गए थे।


---

## दिशा पाटनी के घर फायरिंग का मामला

# दो आरोपी पुलिस की मुठभेड़ में घायल, अस्पताल में मौत

एजेंसी ▶▶ गाजियाबाद

बरेली में अभिनेत्री दिशा पाटनी के घर में फायरिंग के मामले में यूपी एसटीएफ और दिल्ली स्पेशल सेल ने ट्रॉनिका सिटी में मुठभेड़ के बाद दो बदमाशों को गिरफ्तार किया। पुलिस की गोली लगने से घायल दोनों बदमाशों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां अस्पताल में दोनों की मौत हो गई। यूपी एसटीएफ नोएडा यूनिट के एसपी राजकुमार मिश्र ने बताया बुधवार शाम को बदमाशों के साथ मुठभेड़ हुई। दोनों के पास से ग्लॉक और जिगाना पिस्टल बरामद की गई है।



### दोनों बदमाश गोल्डी बरार गैंग के सदस्य

पुलिस की गोली लगने से रोहतक का रहने वाला रविंद्र और इंडियन कॉलोनी, गोहना रोड सोनीपत का रहने वाला अरुण घायल हुए थे। दोनों बदमाश गोल्डी बरार गैंग के सक्रिए सदस्य थे। आरोप है कि उन्होंने 12 सितंबर को अभिनेत्री दिशा पाटनी के घर पर फायरिंग की सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया था।

---

## कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी की फंडिंग रोकी

# कानून के दुरुपयोग पर ट्रंप प्रशासन के खिलाफ यूसी ने दायर किया केस

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी के छात्रों, प्रोफेसरों और स्टाफ ने ट्रंप प्रशासन के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। आरोप है कि प्रशासन शैक्षणिक स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति की आजादी को कमजोर करने के लिए नागरिक अधिकार कानूनों का दुरुपयोग कर रहा है। याचिका में कहा गया है कि ट्रंप प्रशासन ने यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया (यूसी), लॉस एंजेलिस पर 1.2 बिलियन डॉलर का जुर्माना लगाया और रिसर्च फंडिंग रोक दी। प्रशासन ने विश्वविद्यालय से



कई शर्तें मानी जाने की मांग की है, जिनमें छात्रों और स्टाफ का डेटा सौंपना, डाइवर्सिटी स्कॉलरशिप खत्म करना, यूनिवर्सिटी कैंपस पर रातभर प्रदर्शन पर रोक और इमिग्रेशन एजेंसियों से सहयोग करना शामिल है। प्रवक्ता स्टेट होलब्रुक ने कहा कि फंडिंग में कटौती से न सिर्फ बायोमेडिकल रिसर्च खतरे में पड़ेगी।

---

### रूस का यूक्रेन पर हमला दागे 100 ड्रोन व 150 बम

**कीव।** रूसी सेना ने मंगलवार को यूक्रेन के जपोरिजिया शहर पर बड़े हमले किए। रूसी सैनिकों ने 100 से अधिक ड्रोन और लगभग 150 ग्लाइड बम दागे। राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने दावा किया है कि अन्य यूक्रेनी शहरों पर भी हमले हुए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले दो हफ्तों में रूस ने 3,500 से अधिक ड्रोन, 2,500 से अधिक शक्तिशाली ग्लाइड बम और लगभग 200 मिसाइलें यूक्रेन के अंदर दागी हैं।



---

## नासा के पर्सिवियरेंस रोवर ने मंगल पर दिए जीवन के संकेत

# संभावित बायोसिग्नेचर और जैविक कार्बन भी खोजा

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

मंगल पर जीवन के कुछ और संकेत मिले हैं। नासा के पर्सिवियरेंस रोवर ने जेजेरो क्रेटर के ब्राइट एंजेल फॉर्मेशन क्षेत्र में ऐसे रासायनिक खनिज संकेत दर्ज किए हैं जिन्हें वैज्ञानिक बायोसिग्नेचर मान रहे हैं। बायोसिग्नेचर उन भौतिक, रासायनिक या संरचनात्मक संकेतों को कहते हैं जो बताते हैं कि कभी किसी ग्रह पर जीवन की गतिविधि हुई होंगी। यह जीवन के पक्के सबूत नहीं हैं, लेकिन यदि यह साक्ष्य सूक्ष्म जीवों से जुड़ा निकला तो इतिहास की बड़ी खोज साबित हो सकता है। ब्राइट एंजेल फॉर्मेशन जेजेरो क्रेटर का महीन चट्टानों से भरा क्षेत्र है। ये चट्टानें अरबों वर्ष पूर्व बहते पानी से बनी थीं। यहां रोवर ने लोहे का ऑक्साइड, फास्फोरस, सल्फर और सबसे खास जैविक कार्बन खोजा। जैविक कार्बन जीवन का आधार है।

*ब्राइट एंजेल फॉर्मेशन जेजेरो क्रेटर में मिली चट्टानें अरबों वर्ष पूर्व बहते पानी से बनी थीं*



### सैंपल रिटर्न मिशन की अहमियत

*पर्सिवियरेंस रोवर ने ब्राइट एंजेल के सैफायर कैन्यन से एक कोर सैंपल इकट्ठा किया है। यह नमूना फिलहाल सुरक्षित ट्यूब में रखा है। वैज्ञानिक चाहते हैं कि इसे भविष्य में पृथ्वी पर लाकर उन्नत प्रयोगशालाओं में विश्लेषण किया जाए।*

### सबसे बड़ी खोज संभव

शोधकर्ताओं का कहना है कि यह खोज जीवन का अंतिम प्रमाण नहीं है, लेकिन संभावित बायोसिग्नेचर है। यह बड़ी खोज हो सकती है। इससे हमें यह पता लगेगा कि पृथ्वी पर जीवन की शुरुआत कैसे हुई और क्या ब्रह्मांड में कहीं और भी जीवन है। अरबों वर्ष पूर्व मंगल व पृथ्वी पर समान रासायनिक प्रक्रियाएं हो रही थीं। पृथ्वी पर तब सूक्ष्मजीव लोहे व सल्फर से ऊर्जा लेते थे। फर्क इतना है कि पृथ्वी की प्लेट टेक्टोनिक्स ने पुराने पत्थरों की संरचना बदल दी।

### सूक्ष्म जीवों का योगदान या भूगर्भीय प्रक्रिया?

खोज की दो संभावनाएं हैं। पहली, ये खनिज व संरचनाएं केवल भूगर्भीय प्रक्रियाओं से बनी हों। दूसरी, इनमें अरबों वर्ष पूर्व मौजूद सूक्ष्मजीवों का योगदान रहा हो। सल्फर आधारित संकेत सामान्यतः उच्च तापमान पर बनते हैं, लेकिन यहां उच्च तापमान के प्रमाण नहीं मिले। यह पहलू सूक्ष्मजीवों की भूमिका को पूरी तरह नकारने नहीं देता।

---

## इजराइल ने एक दिन में कर दिए 150 हमले

# गाजा में धमाकों के बीच गुजरी रात, 4 लाख भागे

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव

इजराइल की ओर से गाजा पर लगातार भीषण हमले जारी हैं। मंगलवार और बुधवार की रात को इजराइल ने कुल 50 हमले गाजा पर किए हैं। इसके साथ ही बीते एक दिन के अंदर इजराइल ने गाजा पर 150 से ज्यादा हमले किए हैं। हालात ऐसे हैं कि गाजा से कुछ दिनों के अंदर ही 4 लाख लोग पलायन कर चुके हैं। गाजा की आबादी 10 लाख के करीब थी और वहां से लगभग 4 लाख लोग पलायन कर गए हैं।



### गाजा रिपोर्ट को किया खारिज

संयुक्त राष्ट्र की नई रिपोर्ट को इजराइल ने खारिज कर दिया है, जिसमें 'फिलिस्तीनियों के खिलाफ नरसंहार' का आरोप लगाया गया था। इजराइल ने इसे 'विकृत और झूठा' करार दिया और लेखकों को 'हमास प्रॉक्सी' बताकर खारिज कर दिया। संयुक्त राष्ट्र के स्वतंत्र अंतरराष्ट्रीय अधिकृत फिलिस्तीनी क्षेत्र जांच आयोग की 72 पृष्ठों की रिपोर्ट में दावा किया गया है इजराइल गाजा में नरसंहारकारी कृत्य कर रहा है।

# ओमान के खिलाफ भारत कर सकता है प्लेइंग इलेवन में बदलाव, बुमराह को दिया जाएगा आराम!

एजेंसी ▶▶| दुबई

19 सितंबर को भारत को एशिया कप 2025 में ओमान के खिलाफ अपना अगला मुकाबला खेलेगा। वहीं इस मुकाबले के लिए टीम इंडिया अपनी प्लेइंग इलेवन में एक बदलाव कर सकती है। दरअसल, इस दौरान जसप्रीत बुमराह को आराम दिया जा सकता है। फिलहाल, भारत सुपर-4 में 21, 24 और 26 सितंबर को अपने मैच खेलेगा।

### 28 सितंबर को फाइनल

इसके बाद 28 सितंबर को फाइनल होगा। ऐसे में टूर्नामेंट की प्रबल दावेदार ये टीम अगर खिताबी मुकाबले के लिए क्वालीफाई करती है तो उसे सात दिनों में चार मैच खेलने पड़ सकते हैं। टीम प्रबंधन अपने प्रमुख तेज गेंदबाज को आगे के लिए चुनौतीपूर्ण दौर के लिए तरोताजा रखने के महत्व को समझता है।

## भारत सुपर-4 में 21, 24 और 26 सितंबर को खेलेगा मैच



### अर्शदीप या राणा के खेलने की संभावना

बुमराह खुद मैच से बाहर रहना चाहते हैं या नहीं, ये तो कहा नहीं जा सकता। लेकिन ये फैसला व्यावहारिक होने की उम्मीद है क्योंकि उन्हें किसी कम महत्व वाले मैच की जगह टूर्नामेंट के आखिरी चरण के लिए पूरी तरह से तैयार रखना बेहतर है विकल्प है। ऐसी स्थिति में अर्शदीप सिंह या हर्षित राणा में किसी एक के खेलने की संभावना है।

## श्रीलंका के खिलाफ अफगानिस्तान को दिखाना होगा आक्रामक खेल

**अबुधाबी।** अफगानिस्तान को श्रीलंका के खिलाफ गुरुवार को एशिया कप के 'करो या मरो' के ग्रुप मुकाबले में खुलकर आक्रामक खेल दिखाना होगा। बांग्लादेश से हारने के बाद अफगानिस्तान को सुपर चार में जगह बनाने के लिए श्रीलंका को हर हालत में हराना होगा। इसमें जीतने पर उसके श्रीलंका और बांग्लादेश के समान चार अंक होंगे लेकिन उसका रन रेट (2.150) बांग्लादेश (माइनस 0.270) से बेहतर है, जिसके सारे लीग मैच हो चुके हैं।



### अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सकी अफगानिस्तान

टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद राशिद खान की कप्तानी वाली टीम से काफी उम्मीदें हैं लेकिन एशिया कप में अभी तक वह अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सकी है। अफगानिस्तान को बांग्लादेश के खिलाफ मंगलवार की रात 155 रन का लक्ष्य हासिल करना था लेकिन वह नाकाम रही। राशिद ने मैच के बाद कहा था,' हम उस तरह का आक्रामक क्रिकेट नहीं खेल पाए हैं, जिसके लिये हम मशहूर हैं। हमने खुद पर काफी दबाव बनने दिया। हमारे गेंदबाजों ने उन्हें 160 रन के नीचे रोक दिया लेकिन बल्लेबाजों ने गैर जिम्मेदाराना शॉट खेले।' उन्होंने कहा,' टी20 क्रिकेट में कई बार पहले छह ओवर में ही मैच हाथ से निकल जाता है लेकिन आपको वापसी करनी होती है।'

## खबर संक्षेप



### 9 अक्टूबर से वुमेन्स इंडिया ओपन गोल्फ

**नई दिल्ली।** भारत और दुनिया की कई शीर्ष खिलाड़ी 17वें हीरो वुमेन्स इंडिया गोल्फ टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी, जिसका आयोजन 9 से 12 अक्टूबर तक गुरुग्राम के डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब में किया जाएगा। इस 72 होल के टूर्नामेंट में 28 देशों की 114 खिलाड़ी हिस्सा लेंगी। इस बार प्रतियोगिता की इनामी राशि में भी इजाफा किया गया है, जो चार लाख डॉलर से बढ़ाकर पांच लाख डॉलर कर दी गई। प्रतियोगिता की विजेता को 75 हजार डॉलर की इनामी राशि मिलेगी। भारतीय महिला गोल्फ संघ (डब्ल्यूजीएआई) की अध्यक्ष कविता सिंह ने प्रतियोगिता के बारे में जानकारी देखते हुए कहा, 'प्रतियोगिता की इनामी राशि चार लाख डॉलर से बढ़ाकर पांच लाख डॉलर कर दी गई है। हम बेहद रोमांचित है क्योंकि हमारी खिलाड़ियों के लिए यह काफी मायने रखता है। हमारे लिए यह बेहद गर्व की बात है लेकिन महिला टूर को जरूरी पहचान मिल रही है।'

### छह निशानेबाजों की उड़ान छूटी

**पुणे।** चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए गोवा जा रहे पुणे के छह राइफल और पिस्टल निशानेबाज हवाई अड्डे पर सुरक्षा जांच के दौरान उनके हथियारों और कारतूस को स्वीकृति देने में कथित देरी के कारण अपनी उड़ान से चूक गए। सभी निशानेबाजों की उम्र 18 साल से कम है और उन्हें गोवा में होने वाली 12वीं पश्चिम क्षेत्र निशानेबाजी चैंपियनशिप में हिस्सा लेने के लिए अकासा एयर के विमान से उड़ान भरनी थी। इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए अकासा एयर ने कहा कि निशानेबाज 'विशेष निशानेबाजी उपकरणों की मौजूदगी में उनके सामान से जुड़ी अतिरिक्त सुरक्षा प्रक्रियाओं' के कारण विमान में सवार नहीं हो सके। विमान कंपनी ने कहा कि उनकी टीम आवश्यक सहायता प्रदान कर रही हैं और वैकल्पिक यात्रा व्यवस्था की जा रही है।




### लिवरपूल में नहीं जीतती तो दोबारा नहीं खेलूंगी

**नई दिल्ली।** अनुभवी मुक्केबाज पूजा रानी ने सोच लिया था कि अगर विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में चौथी बार खेलते हुए वह पदक नहीं जीत पाती तो दोबारा कोशिश नहीं करेंगी। लेकिन भिवानी की 34 वर्षीय इस मुक्केबाज को लिवरपूल में 80 किलो वर्ग में पोडियम पर खड़े होने का मौका मिला। तोक्यो ओलंपिक खेल चुकी पूजा ने कहा ,' इस बार भी मैंने खुद से कहा था कि अगर नहीं जीती तो दोबारा नहीं खेलूंगी।' उन्होंने कहा,' मैं हमेशा अपना शत प्रतिशत देती हूं लिहाजा हारने पर दिल टूट जाता है। मैंने पिछले चार पांच महीने से कड़ा अभ्यास किया था और मुझे खुशी है कि मेहनत रंग लाई। मैं मार्च में राष्ट्रीय चैंपियनशिप से ही अभ्यास कर रही हूं।'



## वर्ल्ड एथलेटिक्स 2025 : जैवलीन थ्रो का फाइनल आज

# नीरज ने फाइनल में की जगह पक्की पहले ही राउंड में फेंका 84.85 भाला

एजेंसी ▶▶| टोकियो

भारत के स्टार जैवलीन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने वर्ल्ड एथलेटिक्स 2025 जैवलीन थ्रो इवेंट के फाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया। नीरज चोपड़ा ने पहले ही राउंड में 84.85 मीटर भाला फेंककर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। इस इवेंट का फाइनल 18 सितंबर गुरुवार को होगा।

### डिफेंडिंग चैंपियन हैं नीरज

नीरज चोपड़ा को इस इवेंट के फाइनल में पहुंचने के लिए 84.50 मीटर भाला फेंकना था और उन्होंने पहले ही राउंड में इस बाधा को पार करते हुए ये उपलब्धि अपने नाम कर ली। नीरज चोपड़ा मौजूदा समय में भारतीय एथलीट विश्व चैंपियनशिप में जैवलीन थ्रो इवेंट के विजेता हैं और साल 2023 में उन्होंने गोल्ड मेडल अपने नाम किया था। नीरज चोपड़ा इस इवेंट में डिफेंडिंग चैंपियन के तौर पर हिस्सा ले रहे हैं और वे जान जेलेजनी (1993, 1995) और ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स (2019, 2022) के बाद इतिहास में वर्ल्ड जैवलिन टाइटल को लगातार दो बार जीतने वाले तीसरे खिलाड़ी बनने की कोशिश करेंगे।




### ग्रुप-ए से फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाले टॉप-12 एथलीट

| | |
|---|---|
| जूलियन वेबर (जर्मनी) | - 87.21 मीटर |
| डेविड वेगनर (पोलैंड) | - 85.67 मीटर |
| नीरज चोपड़ा (भारत) | - 84.85 मीटर |
| जैकब वाडलेज (चेक गणराज्य) | - 84.11 मीटर |
| केशोर्न वालकॉट (त्रिनिदाद और टोबैगो) | - 83.93 मीटर |
| सचिन यादव (भारत) | - 83.67 मीटर |
| एडिस माटुसेविसियस (लिथुआनिया) | - 82.78 मीटर |
| सुमेधा रणसिंघे (श्रीलंका) | - 81.86 मीटर |
| साइप्रियन मृजीग्लोड (पोलैंड) | - 81.47 मीटर |
| लस्सी एटेलटालो (फिनलैंड) | - 81.33 मीटर |
| मार्क एंथोनी मिनिचेलो (USA) | - 80.47 मीटर |
| कीशॉन स्ट्रेचन (बाहमास) | - 80.03 मीटर |

### 2023 में 88.17 मीटर थ्रो के साथ जीता था गोल्ड मेडल

नीरज ने साल 2023 में 88.17 मीटर थ्रो के साथ गोल्ड मेडल जीता था, जबकि पाकिस्तान के अरशद नदीम 87.82 मीटर थ्रो के साथ दूसरे नंबर पर रहे थे जबकि और याकुब वडलेच (86.67 मीटर थ्रो के साथ तीसरे स्थान पर रहे थे। इस बार नीरज चोपड़ा के अलावा वर्ल्ड नंबर वन जूलियन वीबर ने दूसरे प्रयास में 87.21 मीटर थ्रो करते हुए फाइनल के लिए क्वालिफाई किया। जूलियन वीबर ने पहले प्रयास में 82.29 मीटर थ्रो किया था। नीरज के साथ ग्रुप ए में भारत के सचिन यादव भी थे, जिन्होंने पहले प्रयास में 80.16 मीटर थ्रो किया। दूसरे प्रयास में भी सचिन फेल हो गए और उन्होंने 83.67 मीटर थ्रो किया। उन्होंने तीसरे प्रयास में 82.63 मीटर थ्रो किया और फाइनल में पहुंचने से चूक गए।



### नीरज बनाम नदीम

वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप के फाइनल में नीरज को पाकिस्तान के अरशद नदीम से कड़ी चुनौती मिलेगी। चोपड़ा 2024 पेरिस ओलंपिक के बाद पहली बार नदीम की चुनौती का सामना करेंगे। ऐसे में उनके पास पेरिस ओलंपिक में दूसरे स्थान पर रहने का बदला लेने का शानदार मौका मिलेगा। नदीम ने पेरिस ओलंपिक में रिकॉर्ड 92.97 मीटर के शानदार थ्रो के साथ गोल्ड मेडल जीता था। वहीं, चोपड़ा को 89.45 मीटर थ्रो के साथ सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा था।

### जूलियन वेबर ने दूसरे प्रयास में किया क्वालीफाई

नीरज ने लगातार 5वीं ग्लोबल चैंपियनशिप में ऐसा किया जब फाइनल के लिए क्वालीफाई करने के लिए उन्हें सिर्फ एक प्रयास की जरूरत पड़ी। इससे पहले वह 2021 ओलंपिक, 2022 वर्ल्ड चैंपियनशिप, 2023 वर्ल्ड चैंपियनशिप और 2024 ओलंपिक में ऐसा कमाल कर चुके हैं। नीरज चोपड़ा पर अब फाइनल में लगातार दूसरी बार इतिहास रचने पर निगाहें लगी होंगी। नीरज के अलावा जर्मनी के जूलियन वेबर ने 87.21 मीटर थ्रो के साथ फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। उन्होंने दूसरे प्रयास में फाइनल का टिकट हासिल किया।

## भारत-ऑस्ट्रेलिया वनडे सीरीज

# गरजा स्मृति का बल्ला, 77 गेंद में शतक ठोककर रचा इतिहास



एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़

ऑस्ट्रेलियाई टीम भारत में महिला टीम इंडिया के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज खेल रही है।

इसके पहले मैच में फिफ्टी जड़ने वाली सलामी बल्लेबाज स्मृति मांधना ने दूसरे मैच में धमाल मचाया और 77 गेंद में वनडे करियर का 12वां शतक ठोका। इसके चलते महिला वनडे क्रिकेट इतिहास में सबसे अधिक शतक जमाने वाली मांधना तीसरी बैटर बनी।

- महिला वनडे क्रिकेट इतिहास में सबसे अधिक शतक जमाने वाली तीसरी बैटर बनी मांधना

### मांधना-प्रतीका के बीच 70 रनों की साझेदारी

न्यू चंडीगढ़ के मैदान में ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एलिसा हीली ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। इसका फायदा महिला टीम इंडिया की ओपनर स्मृति मांधना ने उठाया। मांधना ने एक छोर संभाले रखा और प्रतीका रावल के साथ मिलकर 70 रनों की साझेदारी निभाई। तभी रावल 32 गेंद में चार चौके से 25 रन बनाकर चलती बनी। लेकिन इसके बाद हरलीन देओल (10) और हरमनप्रीत कौर (17) जहां कुछ नहीं कर सकी तो स्मृति ने बल्ले से जवाब देना जारी रखा।

## चाइना मास्टर्स

# सात्विक-चिराग की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में, लक्ष्य हारकर बाहर



एजेंसी ▶▶| शेनजेन

सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी चाइना मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई जबकि लक्ष्य सेन पहले दौर में हारकर बाहर हो गए। पिछले सप्ताह हांगकांग ओपन में उपविजेता रहे सात्विक और चिराग ने मलेशिया के जुनैदी आरिफ और रॉय किंग याप को 42 मिनट में 24-22, 21-13 से हराया।

- मलेशिया के आरिफ और याप को 42 मिनट में हराया

### पुरुष एकल में भारतीय चुनौती समाप्त

वहीं हांगकांग ओपन फाइनल में हारने वाले लक्ष्य टोमा जूनियर पोपोव से 30 मिनट तक चले मुकाबले में 11-21, 10-21 से हार गए। इसके साथ ही पुरुष एकल वर्ग में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई चूंकि आयुष शेट्टी पहले ही दौर में हार गए थे। ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो की जोड़ी मिश्रित युगल में दूसरी वरीयता प्राप्त चीन के फेंग यान झे और हुआंग डोंग पिंग से 19-21, 13-21 से हार गई। महिला एकल में पीवी सिंधू प्री क्वार्टर फाइनल में छठी वरीयता प्राप्त थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग से खेलेंगी।

### आस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे से बाहर जेमिमा



**मुल्लांपुर।** भारतीय बल्लेबाज जेमिमा रौड्रिग्स वायरल बुखार के कारण आस्ट्रेलिया के खिलाफ बाकी दो महिला वनडे मैच नहीं खेल सकेंगी, जिनकी जगह तेजल हसबनिस को टीम में शामिल किया गया है। रौड्रिग्स 30 सितंबर से शुरू हो रहे विश्व कप से पहले फिट हो जाएंगी। बीसीसीआई ने एक बयान में कहा,' महिला चयन समिति ने जेमिमा रौड्रिग्स के विकल्प के तौर पर तेजल हसबनिस को टीम में शामिल किया है।

### एशिया कप का बहिष्कार नहीं करेगा पाकिस्तान

**दुबई।** पाकिस्तान ने एशिया कप के बहिष्कार की धमकी वापिस ले ली है लेकिन मैच रैफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट को लेकर उसका ऐतराज बरकरार है और पीसीबी ने टीम के बाकी मैचों में जिम्बाब्वे के इस मैच रैफरी की जगह रिची रिचर्डसन को जिम्मेदारी देने की मांग की है। समझा जाता है कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने आईसीसी को एक और ईमेल लिखकर पाइक्रॉफ्ट को उसके सारे मैचों से हटाने की मांग की है, जिसे अभी तक आईसीसी ने माना नहीं है। पाइक्रॉफ्ट को पाकिस्तान और यूएई के बीच आज शाम को होने वाले मैच में भी रैफरिंग करनी है। विवाद की शुरुआत तब हुई जब कप्तान सूर्यकुमार यादव समेत भारतीय टीम ने रविवार को मैच के बाद पाकिस्तानी टीम से हाथ नहीं मिलाया। इसके बाद पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा मैच के बाद पुरस्कार समारोह में नहीं आए।



# पाकिस्तान ने यूएई को 41 रन से हराया, शाहीन-हारिस और अबरार को दो-दो विकेट मिले

एजेंसी ▶▶| दुबई

पाकिस्तान ने एशिया कप 2025 के सुपर-4 जगह बना ली है। टीम ने बुधवार को अपने आखिरी लीग मैच में यूएई पर 41 रन की जीत हासिल की। अब पाकिस्तान का अगला मुकाबला सुपर-4 स्टेज में भारतीय टीम से 21 सितंबर को होगा।

दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में 147 रन का टारगेट चेज कर रही यूएई की टीम 17.5 ओवर में 105 रन पर ऑलआउट हो गई है। राहुल चोपड़ा ने सबसे ज्यादा 35 रन बनाए। शाहीन शाह अफरीदी, हारिस रऊफ और अबरार अहमद को 2-2 विकेट मिले। यूएई के कप्तान मोहम्मद वसीम ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। पाकिस्तान ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 146 रन बनाए। शाहीन शाह अफरीदी ने 14 बॉल पर नाबाद 29 रन की पारी खेली। फखर जमान ने 50 रन, कप्तान सलमान आगा ने 20 रन और विकेटकीपर मोहम्मद हारिस ने 18 रन का योगदान दिया। जुनैद सिद्दिकी ने 4 विकेट झटके। सिमरनजीत सिंह ने 3 विकेट झटके। मैच का स्कोरबोर्ड पाकिस्तानः सलमान



आगा (कप्तान), साहिबजादा फरहान, सईम अयूब, मोहम्मद हारिस (विकेटकीपर), फखर जमान, हसन नवाज, मोहम्मद नवाज, खुशदिल शाह, शाहीन अफरीदी, हारिस रऊफ और अबरार अहमद। यूएई मोहम्मद वसीम (कप्तान), अलीशान शराफू, आसिफ खान, मुहम्मद जोहैब, हर्षित कौशिक, राहुल चोपड़ा (विकेटकीपर), ध्रुव पाराशर, हैदर अली, मुहम्मद रोहिद खान, सिमरनजीत सिंह और जुनैद सिद्दकी। एक घंटे देरी से शुरू हुआ मैच यह मैच एक घंटे देरी से शुरू हुआ, क्योंकि पाकिस्तानी टीम समय पर स्टेडियम नहीं पहुंची। 14 सितंबर को हैंडशेक विवाद के बाद मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट को हटाने की मांग पर अड़े पाकिस्तानी क्रिकेट बोर्ड ने अपनी टीम को होटल में ही रोक दिया था।

## चैंपियंस लीग फुटबॉल : मैड्रिड ने मार्सिले को 2-1 से हराया

# 200 मैच जीतने वाली पहली टीम बनी रीयाल मैड्रिड

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

काइलियान एमबाप्पे ने पेनल्टी पर दो गोल दागे, जिससे 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे रीयाल मैड्रिड ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए चैंपियंस लीग फुटबॉल के पहले दिन मार्सिले को 2-1 से हराया। इस जीत का मतलब है कि 15 बार का चैंपियन मैड्रिड 1990 के दशक की शुरुआत में प्रतियोगिता को नए सिरे से पेश किए जाने के बाद 200 जीत तक पहुंचने वाली पहली टीम बन गई।

मैड्रिड के पूर्व खिलाड़ी जाबी अलोंसो ने इसके साथ क्लब के कोच के रूप में अपने चैंपियन्स लीग पदार्पण में जीत के साथ आगाज किया। टिमोथी वीह ने शुरुआत में ही मार्सिले को बढ़त दिला दी लेकिन एमबाप्पे ने 29वें और 81वें मिनट में पेनल्टी पर गोल करके अपनी टीम को जीत दिला दी। एमबाप्पे के अब मैड्रिड के लिए 64 मैच में 50 गोल हो गए हैं। टोटेनहैम ने गोलकीपर लुईज जूनियर के आत्मघाती गोल से विलारीयाल को 1-0 से हराया।



तूरिन में बोरुसिया डोर्टमंड और यूवेंटस ने 4-4 से ड्रॉ खेला जबकि काराबेग ने दो गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए बेनफिका को 3-2 से हराया। आर्सेनल ने एथलेटिक बिलबाओ को 2-0 से हराया जबकि टूर्नामेंट में पदार्पण कर रहे बेल्जियम के यूनियन सेंट गिलोइसो ने पीएसवी आइंडहोवेन को 3-1 से शिकस्त दी।

### गोलकीपर को मारी टक्कर कार्वाजल को लाल कार्ड

चैंपियन्स लीग के मैच में मार्सिले के गोलकीपर गेरोनिमो रुली को सिर से टक्कर मारने के बाद रीयाल मैड्रिड के अनुभवी डिफेंडर दानी कार्वाजल को लाल कार्ड दिखाकर मैदान से बाहर भेज दिया गया। मैड्रिड के कॉर्नर किक लेने से पहले कार्वाजल और रुली के बीच बहस हो रही थी और तभी डिफेंडर गोलकीपर के करीब गया और उसके चेहरे पर अपना सिर दे मारा। रैफरी ने कार्वाजल की हरकत नहीं देखी लेकिन मार्सिले के खिलाड़ियों ने तुरंत शिकायत की। वीडियो रिव्यु देखने के बाद रैफरी ने 72वें मिनट में कार्वाजल को लाल कार्ड दिखाया। उस समय मैड्रिड के कप्तान कार्वाजल चोटिल ट्रेंट अलेक्जेंडर-अर्नोल्ड की जगह लेने के लिए पांचवें मिनट में मैच में उतरे थे। घटना के समय मैच 1-1 से बराबरी पर था।

# कला की बहुरंगी दुनिया का जीवंत उदाहरण बना कला शिविर

## भारत भवन में सेवा पर्व विकसित भारत थीम पर आधारित कला शिविर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारत भवन के आंगन में बुधवार से कला का एक नया उत्सव प्रारंभ हुआ। 'विकसित भारत के रंग कला के संग' कार्यक्रम की श्रृंखला के अंतर्गत चित्रकला एवं सिरेमिक कला शिविर का शुभारंभ हुआ। 23 सितंबर तक जारी इस शिविर में प्रदेश भर से 15 प्रतिभाशाली कलाकारों ने हिस्सा लिया और अपनी रचनात्मकता और कल्पनाशक्ति का परिचय दिया। उद्घाटन समारोह में भारत भवन के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी प्रेम शंकर शुक्ल ने कहा कि 23 सितंबर तक चलने वाले कला शिविर के उपरांत शिविर में निर्मित चित्रों की प्रदर्शनी 26 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक आम दर्शकों के लिए प्रदर्शित की जाएगी। यह प्रदर्शनी कला प्रेमियों के लिए एक अवसर होगी जिसमें वे कलाकारों की विविध दृष्टियों और रंगों से सजी सृजनात्मक कृतियों का अवलोकन कर सकेंगे।






### सामूहिक सृजन की प्रेरणा

शुभारंभ के अवसर पर उपस्थित सभी कलाकारों ने एक कैनवास पर अपनी कला का रंग बिखेरते हुए सामूहिक सृजन की प्रेरणा को अभिव्यक्त किया। यह प्रतीकात्मक पहल कला के माध्यम से एकता, संवाद और सह-अस्तित्व का संदेश देती है। एक ही कैनवास पर विभिन्न शैलियों, रंगों और विचारों का समावेश कला की बहुरंगी दुनिया का जीवंत उदाहरण बन गया। शिविर में वरिष्ठ और उदीयमान कलाकारों का यह संगम विविधता से परिपूर्ण है। शोभा घारे, भूरी बाई, दुर्गा बाई, अजय शुक्ला, आलोक भावसार, हरिकांत दुबे, संजू जैन, विनय सप्रे सहित अन्य प्रतिभाशाली कलाकारों ने शिविर में सहभागिता की।



## खबर संक्षेप

### महान पार्श्व गायिका लता मंगेशकर सुगम संगीत प्रतियोगिता 24 को



**भोपाल।** सेवा पर्व पखवाड़ा के अन्तर्गत महान पार्श्व गायिका लता मंगेशकर सुगम संगीत प्रतियोगिता वर्ष 2025-26 का आयोजन 17 से 25 सितम्बर के मध्य किया जा रहा है। इसी क्रम में उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत एवं कला अकादमी, भोपाल द्वारा मप्र जनजातीय संग्रहालय में 24 सितंबर को भोपाल में संभाग स्तरीय सुगम संगीत प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में दो आयु वर्ग जूनियर 8 से 15 वर्ष एवं सीनियर 16 से 25 वर्ष की श्रेणियां हैं। इस प्रतियोगिता में भाग लेने आवेदन पत्र एवं संबंधि जानकारी अकादमी की बेवसाइट पर उपलब्ध है। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 22 सितंबर, सायं 5 बजे तक निर्धारित की है। केवल भोपाल संभाग के प्रतिभागी अपने आवेदन पत्र ऑनलाइन ई-मेल पर अथवा शासकीय कार्य दिवसों में अकादमी कार्यालय आकर जमा कर सकते हैं।

### आकाशवाणी में एक्सपेरिमेंटल लर्निंग प्रोग्राम का उद्घाटन



**भोपाल।** आकाशवाणी भोपाल द्वारा आयोजित एक्सपेरिमेंटल लर्निंग प्रोग्राम का उद्घाटन समारोह बुधवार को आकाशवाणी भोपाल में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मध्य प्रदेश सरकार के सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। समारोह में उप महानिदेशक (अभियांत्रिकी) एवं कार्यालय प्रमुख यशवंत एच. चिवंडे, कार्यक्रम अधिकारी एवं कार्यक्रम प्रमुख राजेश भट सहित बड़ी संख्या में आमंत्रित सदस्य मौजूद थे।

### रोटरी क्लब भोपाल स्मार्ट सिटी का शिक्षक सम्मान एवं क्लब मीटिंग आयोजित



**भोपाल।** रोटरी क्लब भोपाल स्मार्ट सिटी द्वारा एक निजी रिजॉर्ट में क्लब मीटिंग एवं शिक्षक सम्मान का आयोजन किया गया। मीटिंग का शुभारंभ डीजी शुशील मल्होत्रा एवं डीजीएन मुकेश साहू ने किया। क्लब के प्रेसिडेंट असीम जिंदल के द्वारा सितम्बर में किया जाने वाले नेक कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया एवं क्लब सदस्यों को संकल्पित किया गया की सामाजिक कार्य, जनता की सेवा ओर रोटरी के संकल्पों को क्लब सदा ही पूरा करता रहेगा।

फैशन इंडस्ट्री में बढ़ रहा कंप्यूटर एडेड डिजाइन, इलस्ट्रेटर और प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी का प्रयोग

# प्रयोगों के आधार पर 'फैशन' जो बना पारंपरिक कला और आधुनिक तकनीक का संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

फैशन को अक्सर केवल कपड़ों, मेकअप, एक्सेसरीज या हेयरस्टाइल तक ही सीमित रखा जाता है। लेकिन वास्तविकता में फैशन का क्षेत्र इससे कहीं ज्यादा व्यापक और विशाल है। आधुनिक समय में फैशन रचनात्मकता, नवाचार और आत्मविकास के द्वार भी खोलता है। इस क्षेत्र में शामिल होने वाला विद्यार्थी केवल एक विषय तक ही सीमित नहीं है, बल्कि वह एक ऐसे संसार में कदम रखता है जो अनगिनत कौशल और संभावनाओं से भरा हुआ है।



वास्तविकता में फैशन का क्षेत्र व्यापक और विशाल है, आधुनिक समय में फैशन रचनात्मकता, नवाचार और आत्मविकास के द्वार खोलता है।





### स्केचिंग, इलस्ट्रेशन रंग भरना तक सीमित नहीं फैशन

फैशन डिजाइनर डॉ विशाखा श्रीवास्तव ने कहा कि फैशन एक ऐसा नाम है जो हर मौसम, हर अवसर के हिसाब से बदलता रहता है, जिसमें पहले के जमाने में स्केचिंग, इलस्ट्रेशन, रंग भरना, पेंटिंग, कढ़ाई, सिलाई और ड्रेस डिजाइनिंग ही शामिल थी लेकिन अब इसका क्षेत्र इतना विशाल हो गया है कि इसमें टेक्नोलॉजी का भी प्रयोग बढ़ने लगा है। क्योंकि अब फैशन के इस व्यापक रुप में कंप्यूटर एडेड डिजाइनिंग, फोटोशॉप, इलस्ट्रेटर और प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी का भी प्रयोग होने लगा है जिसे इसे हम प्रयोगों के आधार पर फैशन कह सकते हैं। जो एक प्रकार से पारंपरिक कला और आधुनिक तकनीक दोनों का संगम बन चुका है।

### पहचान बनाने, कॅरियर गढ़ने, अपनी इंडस्ट्री खड़ी करने का माध्यम बना फैशन

विशाखा ने कहा कि पहले कहा जाता था कि बच्चों को केवल डॉक्टर या इंजीनियर बनना चाहिए, लेकिन आज के समय में ऐसे विषयों की आवश्यकता है जो व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाएं और साथ ही दूसरों को भी काम देने का अवसर प्रदान करें, लेकिन अब फैशन एक ऐसा क्षेत्र बन चुका है, जो केवल कपड़े बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि पहचान बनाने, करियर गढ़ने और कभी-कभी अपनी एक अलग इंडस्ट्री खड़ी करने का माध्यम भी है। कॅरियर आप्शन में भी फैशन स्टूडेंट्स स्टाइलिस्ट, कॉस्ट्यूम डिजाइनर, फैशन उद्यमी, शोधकर्ता बन सकते हैं साथ ही डिजाइनिंग और क्रिएटिविटी से संबंधित अनेकों प्रतियोगी परीक्षा में जाकर अपना करियर को नई ऊंचाइयां दे सकते हैं।





भोपाल की निकिता ग्रेगरी देंगी भुज में गरबा गीतों की अनूठी प्रस्तुति

# सिर्फ नृत्य ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक अभिव्यक्ति का स्वरूप है 'गरबा'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हरिभूमि चर्चा



शहर की चर्चित गायिका निकिता ग्रेगरी गुजरात के भुज में गरबा महोत्सव के दौरान अपनी सुरों की छटा बिखेरती नजर आएंगी। यह आयोजन 21 सितंबर से 1 अक्टूबर तक चलेगा, जिसमें निकिता लगातार 11 दिनों तक गरबा गीतों की लाइव प्रस्तुति देंगी। इस विशेष प्रस्तुति में उनके साथ बॉलीवुड के प्रसिद्ध म्यूजिशियन भी शामिल होंगे, जो कार्यक्रम को और भी आकर्षक बनाएंगे। निकिता ने अपने साथियों के साथ महोत्सव का अभ्यास शुरू कर दिया है और प्रस्तुति की योजना को अंतिम रूप देने में जुटी हुई हैं।

निकिता ने बताया कि भुज में गरबा महोत्सव को लेकर लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिलता है। दो वर्ष पहले भी उन्हें यहां प्रस्तुति देने का अवसर मिला था, जिससे उन्हें स्थानीय संस्कृति और संगीत की धड़कनों को समझने का मौका मिला। इस बार वे और अधिक प्रभावशाली प्रस्तुति देने की तैयारी कर रही हैं। गीतों के चयन में उन्होंने ऑडियंस की पसंद, स्थानीय परंपराओं और गरबा की विशिष्टता का ध्यान रखा है। निकिता कहती हैं कि गरबा सिर्फ एक नृत्य नहीं, बल्कि सांस्कृतिक अभिव्यक्ति है, जिसे गीतों के माध्यम से और प्रभावी बनाया जा सकता है।

### परिवार से मिली प्रेरणा से संगीत से जुड़ी

संगीत का यह सफर निकिता के लिए आसान नहीं था, बल्कि यह उन्हें परिवार से मिली प्रेरणा का परिणाम है। मूलतः जबलपुर में जन्मी निकिता बताती हैं कि उनके माता-पिता दोनों ही संगीत से जुड़े रहे हैं। बचपन में वे कई बार माता-पिता के शो में जाकर उनकी प्रस्तुतियां सुनती थीं। 2014 में जी-मध्य भारत की आवाज प्रतियोगिता में विजेता रहीं निकिता ने कहा कि घर पर रिहर्सल के समय मैं चुपचाप बैठकर माता पिता के सुरों को आत्मसात करतीं। धीरे-धीरे माता-पिता ने उनके गायन में रुचि देख उन्हें संगीत से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। इस प्रकार संगीत उनके लिए विरासत बन गया, जिसे वे सहेजते हुए आगे बढ़ रही हैं।

यंगशाला की पांच दिवसीय नुक्कड़ नाटक कार्यशाला संपन्न

# बाल लैंगिक शोषण और मानसिक स्वास्थ्य को समझने की दिशा में संवाद रचने की पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

यंगशाला और दिल्ली के सुप्रसिद्ध नाट्य समूह कशमकश ने पांच दिनी नुक्कड़ नाटक कार्यशाला संपन्न की। इस कार्यशाला में प्रतिभागियों ने नुक्कड़ नाटक की बारीकियों को समझा, शरीर और आवाज के प्रयोग की विभिन्न गतिविधियां, झिझक मिटाने और मन-शरीर के संबंध को महसूस करने वाले अभ्यासों के माध्यम से आत्मविश्वास को मजबूत किया। प्रतिभागियों ने आम जन को जागरूक करने और कठिन मुद्दों पर संवाद करने की कला की बारीकियों को भी समझा। इस अवसर पर यंगशाला की संस्थापक, रोली शिवहरे ने कहा कि आज भी जागरुकता के पारंपरिक माध्यम उतने ही प्रभावी हैं, जितने कि बरसों पहले थे। उन्होंने कहा कि हमने इस कार्यशाला के माध्यम से दो गंभीर और संवेदनशील विषयों जैसे बाल लैंगिक शोषण और मानसिक स्वास्थ्य को समझने और उन पर संवाद रचने की दिशा में एक पहल की है।



चेतना राष्ट्रीय नाट्य समारोह में नाटक 'कैक्टस फ्लावर' का मंचन

# अपने आसपास बिखरे संबंधों के महत्व पर सोचने को मजबूर करता 'कैक्टस फ्लावर'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

चेतना रंग समूह द्वारा आयोजित राष्ट्रीय नाट्य समारोह के अंतिम दिन नाटक 'कैक्टस फ्लावर' का मंचन किया गया। चेतना टैरेस थिएटर में मंचित इस नाटक के लेखक येब बरोस हैं और इसका निर्देशन राजीव वर्मा ने किया। नाटक में मुख्य रूप से जीवन के गहरे और सार्थक पहलुओं को उजागर किया गया।



### नाटक की कहानी

कैक्टस फ्लॉवर की कहानी एक दिलफेंक इंसान के इर्द-गिर्द घूमती है, जो आजाद पंछी की तरह स्वच्छंद जीवन जीना चाहता है। वह मदमस्त भौंरे की तरह कभी इस फूल पर तो कभी उस फूल पर मंडराता रहता है। दिलफेंक लोग कभी-कभी प्यार के खेल में अपने ही बुने जाल में फंस जाते हैं। दूसरी ओर, कुछ लोग कैक्टस के पौधे की तरह होते हैं, जो विषम परिस्थितियों में अपने शरीर पर उगे कांटों के साथ डटे रहते हैं। उन्हें अपने संघर्ष भरे जीवन में एक खूबसूरत फूल के खिलने का इंतजार रहता है। प्रेम की यही विडंबना है और इसी भटकाव और परिस्थिति जन्य घटनाओं से उत्पन्न हुआ यह हास्य नाटक दर्शकों को गुदगुदाता है और हमें अपने आसपास बिखरे संबंधों के महत्व पर सोचने को मजबूर भी करता है।

हिंदी ने जनभाषा से राजभाषा तक की यात्रा तय की: प्रो. सिंह

# भेल कॉलेज में हिंदी उत्सव का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हिंदी हमारे स्वाभिमान, जीवन मूल्यों, व्यवहार और साहित्य की भाषा है। भाषा का विकास व्यक्तियों द्वारा नहीं होता, बल्कि भाषा स्वयं विकसित होती है। हिंदी ने जनभाषा से राजभाषा तक की यात्रा तय की है।

हिन्दी का राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य उज्ज्वल है.... यह विचार मुख्य वक्ता प्रो. उमेश कुमार सिंह ने भेल कॉलेज में हिंदी उत्सव के शुभारंभ अवसर पर कहे। तीन दिवसीय हिंदी उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. उमेश सिंह, कवि मनीष बादल, न्यास से आए बीएस रावत और प्राचार्य डॉ. संजय जैन उपस्थित रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय जैन ने कहा कि हिंदी निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। न्याय, विज्ञान, कला, संस्कृति, विज्ञापन और विधि की भाषा हिंदी बन चुकी है। हिंदी का राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य विषय पर संगोष्ठी में मनन दीक्षित, स्वीटी अहिरवार और अदिति चौधरी ने हिंदी के नए परिदृश्य पर अपने मौलिक विचार व्यक्त किए।






भोपाल स्टोरी टेलर्स क्लब का ग्रैंड रीलॉन्च भोजपुर क्लब में हुआ आयोजित

# जल संकट से जूझते खंडवा जिले के कई गांव में कराया कुओं और तालाबों का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जब 90 के दशक में मेरी पोस्टिंग खंडवा जिले के पंचायत सीईओ के रूप में हुई तो वहां सबसे बड़ी समस्या जल की थी, लोग 20 किमी पैदल चल कर पानी लाते, ऐसे में मेरे प्रयासों से खंडवा में 1400 कुओं और तालाब का निर्माण कराया। यह कहना है 1992 बैच के आईपीएस अधिकारी एवं पूर्व अतिरिक्त डीजीपी, राजेश गुप्ता का, जो बुधवार को भोजपुर क्लब में आयोजित ग्रैंड रीलॉन्च में मुख्य वक्ता के रूप में बोल रहे थे।





### एआई कभी कहानीकार की जगह नहीं ले सकता

क्लब की अध्यक्ष ज्योति पांडे ने कहा हम इंसान कहानियों से बने हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सब कुछ बदल सकता है, लेकिन एक कहानीकार की जगह कभी नहीं ले सकता।

### ससुराल वालों के सहयोग से बनी भारत की पहली महिला पर्यटक

रेखा चोपड़ा, भारत की पहली महिला पर्यटक मार्गदर्शक ने 1988 से अपनी यात्रा साझा की। उन्होंने बताया कि कैसे ससुराल वालों के सहयोग से उन्होंने इस असामान्य पेशे को चुना और कई महिलाओं के लिए प्रेरणा बनीं।

### स्वामी विवेकानंद लाइब्रेरी बनाने की यात्रा की साझा

लक्ष्मी शरण शर्मा, वरिष्ठ शिक्षक, मेंटर और करियर काउंसलर, ने ब्रिटिश काउंसिल लाइब्रेरी से लेकर उसके स्वामी विवेकानंद लाइब्रेरी में परिवर्तन तक की यात्रा सुनाई।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930